


राष्ट्रीय दैनिक

# प्रात:किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़



/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran


11 टीम इंडिया ने सुपर ओवर में श्रीलंका को धोया, सीरीज की ...

कमला हैरिस का ट्रंप को बड़ा चैलेंज, क्या होगा रिपब्लिकन का ... 12

वर्ष : 12 | अंक : 111 | पटना, गुरुवार, 01 अगस्त, 2024 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

**मौसम**

अधिकतम तापमान 31°C

न्यूनतम तापमान 25.0°C

| | |
|---|---|
| हां | 30% |
| नहीं | 50% |
| कह नहीं सकते | 10% |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सोना | 59,340 |
| चांदी | 55,350 |
| सेंसेक्स | 63,327 |
| निफ्टी | 18,816 |

## कोचिंग के संचालन में सुरक्षा मानकों का अनुपालन करना अनिवार्य

# कोचिंग संस्थानों की नये सिरे से होगी जांच

## शिक्षा विभाग के मुख्य सचिव एस सिद्धार्थ ने दिये निर्देश



प्रात : किरण

पटना/एजेंसी। दिल्ली में एक कोचिंग सेंटर के बेसमेंट में पानी भरने से सिविल सेवा के तीन अभ्यर्थियों की मौत के बाद बिहार शिक्षा विभाग ने बुधवार को राज्य भर के कोचिंग संस्थानों की नये सिरे से जांच के लिए निर्देश जारी किए।बिहार के शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव एस सिद्धार्थ ने कहा कि बिहार कोचिंग संस्थान (नियंत्रण और विनियमन) नियमावली के तहत नियमों में भी सुधार किया जा रहा है। सिद्धार्थ ने बुधवार को कहा, राज्य के सभी जिलाधिकारियों को अपने-अपने जिलों में कोचिंग संस्थानों द्वारा नियमों का सख्ती से अनुपालन सुनिश्चित करना चाहिए। उन्हें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उन केंद्रों के खिलाफ कार्रवाई शुरू की जाए, जो मौजूदा मानदंडों का पालन नहीं करते हैं। कोचिंग संस्थानों को निर्धारित मानकों के अनुसार विद्यार्थियों को सुविधाएं प्रदान करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इसके अलावा, शिक्षा विभाग ने मानदंडों के बेहतर अनुपालन के लिए दिशा-निर्देशों को और भी बेहतर बनाने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी है। सिद्धार्थ ने कहा, बिहार कोचिंग संस्थान नियंत्रण और विनियमन अधिनियम, 2010 की प्रासंगिक धाराओं के तहत शक्तियों का उपयोग कर नये दिशा-निर्देश तैयार किए जाएंगे। इस बीच, पटना में जिला प्रशासन ने उन सभी कोचिंग संस्थानों की जांच का आदेश दिया, जो मानदंडों का उल्लंघन कर संचालित किये जा रहे हैं।

### विद्यार्थियों की सुरक्षा सर्वोपरि : डीएम

पटना के जिलाधिकारी चंद्रशेखर सिंह ने बुधवार को कहा कि दिल्ली की घटना को ध्यान में रखते हुए पटना में जिला प्रशासन ने सभी अनुमंडलों के संबंधित अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में चल रहे सभी कोचिंग संस्थानों के दस्तावेजों को सत्यापित करने का निर्देश दिया है। कोचिंग संस्थानों के मालिकों की बैठक में उनसे कहा गया कि प्रशासन के लिए विद्यार्थियों की सुरक्षा सर्वोपरि है। यह सभी स्टेकहोल्डर्स यथा कोचिंग संचालकों, पदाधिकारियों तथा अभिभावकों की सम्मिलित जिम्मेदारी है। कोचिंग के संचालन में सुरक्षा मानकों का अक्षरशः अनुपालन किया जाए। प्रवेश एवं निकास द्वार की अवरोधमुक्त व्यवस्था हर हाल में रहनी चाहिए। कोचिंग संस्थानों में प्रकाश की समुचित व्यवस्था रहनी चाहिए। बिल्डिंग बायलॉज का अनुपालन सुनिश्चित करना अनिवार्य है। फायर एक्जिट एवं आकस्मिक स्थिति से निपटने की सुदृढ़ व्यवस्था रहनी चाहिए। डीएम डॉ. सिंह ने कहा कि कोचिंग संस्थानों का विधिवत निबंधन एवं प्रावधानों के अनुसार नवीनीकरण कराना अनिवार्य है। उनकी सुविधा को ध्यान में रखते हुए जिला शिक्षा पदाधिकारी को निदेश दिया गया है कि कोचिंग संस्थानों के निबंधन संबंधी लंबित आवेदनों को दो सप्ताह में निष्पादित करते हुए फ्रेश आवेदनों को निर्धारित समय-सीमा के अंदर निष्पादन सुनिश्चित करें। जिन-जिन संस्थानों द्वारा निबंधन नहीं कराया गया है उन्हें इसके लिए शीघ्र आवेदन समर्पित करने का निदेश दिया गया। साथ ही कोचिंग संचालन हेतु मानकों का सम्पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए संचालकों को एक महीना का समय दिया गया है। बैठक में स्पष्ट किया गया कि जिला प्रशासन द्वारा किसी भी कोचिंग संस्थान को सील नहीं किया गया है।

### खान सर की कोचिंग में प्रशासन ने की जांच

पटना। जिले के एसडीएम श्रीकांत कुंडलिक खांडेकर ने भी इसी सिलसिले में खान सर की कोचिंग सेंटर, जीएस रिसर्च सेंटर, की जांच की। सेंटर पर पहुंचने के बाद अधिकारियों ने पाया कि वहां स्थिति काफी असामान्य थी। खान सर के कर्मचारी एसडीएम को क्लासरूम दिखाने में ढिलाई बरत रहे थे और उन्हें सीढ़ियों से ऊपर-नीचे घुमाते रहे, लेकिन क्लासरूम की सही जानकारी नहीं दी गई। जब एसडीएम ने खान सर को खोजने की कोशिश की, तो उनके कर्मचारी उन्हें इधर-उधर घुमा रहे थे। मीडिया को देखकर खान सर थोड़े असहज हो गए और उन्होंने मीडिया को अपने कमरे से बाहर कर दिया। इसके बाद, मीडिया से बात की और बताया कि खान सर ने सभी दस्तावेज दिखाने के लिए एक दिन का समय मांगा है। खान सर कल सभी आवश्यक दस्तावेज दफ्तर में पेश करेंगे।

जांच में 30 कोचिंग सेंटरों का दौरा किया गया। जांच के दौरान यह पाया गया कि कई कोचिंग सेंटरों में अधिक छात्रों के लिए सीमित जगह है और कई संस्थानों का रजिस्ट्रेशन भी नहीं है। इसके अलावा, कुछ जगहों पर आग से सुरक्षा का कोई सिस्टम नहीं था और फायर एनओसी भी अनुपस्थित थी।

## सेना ने राहत एवं बचाव कार्य चलाकर एक हजार प्रभावित नागरिकों को बचाया

# वायनाड : प्रभावित क्षेत्रों में तीनों सेनाओं ने संभाला मोर्चा

## भूस्खलन से मरने वालों की संख्या बढ़कर 162 हुई

प्रात : किरण



नई दिल्ली। केरल के वायनाड में भूस्खलन के दूसरे दिन बुधवार को प्रभावित क्षेत्रों में तीनों सेनाओं ने पूरी तरह से मोर्चा संभाल लिया है। सेना ने मानव निर्मित पुल और मानवीय प्रयासों का उपयोग करके अब तक एक हजार नागरिकों को बचाया है। वायु सेना के हेलीकॉप्टरों ने भी अभियान चलाकर जमीन की संकरी पट्टी में फंसे लोगों को एयरलिफ्ट किया है। नौसेना और भारतीय तटरक्षक बल ने भी वायनाड में चिकित्सा दल और आपदा राहत टीम भेजी हैं।

सेना की टुकड़ियों ने अब तक लगभग 70 शव बरामद किए हैं। वायनाड में बचाव अभियान के लिए 23 मराठा रेजिमेंट के 130 सैनिक बचाव प्रयासों में सहायता के लिए त्रिवेंद्रम से वायनाड पहुंच गए हैं। सेना की 122 इन्फेंट्री बटालियन के सैनिकों ने फंसे हुए नागरिकों को निकाला, जबकि प्रादेशिक सेना और डीएससी सेंटर ने संयुक्त बचाव अभियान में वनरानी चाय बागान में फंसे मध्य प्रदेश के 19 श्रमिकों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया है।

### भूस्खलन से मरने वालों की संख्या बढ़कर 162 हुई, 91 लापता

वायनाड। केरल के वायनाड जिले में भूस्खलन में मरने वालों की संख्या बुधवार को बढ़कर 162 हो गई तथा 91 लोग अब भी लापता हैं। अधिकारियों ने बताया कि मंगलवार सुबह मेप्पाडी के वेल्लारीमाला गांव के मुंडक्कई और चूरमाला में भारी बारिश से हुए भीषण भूस्खलन के कारण कुल 191 लोग घायल हो गये। सभी घायलों को अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। इसके अलावा चूरमाला, अट्टामाला और मुंदक्कई और वेल्लारीमाला गांव का अधिकांश हिस्सा भूस्खलन में बह गया। मुंदक्कई पंचायत के सदस्य के बाबू ने कहा, अब भी कई लोगों के मलबे में फंसे होने का संदेह है।

### सरकार अलर्ट होती तो काफी कुछ बच सकता था : शाह

नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को राज्यसभा में कहा कि केरल में भूस्खलन की विनाशकारी घटना से सात दिन पहले ही राज्य सरकार को पूर्व चेतावनी दे दी गयी थी और 23 जुलाई को एनडीआरएफ की नौ टीमों को भी वहां रवाना कर दिया गया था किंतु राज्य सरकार यदि इन टीमों को देखकर भी अलर्ट हो गयी होती तो काफी कुछ बच सकता था। उच्च सदन में केरल के वायनाड जिले में विनाशकारी भूस्खलन के कारण उत्पन्न स्थिति के संबंध में लाए गए ध्यानाकर्षण प्रस्ताव पर विभिन्न दलों के सदस्यों द्वारा मांगे गये स्पष्टीकरणों का जवाब देते हुए शाह ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि 23 जुलाई को केरल सरकार को भारत सरकार की ओर से पूर्व चेतावनी दे दी गयी थी। भारी वर्षा, भूस्खलन की चेतावनी के साथ कहा गया था कि गाद भी बहकर नीचे आ सकता है, लोग इसके अंदर दबकर मर भी सकते हैं। उन्होंने कहा कि कुछ राज्य सरकारें ऐसी रही हैं जिन्होंने पूर्व में इस प्रकार की पूर्व चेतावनी पर काम करके इस तरह की आपदाओं में किसी को हताहत नहीं होने दिया। उन्होंने ओडिशा की पूर्ववर्ती सरकार को चक्रवात के बारे में सात दिन पहले दी गयी चेतावनी का उदाहरण दिया और कहा कि उस चक्रवात में केवल एक व्यक्ति की जान गई, वह भी गलती से। शाह ने कहा कि गुजरात को इसी प्रकार चक्रवात की तीन दिन पहले चेतावनी दे दी गयी और वहां एक पशु तक नहीं मरा।

## संक्षिप्त खबरें

### लोकसभा में भारतीय वायुयान विधेयक पेश

नई दिल्ली। सरकार ने बुधवार को लोकसभा में भारतीय वायुयान विधेयक, 2024 पेश किया जो 90 साल पुराने विमान अधिनियम की जगह लेगा तथा विमानन क्षेत्र के प्रमुख निकायों को ज्यादा शक्ति प्रदान करने वाला होगा। नागर विमानन मंत्री के. राम मोहन नायडू ने यह विधेयक सदन में पेश किया। रिवोल्यूशनरी सोशलिस्ट पार्टी (आरएसपी) के सांसद एनके प्रेमचंद्रन ने इस विधेयक का नाम सिर्फ हिंदी में होने को लेकर आपत्ति जताई और कहा कि यह संवैधानिक प्रावधानों का उल्लंघन है। इस पर नायडू ने कहा, हिंदी में नाम लेकर किसी संवैधानिक प्रावधान का उल्लंघन नहीं किया गया है। हम अपनी पहचान को लेकर आगे बढ़े हैं और इसमें कोई समस्या नहीं होनी चाहिए। मंत्री ने यह भी कहा कि पहले के अधिनियम में कुछ भ्रम थे उनको दूर करने के लिए विधेयक लाया गया है।

### यूपीएससी ने पूजा खेडकर की अनंतिम उम्मीदवारी रद्द की

नई दिल्ली। संघ लोक सेवा आयोग ने पूजा खेडकर की अनंतिम उम्मीदवारी को रद्द कर दिया। आयोग ने खेडकर पर भविष्य में होने वाली किसी भी परीक्षा में शामिल होने पर रोक लगा दी है। यूपीएससी ने बुधवार को एक बयान जारी कर कहा कि यूपीएससी द्वारा सिविल सेवा परीक्षा-2022 (सीएसई-2022) की अनंतिम रूप से अनुशंसित उम्मीदवार पूजा मनोरमा दिलीप खेडकर को 18 जुलाई को फर्जी पहचान बताकर परीक्षा नियमों में निर्धारित अनुमेय सीमा से अधिक बार प्रयास करने के लिए कारण बताओ नोटिस (एससीएन) जारी किया गया था।

## बुलेट ट्रेन की तकनीक पर तेजी से चल रहा है काम : वैष्णव

प्रात : किरण



नई दिल्ली/एजेंसी। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि बुलेट ट्रेन की परियोजना पर तेजी से काम चल रहा है और इसे स्वदेशी तकनीकी में ढाला जा रहा है तथा जैसे ही यह काम पूरा हो जाएगा, पूरे देश में वंदे भारत ट्रेन की तर्ज पर बुलेट ट्रेन का संचालन शुरू कर दिया जाएगा। श्री वैष्णव ने बुधवार को लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान एक पूरक प्रश्न के जवाब में कहा कि बुलेट ट्रेन परियोजना पर तेजी से काम चल रहा है और इसका बजट भी बढ़ा दिया गया है। इसे अत्याधुनिक तरीके से तैयार किया जा रहा है और कई जगह इसके लिए भूमि अधिग्रहण का काम भी किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश, बिहार और पश्चिम बंगाल के लिए बुलेट ट्रेन चलाने संबंधित सवाल पर उन्होंने कहा कि बुलेट ट्रेन का डिजाइन आत्मनिर्भर भारत में बनने लगा है और सरकार का सारा फोकस इस समय बुलेट ट्रेन की तकनीक हासिल करने पर है। जैसे ही तकनीक पर पूरी तरह से पकड़ हो जाएगी, पूरे देश में वंदे भारत ट्रेन की तरह बुलेट ट्रेन की पहुंच बढ़ा दी जायेगी।

## इस वक्त माहौल कांग्रेस के पक्ष में है, लापरवाह नहीं होना है : सोनिया

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। कांग्रेस संसदीय दल की बैठक बुधवार को नई दिल्ली के संविधान सदन में हुई। इस बैठक की अध्यक्षता सोनिया गांधी ने की। बैठक में कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी के साथ कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व पार्टी प्रमुख राहुल गांधी और अन्य वरिष्ठ नेता संविधान सदन के सेंट्रल हॉल में उपस्थित रहे। इस मौके पर मीडिया से बातचीत में सोनिया गांधी ने कहा कि अगर कांग्रेस आगामी विधानसभा चुनाव में अच्छा प्रदर्शन करती है तो राष्ट्रीय राजनीति में बदलाव आएगा। सोनिया गांधी ने आज पार्टी नेताओं को आगामी विधानसभा चुनावों के लिए जीत का मंत्र दिया। उन्होंने कहा कि इस वक्त माहौल कांग्रेस के पक्ष में है, लेकिन इस गति को बनाए रखना और लोकसभा चुनाव में पार्टी ने जो साख बनाई है, उसे बरकरार रखना बेहद जरूरी है। सोनिया ने कांग्रेस संसदीय दल की बैठक में कहा कि हमें बिल्कुल भी लापरवाह नहीं होना है। न ही हमें अति-आत्मविश्वास से भरना है। उन्होंने आगे कहा, मैं यह कह सकती हूं कि अगर हम अच्छा प्रदर्शन करेंगे तो लोकसभा चुनाव में जैसा माहौल दिखा उस आधार पर राष्ट्रीय राजनीति अब बदलने जा रही है। उन्होंने कांग्रेस संसदीय दल की बैठक में भारतीय जनता पार्टी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर तीखा प्रहार किया और आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार लोकसभा चुनाव में लगे झटके से सबक लेने के बजाय आज भी विभाजन और डर फैलाने की अपनी नीति पर कायम है।

## बीमा से जीएसटी हटाने की मांग को लेकर गडकरी ने निर्मला सीतारमण को लिखा पत्र

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को पत्र लिखा है। इस पत्र में लाइफ और मेडिकल इंश्योरेंस पर लगने वाले जीएसटी को हटाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि इससे बीमा कंपनियों पर आर्थिक बोझ कम होगा। उन्होंने अपने पत्र में कहा कि लाइफ इंश्योरेंस पर लगने वाले अप्रत्यक्ष कर जीवन की अनिश्चितता पर लगने वाले कर के समान हैं। अभी लाइफ और हेल्थ इंश्योरेंस पर 18 फीसदी के आसपास कर लगाया जाता है। गडकरी ने अपने पत्र में कहा, निर्मला सीतारमण जी नागपुर संभागीय जीवन बीमा निगम कर्मचारी संघ ने मुझे बीमा उद्योग से संबंधित मुद्दों के बारे में एक ज्ञापन सौंपा है और कहा है कि इसे मैं आपके सामने रखूं। संघ द्वारा उठाया गया मुख्य मुद्दा जीवन और चिकित्सा बीमा प्रीमियम पर जीएसटी वापस लेने से संबंधित है। जीवन बीमा और चिकित्सा बीमा प्रीमियम दोनों पर 18 प्रतिशत की जीएसटी लगती है। जीवन बीमा प्रीमियम पर जीएसटी लगाना जीवन की अनिश्चितताओं पर कर लगाने के समान है। उन्होंने आगे कहा, ह्लसंघ का मानना है कि जो व्यक्ति परिवार को कुछ सुरक्षा देने के लिए जीवन की अनिश्चितताओं के जोखिम को कवर करता है, उस पर इस जोखिम के खिलाफ कवर खरीदने के लिए प्रीमियम पर कर नहीं लगाया जाना चाहिए। इसी तरह, चिकित्सा बीमा प्रीमियम पर 18 फीसद जीएसटी व्यवसाय के इस क्षेत्र की वृद्धि में बाधक साबित हो रहा है, जो सामाजिक रूप से आवश्यक है, इसलिए उन्होंने जीएसटी को वापस लेने का आग्रह किया है। संघ ने जीवन बीमा के माध्यम से बचत के लिए विभेदक उपचार, स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम के लिए इनकम टैक्स कटौती को फिर से शुरू करने और सार्वजनिक क्षेत्र की सामान्य बीमा कंपनियों के एकीकरण से संबंधित मुद्दे भी उठाए हैं।

## सरकार की योजनाओं का पंचायत स्तर तक प्रचार-प्रसार हो : हजारी



- सूचना एवं जन-सम्पर्क विभाग के मंत्री ने क्षत्रीय पदाधिकारियों के साथ की बैठक
- मंत्री बोलें- योजनाओं के लाभ की जानकारी अंतिम पायदान के व्यक्ति तक पहुंचे

प्रात : किरण

पटना। सूचना एवं जन-सम्पर्क विभाग मंत्री महेश्वर हजारी ने साफ तौर पर कहा है कि सभी जिलों में पंचायत स्तर तक राज्य सरकार की योजनाओं का प्रचार-प्रसार सुनिश्चत हो, ताकि अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक राज्य सरकार की योजनाओं के लाभ की जानकारी पहुंचे। बुधवार को सूचना भवन में क्षेत्रीय पदाधिकारियों के साथ राज्य स्तरीय बैठक को संबोधित करते हुए मंत्री महेश्वर हजारी ने उपयुर्क्त बाते कहीं। बैठक में मंत्री ने कहा कि सरकार की सभी कल्याणकारी योजनाओं का होर्डिग्स, फ्लेक्स के जरिए प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करें ताकि अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक राज्य सरकार की योजनाओं के लाभ की जानकारी पहुंचे। मंत्री ने कहा कि पंचायत स्तर पर आरटीपीएस केन्द्रों, पंचायत सरकार भवनों, विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों, अंचल भवनों पर जहां आम लोग ज्यादा पहुंचते हैं, वहां होर्डिग्स व फ्लेक्स के जरिए सरकार की ज्यादा से ज्यादा योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया जाए क्योंकि यह विभाग सरकार का वास्तविक आइना है। मंत्री ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की जनता के लिए प्रतिबद्धता को इंगित करते हुए विभागीय पदाधिकारियों से योजनाओं के अधिकतम प्रचार-प्रसार के दायित्व को लक्षित करते हुए आज के सोशल मीडिया के दौर में सरकार की गतिविधियों के प्रचार-प्रसारार्थ भी अधिकारियों को निदेश देते हुए कहा कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर जानकारियां त्वरित प्रसारित होती है जिसका सकारात्मक लाभ उठाना चाहिए। बैठक के दौरान निदेशक अमित कुमार ने बैठक को प्रारंभ करते हुए एजेंडावार समीक्षा की। इसके तहत उन्होंने विशेषप्रचार तथा अन्यान्य विषयक राशि के व्यय, सोशल मीडिया गतिविधियाँ, होर्डिंग्स, फ्लेक्स की स्थिति, नुक्कड़-नाटक कराए जाने का सीडी तथा कैमरे द्वारा सत्यापन कराए जाने सहित यूथ आउटरीच प्रोग्राम के संबंध में भी विस्तृत निदेश दिए। इस अवसर पर सभी जिलों के क्षेत्रीय पदाधिकारियों सहित विभाग के वरीय पदाधिकारीगण उपस्थित थे।




## संक्षिप्त खबरें

### 15 रेलकर्मियों को किया गया समापक भुगतान

दानापुर खगौल रेल मंडल द्वारा 31 तारीख को सेवानिवृत्त हुए 15 रेलकर्मियों को 2 अधिकारी व 13 कर्मचारी को दानापुर, सभागार में समापक भुगतान एवं विदाई दिया गया। इसमें रेलसेवा से सेवानिवृत्त उपस्थित रेलकर्मचारियों को मंडल रेल प्रबंधक, दानापुर जयंत कुमार चौधरी द्वारा समापक भुगतान संबंधी दस्तावेज प्रदान किया गया एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित करते हुए भावभीनी विदाई दी गई।कार्यक्रम की शुरूआत वरीय मंडल कार्मिक अधिकारी द्वारा किया गया; जिन्होंने आज के समापक भुगतान का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया गया।मंडल रेल प्रबंधक, दानापुर ने अपने संबोधन में उपस्थित सेवानिवृत्त होने वाले रेल कर्मचारियों के सुखद, स्वस्थ एवं समृद्ध भविष्य की कामना करते हुए कहा कि अपने समापक भुगतान की राशि को असुरक्षित जगहों पर निवेश ना करें। जीवन में आनंदमय रहने के लिए स्वस्थ रहना जरूरी है, साथ ही साथ सामाजिक रूप से भी सक्रिय रहना है।सेवानिवृत्त होने वाले रेल कर्मियों को एक्युप्रेशर,होमियोपैथ एवं आयुर्वेदिक के डॉक्टरों द्वारा स्वस्थ तथा दीर्घायु जीवन जीने के तरीके को विस्तारपुर्वक बताया गया।इस मौके पर मंडल के अन्य अधिकारी एवं ई सी आर के यू तथा अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति एसोसिएशन के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहें।

### पुण्यतिथि पर याद किए गए मो. रफी

फतुहा। बुधवार को शहर में बांकीपुर गोरख स्थित सरगम संगीत सांस्कृतिक कला संस्थान के प्रांगण में मो. रफी की याद में श्रद्धांजलि सभा आयोजित किया गया। सभी कलाकारों ने मो. रफी के तैल चित्र पर श्रद्धा पूर्वक पुष्प अर्पित किया। इस विशेष अवसर पर सरगम संगीत सांस्कृतिक कला संस्थान के गायक, वादक कलाकारों द्वारा मो. रफी के एक से बढ़कर एक सदाबहार गीतों को पेश किया। गायक, वादक कलाकारों में दिनेश प्रसाद, मो. शब्बीर, धर्मेन्द्र कुमार, रंजय कुमार, दिग्विजय आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन संस्था के संचालक देवेन्द्र सर ने किया।

### आंगनबाड़ी केन्द्रों पर टीएचआर वितरण कार्य का निरीक्षण सीडीपीओ शबीना अहमद ने किया

दानापुर। नगर के अंतर्गत प्रखंड के विभिन्न आंगनबाड़ी केन्द्रो पर टीएचआर वितरण कार्य का निरीक्षण सीडीपीओ शबीना अहमद ने किया। सीडीपीओ ने केन्द्र संख्या 164, 169 व 234 समेत अन्य केंद्रों पर टीएचआर का वितरण करवाया। अन्य केंद्रों पर एलएस की देख रेख में टीएचआर वितरण किया गया। इसके साथ ही उन्होने सभी केंद्रों पर आयुष्मान कार्ड बनवाने में सहयोग करने का निर्देश दिया। उन्होने केन्द्र के सेविका सहायिका से कार्य के बारे में जानकारी लेते हुए। प्रधानमंत्री मातृत्व बंधन योजना एवं मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना के लिए क्षेत्र के योग्य लाभुको का चयन कर आवेदन भरने का आदेश दिया गया। ताकि लाभुक योजना का लाभ लेने से वंचित न रह जाये। उन्होने बताया कि वैसे लगभग सभी लाभुको का आवेदन भरा जा जुका है। उन्हे योजना का लाभ भी मिल रहा है।

### ताड़ के पेड़ पर गिरा ठनका

फतुहा। बुधवार को शाम स्टेशन रोड स्थित ग्रामीण बैंक के पीछे एक झाड़ी में ताड़ के उपर तेज आवाज के साथ ठनका गिरा। हालांकि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। लेकिन ठनका गिरते ही ताड़ के पेड़ व उसके आसपास स्थित झाड़ी में आग लग गयी। ठनका गिरने के बाद ताड़ व झाड़ी में लगी आग काफी देर तक बनी रही तथा हर भरे पेड़ धूं-धूं कर जलते रहे।यह संयोग था कि यह ठनका ताड़ के पेड़ तक ही सिमट कर रह गयी। यदि यही ठनका स्टेशन रोड की तरफ गिरती तो जानमाल की अधिक क्षति हो सकती थी।

### पौधारोपण कर छात्रों को पर्यावरण के बारे में किया जागरूक

पटना सिटी (प्राकि)। पर्यावरण के प्रति छात्रों को जागरूक करते हुए दर्जनों पौधा का रोपण किया गया। रोहतगी पटना महिला मंडल के द्वारा टेढ़ी घाट स्थित इन्फेंट जीजस विद्यालय के परिसर में पौधरोपण किया। अध्यक्ष आरती रोहतगी, सचिव राधा रोहतगी व डॉ अर्चना रोहतगी ने बच्चों को पर्यावरण में पेड़-पौधों की महत्ता पर प्रकाश डाला। विद्यालय के प्राचार्य रंजन जोसेफ व निदेशक पास्कल पीटर ओस्टा ने कहा कि हरे-भरे पेड़ की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए हमें अधिक से अधिक पौधे लगाने चाहिए, ताकि हम स्वस्थ जीवन जी सकें। पीआरओ शुभदा कुलकर्णी ने मंडल की सदस्यों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। मौके पर डॉ कृति रोहतगी, शालिनी, मंजू, प्रज्ञा, शिक्षक अभय कुमार, अभय कुमार सहाय, माधुरी शर्मा, फातिमा इमाम आदि मौजूद थे।

# फाइलेरिया रोधी दवा खिलाने के लिए शहरी क्षेत्रों पर विशेष फोकस, बन रहा विशेष माइक्रोप्लान

## सूबे के 13 जिले में 10 अगस्त से चलेगा सर्वजन दवा सेवन अभियान

- इस दौरान सभी सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में लगेगा 17 दिवसीय बूथ
- 27-29 अगस्त तक सभी सरकारी व प्राइवेट विद्यालयों में लगेगा बूथ
- 30 अगस्त से 5 सितम्बर के बीच एक सप्ताह चलेगा मॉप-अप राउंड



पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

पटना। 10 अगस्त से शुरू होने वाले सर्वजन दवा सेवन अभियान के लिए दवा के शत प्रतिशत कवरेज के लिए विशेष रणनीति अपनायी जा रही है। हाल ही में हुए स्टेट टास्क फोर्स की बैठक में तय किया गया था कि 17 दिन तक चलने वाले इस अभियान के दौरान सभी सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों पर बूथ लगाकर दवा का सेवन कराया जाएगा। शहरी क्षेत्रों में अधिक प्रयास करते हुए विशेष माइक्रो प्लान के अनुसार फाइलेरिया रोधी दवाओं का सेवन कराया जाएगा। सरकारी अस्पतालों के अलावा 27 अगस्त से 29 अगस्त तक सर्वजन दवा सेवन अभियान वाले 13 जिलों में स्थित सभी सरकारी व प्राइवेट विद्यालयों में बूथ लगाकर फाइलेरिया से बचाव की दवा का सेवन कराया जाएगा। इसके बाद 30 अगस्त से 5 सितम्बर के बीच एक सप्ताह का मॉप-अप राउंड चलाया जाएगा। मॉप-अप राउंड के दौरान छूटे हुए एवं इंकार किए हुए सभी लोगों को दवा का सेवन कराया जाएगा।

**एनसीवीबीडीसी के अपर निदेशक का मिला था सुझाव**

शहरी क्षेत्रों में फाइलेरिया रोधी दवा खिलाने को लेकर नेशनल सेंटर फॉर वेक्टर बॉर्न डिजीज कंट्रोल की संयुक्त निदेशक डॉ छवि पंत जोशी ने बिहार भ्रमण के दौरान शहरी क्षेत्र पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया था। उनके निर्देश के बाद शहरी क्षेत्रों के लिए विस्तृत माइक्रो प्लान का निर्माण कर क्षेत्र के सभी आवासीय कॉलोनियों, अपार्टमेंट, सभी सरकारी व प्राइवेट कार्यालय, कोचिंग सेंटर, छात्रावास, प्राइवेट व सरकारी बैंक, ईंट–भट्ठों, सेमी अर्बन क्षेत्र सहित अन्य सभी जगहों में कैंप लगाकर फाइलेरिया से बचाव की दवा सेवन कराई जाएगी।

**इन 13 जिलों में होगा सर्वजन दवा कार्यक्रम**

जिन 13 जिलों में 10 अगस्त से सर्वजन दवा कार्यक्रम शुरू हो रहा है उसमें भोजपुर, बक्सर, किशनगंज, मधेपुरा, पटना, पूर्णिया, दरभंगा, मधुबनी, लखीसराय, नवादा, नालंदा, रोहतास और समस्तीपुर शामिल है।

# ऑटो पर महिला से जेवरात व नगद छिना, थाना में मामला दर्ज

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



ऑटो लिफ्टर गैंग का कहर यात्रियों पर जारी है। कभी व्यापारी, कभी जनता, कभी महिला, तो कभी कोई ना कोई इसका शिकार बनता ही जा रहा है। ताजा मामला एक महिला का है, जो जीरो माइल से दीदारगंज थाना क्षेत्र के कच्ची दरगाह जाने के लिए ऑटो पर सवार हुई थी। महिला रुबी देवी का कहना है कि वह मूल रूप से वैशाली जिला के मोहम्मदपुर की रहने वाली है। वहां उसका परिवार रहता है। रुबी ने कहा कि वह दो बच्चों के साथ जीरो माइल से ऑटो पर बैठी थी। उसे कच्ची दरगाह जाना था। ऑटो में पहले से चार लोग सवार थे। ऑटो जैसे ही करमलीचक के पहले पहुंचा कि उसमें सवार लोगों ने उससे जबरन जेवरात और साथ में रहे नगद रुपया छीन लिया। उसका कहना था कि ऑटो में रहे लोगों ने मंगलसूत्र, जितिया, ढोलना के अलावा करीब हजार रुपया पर्स में था, जो छिन लिया।

बाद में उसे ऑटो से उतार दिया गया। वह रोते हुए किसी तरीके से बाइपास थाना पहुंची। यहां काफी देर तक उसे बैठाया गया। इधर-उधर की बातें करते हुए बाद में मामला दर्ज किया गया। उसे घटनास्थल करमलीचक के पास भी ले जाया गया। थानाध्यक्ष राजकुमार झा का कहना है कि महिला के बयान पर मामला दर्ज किया गया है और अनुसंधान का कार्य जारी है।

# मो. रफी को भारत रत्न न मिलना दुर्भाग्यपूर्ण : कलाकार

## गायकी व शास्त्रीयता के बेमिसाल संगम थे रफी : डॉ राजकुमार नाहर




पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

रफी साहेब सिर्फ एक गायक ही नहीं थे, उनका व्यक्तित्व खासा अनुकरणीय था। सामान्य जीवन में वे बहुत ही व्यावहारिक थे। कभी किसी को नाखुश नहीं करते थे। वक्त के बहुत पाबंद थे। ऐसे मूल्यपरक शख्सियत के जीवन आदर्श को शिक्षण संस्थानों में पढ़ाया जाना चाहिए। जहां तक गायकी का सवाल है, तो रफी साहेब मौसीकी के जादूगर फनकार थे। इतने वर्षों के बाद भी उनके गाए गीतों पर क्या बुढ़ा, नौजवान आज भी झूम कर नाच उठते हैं। जब ये गाना ये देश है वीर जवानों का.. बजता है। नई पीढ़ी उनकी विरासत को संजोए। यह बात स्वरांजलि द्वारा आयोजित रफी साहेब की पुण्यतिथि पर सरस्वती डिजिटल स्टूडियो में कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन करते हुए शिक्षाविद् व संगीत मर्मज्ञ डॉ ध्रुव कुमार ने कही। मुख्य अतिथि डॉ राजकुमार नाहर निदेशक, दूरदर्शन ने कहा कि रफी साहेब की गायकी और शास्त्रीय संगीत का अद्भुत संगम था। मन तड़पत हरि दर्शन को आज, आज भी सुनने पर हृदय भक्ति में लीन हो जाता है क डॉ नाहर ने कहा कि कोई भी सुरीला कलाकार अगर रफी साहेब का शास्त्रीय संगीत पर आधारित 10 गाना ठीक से आत्मसात कर ले, तो वह बढ़िया गायक निश्चित हो जाएगा। गुप्ता ने कहा कि रफी साहेब रोजगारपरक गायक थे। अति विशिष्ट अतिथि पं. ओम प्रकाश चौबे ने कहा कि बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि आज तक रफी साहब को भारत सरकार द्वारा भारत रत्न नहीं दिया जाना, अविलंब केंद्र सरकार इस पर निर्णय ले। यह कलाकारों की मांग है। गायक अनिल रश्मि ने बताया कि गायकी में उनका कोई सानी नहीं है। सांस्कृतिक कार्यक्रम का आगाज तुम मुझे यूं भुला ना पाओगे, से गायक डॉ बसंत पंचानन से हुआ। गायक आलोक चौबे ने पर्दा है पर्दा, अभिषेक पाठक ने मधुवन में राधिका नाचे रे, अभिषेक पैट्रिक ने दर्दे दिल, दर्दे जिगर, अनिल रश्मि ने तेरे दर पे आया हूं, पप्पू गुप्ता ने दिल का सुना साज, आलोक चोपड़ा ने तेरी आंखों के सिवा, सत्यराज पवार ने छू लेने दो नाजुक होठों को, पेश किया। प्रारंभ में रफी साहेब के तैलचित्र पर कलाकारों ने पुष्प माला अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। संगीत संयोजन जेम्स बैंड का था। इसमें संगत पर ऑर्गन जिमी गुप्ता, गिटार कुमार सम्भव सीजर, नाल सत्यराज पवार, पैड पर पप्पू गुप्ता और कांगो पर सतीश बबलू ने साथ दिया। मंच का संचालन नेक आलम, जितेन्द्र कुमार पाल और धन्यवाद ज्ञापन आलोक चोपड़ा ने किया।

# नगरनिगम की समस्याओं और निराकरण पर हुई विस्तृत चर्चा




प्रात :किरण संवाददाता

पटना । बिहार नगरपालिका संशोधन विधेयक 2024 के विरोध में बिहार मुख्य पार्षद महासंघ के द्वारा प्रतिकार सभा का आयोजन आज राजधानी पटना के विद्यापति भवन में आयोजित किया गया. जिस में बिहार के सभी नगर निकायों से मुख्य पार्षद की उपस्थिति हुई. जहां सरकार द्वारा मुख्य पार्षदों के अधिकार के हनन को लेकर उस पर विस्तृत चर्चा हुई और इस बात पर भी निर्णय लिया गया कि अगर सरकार इस निर्णय को वापस नहीं लेती है तो सभी बिहार के मुख्य पार्षद रोड से लेकर कोर्ट तक जाने का काम करेंगे।

# भाजपा महानगर मंत्री के घर गाली देते चलाया गोली, कोई हताहत नहीं

- नहीं मिला खोखा, एफएसएल की टीम ने उठाया नमूना





पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

भारतीय जनता पार्टी पटना महानगर के मंत्री नवल किशोर सहनी के घर पर गोलीबारी की घटना हुई है। इस संबंध में श्री सहनी के द्वारा मेहंदीगंज थाना में मामला दर्ज कराया गया है। घटना मंगलवार की रात की है। श्री सहनी ने बताया कि वह घर पर पहुंच कर रात में चाय, रोटी और साग खाए। इसके बाद बेडरूम में मोबाइल देखते-देखते सो गए। इस बीच रात करीब 10 बजे घर में बाकी लोग खाना खाने की तैयारी में थे। इसी दौरान घर के दरवाजा पर दो लोग उसका नाम लेते हुए गाली दिया। इसके बाद एक गोली फायरिंग किया। जब गोली की आवाज सुन कर छोटा भाई नवीन खिड़की से बाहर झांका, तो देखा कि एक बाइक पर दो लोग सवार होकर भाग रहा है। धीरे-धीरे लोगों की भीड़ जुट गई। मेहंदीगंज थाना की पुलिस को सूचना दी गई। सूचना के महज पांच मिनट के अंदर पुलिस मौके वारदात पहुंच गई। पुलिस ने मेहंदीगंज रेल गुमटी और यहां से बाहर निकलने वाले रास्ते की घेराबंदी भी की, मगर अपराधी पकड़ में नहीं आ पाया। मेहंदीगंज थानाध्यक्ष अरविंद कुमार सुबह भी पहुंचे और मामले की पूरी जान कारी ली। उनसे बार-बार पूछा गया कि कभी किसी से कोई विवाद या लेन-देन का कोई मामला हो। इस पर उन्होंने साफ तौर पर कहा कि वह सामाजिक कार्यकर्ता हैं, किसी से न कोई विवाद है और न लेन-देन का झगड़ा है। हालांकि बाद में थानाध्यक्ष केआग्रह पर एफएसएल की टीम पहुंची और दीवार में लगे गली के निशान का फोटो लिया। आवश्यक साक्ष्य जुटाने के बाद टीम लौट गई। घटनास्थल से खोखा भी नहीं मिला है। मेहंदीगंज थानाध्यक्ष अरविंद कुमार का कहना है कि नवल किशोर सिंह के द्वारा लिखित में आवेदन दिया गया है। दो अज्ञात के खिलाफ आवेदन में जिक्र किया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। आने-जाने वाले मार्ग में लगे सीसीटीवी को भी खंगाला जा रहा है। अपराधियों का हुलिया भी लेकर काम किया जा रहा है। सिटी एसपी भारत सोनी और डीएसपी-2 डॉ गौरव कुमार भी घटनास्थल पर पहुंचकर छानबीन की और नवल किशोर सैनी से पूछताछ भी किया।

# पटना के पुनाईचक में लगा कायस्थ चौपाल

प्रात :किरण संवाददाता



पटना, पटना जिला में कायस्थ समागम की सफलता के लिए सभी वार्ड और मुहल्लों में लगाये जाने वाले कायस्थ चौपाल में सोमवार को पटना के पुनाईचक में लगाई गई कायस्थ चौपाल। उक्त जानकारी पटना उच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता सह जीकेसी बिहार प्रदेश महासचिव संजय कुमार सिन्हा ने दी।

उन्होंने बताया कि पटना जिला के मिलर हाई स्कूल के मैदान में फरवरी, 2025 में कायस्थ समागम का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन में सभी कायस्थ अपने परिवार के साथ शामिल हो सकते है, लेकिन इसके लिए आयोजन की तिथि से पूर्व कायस्थ समागम कार्यक्रम में भाग लेने के लिए प्रत्येक परिवार को निबंधन कराना आवश्यक है। संजय कुमार सिन्हा ने बताया कि कायस्थ समागम के लिए कायस्थ चौपाल की बैठक जुलाई माह से ही प्रारंभ हो गया है। कायस्थ समागम का नेतृत्व ग्लोबल कायस्थ कॉन्फ्रेंस कर रहा है।

पुनाईचक की कायस्थ चौपाल का नेतृत्व संगठन के बिहार प्रदेश महासचिव संजय कुमार सिन्हा ने किया। उन्होंने बताया कि कायस्थ समागम में अधिकाधिक लोग शामिल हो सके, इसके लिए जीकेसी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष निलेश रंजन को बिहार प्रदेश सदस्यता अभियान का दायित्व सौंपा गया है। पुनाईचक की कायस्थ चौपाल में ग्लोबल अध्यक्ष, प्रबंध न्यासी, ग्लोबल उपाध्यक्ष दीपक अभिषेक, राष्ट्रीय समन्वयक, आइटीसेल अध्यक्ष, वरिष्ठ पत्रकार सह जीकेसी प्रदेश प्रवक्ता मुकेश महान, प्रदेश महिला सेल सचिव, लीगल सेल कार्यकारी अध्यक्ष सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# एसडीओ ने कोचिंग संचालकों के साथ की बैठक, दिया निर्देश



पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

कोचिंग संस्थान के संचालकों के साथ एसडीओ गुंजन सिंह ने कायालर्य कक्ष में बैठक बुधवार को की। इसमें एसडीओ 15 दिनों के अंदर कोचिंग संस्थानों में मानक के अनुकूल सुविधा मुहैया कराने का निर्देश दिया है। मानक पूरा करने के बाद सूचित करने को कहा गया है, ताकि जांच कराई जा सके। जिलाधिकारी डॉ चंद्रशेखर सिंह के निर्देश पर आयोजित बैठक में एसडीओ ने संस्थान को चेकलिस्ट सौंपते हुए उस अनुकूल कमियों को दूर कर रिपोर्ट करने को कहा है। एसडीओ ने बताया कि बैठक में कोचिंग संचालकों को आपातकाल में किस तरह बचाव करें, इसके लिए आपदा का प्रशिक्षण दिलाया जाएगा। बिना निबंधित कोचिंग संस्थानों पर कार्रवाई की जाएगी। ऐसे में कोचिंग संचालकों को निबंधन कराने के लिए कहा गया है। वहीं बिल्डिंग बॉयलॉज का अनुपालन कराने, फायर सेफ्टी के साथ अन्य बिंदुओं पर कार्य करना है। इसके लिए भी उपस्थित कोचिंग संचालकों को निर्देशित किया गया है। बैठक में सुल्तानगंज, आलमगंज, खाजेकलां और अन्य थाना क्षेत्रों से आए लगभग दो दर्जन से अधिक कोचिंग संचालक शामिल हुए। एसडीओ ने बताया कि संचालकों का कहा गया है कि मिले निदेर्शों का अनुपालन कोचिंग संस्थानों से कराया जाएगा। विदित हो कि पटना सिटी के शहरी क्षेत्र में चलने वाले अधिकांश कोचिंग संस्थानों में मानक के अनुरूप सुरक्षा और छात्रों को सुविधा उपलब्ध नहीं है।

# 18 नमूना की जांच में डेंगू के मिले पांच मरीज

पटना सिटी (प्राकि)। एनएमसीएच के माइक्रोबायोलॉजी विभाग में बुधवार को डेंगू के 18 सैंपल की जांच की गई। इसमें पांच डेंगू संक्रमित मरीज मिले हैं। माइक्रोबायोलॉजी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉप्रो संजय कुमार ने बताया कि संक्रमित डेंगू मरीजों में नालंदा के नगरनौसा के 30 वर्षीय युवक, राघोपुर वैशाली के 18 वर्षीय युवक, मसौढ़ी की 16 वर्षीय किशोरी, पटना सिटी के आलमगंज के 55 वर्षीय पुरुष और झाऊगंज के 20 वर्षीय युवक शामिल है। अस्पताल के अधीक्षक डॉ बिनोद कुमार सिंह और उपाधीक्षक डॉ सरोज कुमार ने बताया कि अस्पताल में तीस बेड डेंगू मरीजों के लिए आरक्षित है। इसमें पांच वार्ड शिशु रोग विभाग में है। अस्पताल में डेंगू मरीजों के इलाज की पूरी व्यवस्था है। मेडिसिन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ अजय कुमार सिन्हा ने बताया कि डेंगू वार्ड में मरीजों के लिए सुविधा है। संक्रमित मरीज ओपीडी में उपचार कराने आये थे।

# लापता बच्ची को आठ घंटे में खोज परिजन को सौंपा

पटना सिटी (प्राकि)। मालसलामी थाना क्षेत्र के पीरदमरिया के रहने वाले देवेंद्र राय की पोती लापता थी। दस वर्षीया किशोरी को पुलिस ने खोज निकाला है। थानाध्यक्ष राजकुमार सिंह ने बताया कि मंगलवार को पोती के लापता होने की सूचना थाना में दादा की ओर से दी गयी थी। इसके बाद पुलिस टीम गठित की गई। थानाध्यक्ष ने बताया कि गठित टीम में दारोगा अजीत कुमार, अखिलेश कुमार, प्रियंका कुमारी, सअनि संजय कुमार, सिपाही संतोष कुमार यादव व मनोर कुमार शामिल थे। इन लोगों ने बच्ची को आठ घंटे में खोज परिजनों को सौंप दिया है।

# जन्म के बाद प्रथम घंटे का स्तनपान नवजात के लिए है पहला टीका

## पहले 6 महीने तक जरूर कराएँ स्तनपान, यह है बच्चे के स्वस्थ जीवन की धुरी




- इस वर्ष के आयोजन की थीम है- क्लोजिंग द गैप, ब्रैस्टफीडिंग सपोर्ट फॉर ऑल

प्रात :किरण संवाददाता

पटना- स्तनपान को प्रोत्साहित कर शिशुओं के स्वास्थ्य को सकारात्मक दिशा में ले जाने के लिए प्रति वर्ष 1 से 7 अगस्त तक राज्य भर में विश्व स्तनपान सप्ताह मनाया जाता है. इस वर्ष विश्व स्तनपान सप्ताह का थीम ह्क्लोजिंग द गैप, ब्रैस्टफीडिंग सपोर्ट फॉर आलह्व है. स्तनपान को बढ़ावा देने के लिए इस सप्ताह के दौरान सभी सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों को बोतल मुक्त परिसर के रूप में विकसित किया जा रहा है. स्तनपान सप्ताह के दौरान पूरे राज्य में विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की जायेंगी और इनका सघन अनुश्रवण किया जायेगा। स्तनपान नवजात के लिए है पहला टीकाः ह्स्तनपान शिशु के समग्र शारीरिक एवं मानसिक विकास में अहम् भूमिका निभाता है. जन्म के बाद प्रथम घंटे में कराया गया स्तनपान नवजात के लिए प्रथम टीका का काम करता है. 6 महीने तक सिर्फ स्तनपान किये हुए बच्चे का आईक्यू स्तनपान नहीं किये बच्चे की अपेक्षा अधिक होता हैह्व, उक्त बातें राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी, शिशु स्वास्थ्य, डॉ. विजय प्रकाश राय ने विश्व स्तनपान सप्ताह के बारे में बात करते हुए कहीं. उन्होंने बताया कि नियमित स्तनपान करने वाले शिशुओं में निमोनिया एवं डायरिया होने का खतरा कई गुना कम होता है. माँ के दूध में ऐसे एंटीबॉडीज होते हैं जो शिशु को कई प्रकार के रोगों से सुरक्षा प्रदान करते हैं।

स्तनपान से शिशु की रोग प्रतिरोधक क्षमता होती है मजबूत राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-5 ( 2019-20 ) के अनुसार, राज्य के 58.9 प्रतिशत शिशु 6 महीने तक सिर्फ स्तनपान करते हैं. डॉ. विजय प्रकाश राय बताते हैं कि स्तनपान करने वाले शिशु की रोग प्रतिरोधक क्षमता मजबूत होती है और वह किसी भी संक्रमण अथवा रोग से आसानी से ग्रसित नहीं होते हैं. नियमित स्तनपान से शिशु की कई सारी नियमित जरुरत पूरी हो जाती है एवं स्तनपान करने वाले बच्चे कुपोषण से सुरक्षित रहते हैं. उन्होंने कहा कि 6 महीने के बाद माँ के दूध के साथ ऊपरी आहार शिशुओं को देना चाहिए ताकि बच्चे की विकास में किसी तरह का अवरोध न उत्पन्न हो।

# सफाई निरीक्षक को मारपीट कर किया घायल

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

पटना नगर निगम के अजीमाबाद अंचल के वार्ड संख्या 58 के सफाई निरीक्षक सोनू कुमार के साथ दूसरे वार्ड के सफाई निरीक्षक ने मारपीट किया है। मारपीट में घायल हुए सफाई निरीक्षक को इलाज के लिए एनएमसीएच में भर्ती कराया गया है। इस घटना से नाराज वार्ड 58 के सफाईकर्मियों ने वार्ड में कामकाज ठप कर दिया। नतीजतन कचरा उठाव, नाला की सफाई, घर-घर कचरा कलेक्शन का काम भी प्रभावित हुआ। सफाई मित्रों का कहना था कि दोषी पर कार्रवाई की जाए और सुरक्षा दी जाए। जख्मी का कहना है कि आरोपित ने फोन कर बुलाया और मारपीट की घटना को अंजाम दिया। मुख्य सफाई निरीक्षक राजीव कुमार ने बताया कि कामकाज ठप किए सफाई कर्मियों को समझा कर कार्य शुरू कराया गया है। मारपीट का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है।

# मोबाइल चोरी में दो थाना से तीन गिरफ्तार

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

अगमकुआं थाना की पुलिस ने मोबाइल चोरी कर बेचने के मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। वहीं रेल पुलिस ने भी एक मोबाइल चोर को गिरफ्तार किया है। अगमकुआं थानाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने बताया कि सुनील कुमार की मोबाइल चोरी कर बेचने के मामले में जनता फ्लैट का रहने वाला मोती राम और मुकेश कुमार पासवान को गिरफ्तार किया गया है। जीआरपी पटना साहिब के थानाध्यक्ष शिवजी सिंह ने बताया कि विकास कुमार का मोबाइल चोरी कर भाग रहे युवक को आरपीएफ के इंस्पेक्टर सोनू कुमार ने खदेड़ कर पकड़ा है। गिरफ्तार युवक चौक थाना क्षेत्र के हुमाद गली का रहने वाला पप्पू कुमार है। पकड़े गए तीनों को पुलिस ने जेल भेज दिया है।

# पूर्व मध्य रेल द्वारा पहली बार एक साथ 04 मालगाड़ियों के रेक को जोड़कर चलाया गया

## पौने तीन किलोमीटर लंबा लांग हॉल मालगाड़ी ब्रह्मास्त्र

प्रात :किरण संवाददाता



हाजीपुर। परिचालनिक दक्षता में वृद्धि को लेकर पूर्व मध्य रेल निरंतर क्रियाशील है । इसी क्रम में दिनांक 30.07.2024 को पहली बार एक साथ चार बॉक्सन रेक का संयोजन कर तैयार किए गए ब्रह्मास्त्र लांग हॉल मालगाड़ी का परिचालन किया गया। लगभग पौने तीन किलोमीटर लंबे ब्रह्मास्त्र को पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल के गंजख्वाजा से धनबाद मंडल के लिए रवाना किया गया। चार मालगाड़ियों को जोड़कर बनाए गए ब्रह्मास्त्र की लंबाई लगभग पौने तीन किलोमीटर रही । संयोजन के पश्चात चार मालगाड़ीयुक्त ब्रह्मास्त्र को गंजख्वाजा से रात लगभग 21.17 बजे धनबाद मंडल के टोरी के लिए रवाना किया गया। लगभग 37.5 किलोमीटर प्रति घंटा की औसत गति के साथ बीडी सेक्शन होते हुए लगभग 335 किलोमीटर की यात्रा के बाद ब्रह्मास्त्र गढ़वा रोड के रास्ते धनबाद मंडल के अंतर्गत 07.25 बजे टोरी पहुंची। परिचालन की दृष्टि से पूर्व मध्य रेल का पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल भारतीय रेल के व्यस्ततम रेल मंडलों में से एक है। रेल परिचालन को गतिमान रखने के साथ धनबाद मंडल से कोयला आदि के त्वरित परिवहन हेतु परीक्षण कर लदान हेतु तैयार खाली मालगाड़ियां नियमित उपलब्ध कराने में पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल की अति महत्वपूर्ण भूमिका है। एक साथ चार मालगाड़ियों को जोड़कर बने ब्रह्मास्त्र का सफल परिचालन पूर्व मध्य रेल की परिचालनिक दक्षता का द्योतक है जिससे माल लदान एवं परिवहन में और तेजी लाने में मदद मिलेगी। विदित हो कि ब्रह्मास्त्र के सफल परिचालन के एक दिन पहले 29 जुलाई को पहली बार एक साथ तीन मालगाड़ियों का संयोजन कर त्रिशुल का भी परिचालन किया गया जिसे गंजख्वाजा से धनबाद मंडल के लिए रवाना किया गया था

# झारखंड विधानसभा का चुनाव एनडीए के साथ लड़ेगा जदयू : श्रवण

## जातीय गणना और आरक्षण में बढ़ोतरी का आईडिया नीतीश कुमार का था : जयंत

● छात्रों की सुरक्षा को लेकर राज्य सरकार सजग और गंभीर है: सुनील

पटना, प्रात : किरण संवाददाता




ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने झारंखड चुनाव को लेकर बड़ा बयान दिया है। बुधवार को जदयू प्रदेश कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए श्री श्रवण कुमार ने कहा कि जदयू एनडीए गठबंधन के साथ पूरी मजबूती से झारखंड विधानसभा का चुनाव लड़ेगी। हमारे गठबंधन के शीर्ष नेता साथ में मिल-बैठकर इस विषय पर आगे की रणनीति तय करेंगे। साथ ही उन्होंने दावा किया कि झारखंड में पूर्ण बहुमत के साथ एनडीए गठबंधन की सरकार बनेगी। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने कहा कि कोचिंग संस्थानों के सुरक्षा मानकों की गहन जांच हेतु उच्च अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं।

जांच में लापरवाही पाए जाने पर संबंधित संस्थानों के खिलाफ कार्रवाई भी की जाएगी, छात्रों की सुरक्षा को लेकर राज्य सरकार सजग और गंभीर है। साथ ही सुनील कुमार ने दिल्ली के राजेन्द्र नगर में तीन छात्रों की मौत पर गहरा दुख व्यक्त जताया। वहीं, इस मौके पर भवन निर्माण मंत्री जयंत राज ने कहा कि नीतीश सरकार पूरी मजबूती से सुप्रीम कोर्ट में आरक्षण को लेकर अपना पक्ष रखेगी एवं तमाम आधारों को भी पेश करेगी। हमें पूर्ण विश्वास है कि पूरी सुनवाई होने के बाद सुप्रीम कोर्ट का फैसला बिहार सरकार के पक्ष में आएगा। उन्होंने कहा कि जातीय गणना और आरक्षण में बढ़ोतरी का आईडिया नीतीश कुमार का था और बिहार की जनता इस सत्य से अवगत है। इससे पहले मंत्रीगण ने प्रदेश के विभिन्न जिलों से पहुंचे आमजनों की समस्याओं से रूबरू हुए एवं उनके विधि सम्मत निष्पादन हेतु संबंधित अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। इस मौके पर संजय वर्मा, अरुण कुमार सिंह, लोकप्रकाश सिंह एवं प्रो नवीन आर्या चंद्रवंशी मौजूद रहे।

# मनरेगा योजनाओं को ससमय पूरा किया जाय : मंत्री

## बोलें-द्वितीय केन्द्रांश राशि को सभी जिलों के लिए ने किया गया जारी

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए ग्रामीण विकास विभाग को केन्द्र सरकार से प्राप्त होने पर चालू वित्तीय वर्ष के लिए द्वितीय किस्त के रूप में कुल केन्द्रांश सात अरब छियालीस करोड़ छिहत्तर लाख संतानवे हजार रुपए राज्य के सभी 38 जिलों के लिए बिहार सरकार ने जारी किया। इस योजना का मुख्य उद्देश्य आजीविका सुरक्षा को सुदृढ़ करने के साथ-साथ टिकाऊ परिसम्पति का सृजन कर ग्रामीण क्षेत्रों का विकास करना है। योजना अंतर्गत प्रत्येक परिवार के इच्छुक वयस्क सदस्यों द्वारा काम मांगने पर एक वित्तीय वर्ष में 100 दिनों का अकुशल मजदूरी दिये जाने का प्रावधान है। योजनान्तर्गत केन्द्र सरकार द्वारा मजदूरी मद में राज्य के अकुशल श्रमिकों हेतु निधार्रित मजदूरी दर के अनुरूप व्यय राशि का शत-प्रतिशत तथा सामग्री मद में निर्धारित सीमा के अधीन 75 प्रतिशत राशि का वहन केन्द्र सरकार द्वारा तथा 25 प्रतिशत राशि का वहन राज्य सरकार द्वारा किया जाना है। श्री श्रवण कुमार ने आगे बताया कि विभागीय पदाधिकारी को निदेशित किया है कि योजना की लगातार समीक्षा कर संचालित मनरेगा योजनाओं को ससमय पूरा किया जाय। इस योजना में किसी भी तरह की शिथिलता बर्दाश्त नहीं जाएगी। श्री श्रवण कुमार यह भी कहा कि यह योजना बिहार के ग्रामीण जनता को रोजगार मुहैया कराने का प्रमुख साधन है। इसी संबंध में मंत्री ने सभी क्षेत्रीय पदाधिकारियों को विशेष हिदायत देते हुए जॉब कार्ड बनाने हेतु इच्छुक लोगों से आवेदन प्राप्त कर निर्धारित समय सीमा के अंदर जॉब कार्ड उपलब्ध कराया जाय एवं ससमय मजदूरों को रोजगार दिया जाय ताकि योजना तीव्र गति से पूरा हो सके।

# सड़क से लेकर सदन तक मजबूती से लड़ाई लड़ते रहेंगे : गरीब दास

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

बिहार प्रदेश युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष शिव प्रकाश गरीब दास ने कहा है कि युवा कांग्रेस का एक-एक कार्यकर्ता बिहार को विशेष राज्य का दर्जा एवं महागठबंधन सरकार द्वारा बढ़ाए गए 65 प्रतिशत आरक्षण को संविधान की 9वीं अनुसूची में शामिल करवाने तक अनवरत संघर्षरत रहेगा। अपने विभिन्न मांगों के लिए बिहार युवा कांग्रेस अब हर गांव गली मुहल्लों में इस तानाशाही सरकार के खिलाफ जन आंदोलन करेगी। युवा प्रदेश अध्यक्ष गरीब दास ने बुधवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया है कि डबल इंजन की सरकार ने युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीवी श्रीनिवास सहित युवा कांग्रेस के हजारों नेता व कार्यकताओं पर झूठा मुकदमा दर्ज करवाया है लेकिन बिहार युवा कांग्रेस डबल इंजन के इस काले कारनामे से डरने वाली नहीं है।

गरीब दास ने कहा कि हम लोग बिहार वासियों के हित के लिए डबल इंजन सरकार का ईंट से ईंट बजा देंगे। गरीब दास ने कहा कि हमारे नेता राहुल गांधी ने जो भ्रष्टाचार को मिटाने और न्याय के साथ सर्वांगीण विकास के लिए जो संकल्प लिए हैं उसके लिए युवा कांग्रेस का एक-एक बब्बर शेर कार्यकर्ता सड़क से लेकर सदन तक मजबूती से लड़ाई लड़ते रहेंगे।

# अपराध पर जीरो टॉलरेंस नीति पर काम करती है सरकार : आरसीपी

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता रामचंद्र प्रसाद सिंह ने कहा की बिहार सरकार अपराध के मामले में जीरो टॉलरेंस नीति अपनाकर काम करती है। किसी भी अपराधी घटना होने पर सरकार न किसी को हंसती है और ना ही सरकार किसी को बचाती है पुलिस अपना काम इमानदारी से करती है और दोषियों को सजा मिलती है। रोहतास के दिनारा में पत्रकारों से बात करते हुए रामचंद्र प्रसाद सिंह ने कहा कि 2005 में नीतीश कुमार की सरकार बनने के बाद बिहार में जातीय दंगे और सामूहिक नरसंहार जैसी घटनाएं ना के बराबर हुई है। कोई भी घटना होने पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार उसकी स्वयं समीक्षा कर अधिकारियों को निर्देशित करते हैं। उन्होंने कहा कि बिहार में अपराध करने वाले पर राज्य सरकार सख्त है और उनपर ससमय कार्रवाई होती है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बिहार में हो रही घटनाओं पर हाल ही में पुलिस विभाग के बैयां पदाधिकारी के साथ समीक्षा किया और उनको उचित निर्देशित भी किया है। श्री सिंह ने कहा कि बिहार में नीतीश कुमार के नेतृत्व में सुशासन की सरकार है और यहां अपराध करने वाले बच नहीं सकते।

# डबल इंजन की सरकार होने का लाभ मिल रहा बिहार को : विजय

● बिहार को विकसित बनाने का यह सबसे अनुकूल समय

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि केंद्र और राज्य दोनों में एनडीए की सरकार होने का लाभ बिहार को व्यापक रूप से होगा। केंद्रीय बजट में भी इसकी झलक देखने को मिली। तीन एक्सप्रेस वे सहित अकेले अवसंरचना के विकास के लिए बिहार को 26 हजार करोड़ रुपए की राशि मिली है। कोसी क्षेत्र के बाढ़ नियंत्रण एवं समेकित विकास के लिए 11 हजार करोड़ रुपए से अधिक का प्रावधान किया गया है। गया और राजगीर जैसे हमारे विरासत स्थलों के नवीनीकरण के साथ पर्यटन क्षेत्र के विकास को भी लक्षित किया गया है। निश्चित रूप से इन सबका समग्र प्रभाव राज्य के रोजगार एवं विकास परिदृश्य पर होगा। श्री सिन्हा ने कहा कि बिहार एक विकासशील राज्य है। हमारे पास अपने स्रोतों से आय के साधन अपेक्षाकृत कम हैं। लिहाजा केंद्रीय अनुदान पर हमारी निर्भरता है। लेकिन हमारे प्रधानमंत्री का विशेष ध्यान बिहार के विकास पर है। यह हमारे लिए लाभकारी स्थिति है। अतः राज्य सरकार केंद्र के साथ बेहतर तालमेल , संसाधनों के बेहतर प्रबंधन तथा क्षमताओं को बढ़ाने पर विशेष ध्यान दे रही है। श्री सिन्हा ने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, अवसंरचना में देश के बेहतर प्रचालनों तथा नवाचारों को हम पूरी दक्षता से अपनाने पर बल दे रहे हैं। पथनिर्माण के क्षेत्र में ओपीआरएमसी जैसी हमारी नीति आज देशभर में सराही जा रही है। हाल ही में कैबिनेट द्वारा पारित फिल्म प्रोत्साहन नीति की हर जगह प्रशंसा हो रही है। अवैध खनन को रोकने की दिशा में किये जा रहे प्रयासों की भी सराहना हो रही है। विगत दिनों में वस्त्र निवेशकों की बैठक में उद्यमियों और निवेशकों की ओर से उत्साहजनक रुझान मिले हैं। बिहार ने हाल में 3 खनन पट्टियों की नीलामी के साथ वृहद खनन के क्षेत्र में प्रवेश किया है। इसलिए प्रधानमंत्री जी की प्रेरणा और सहयोग तथा हमारे मुख्यमंत्री के सुशासन के एप्रोच के कारण आज बिहार के लिए विकसित बिहार के संकल्प को साकार करने का सबसे अनुकूल माहौल बना है। श्री सिन्हा ने कहा कि प्रतिपक्ष के लोगों को प्रोपगेंडा खड़ा करने के बजाय प्रोग्रेस पर ध्यान देना चाहिए। उन्हें भी सरकार में रहकर काम करने का मौका मिला था। तब उन्होंने बिहार को विकास के तमाम मानकों के मामले में पीछे कर दिया था।

# दिल्ली कोचिंग संस्थान की घटना से सबक सीखें : राठौड़



पटना, प्रात : किरण संवाददाता

दिल्ली में हुए कोचिंग हादसे पर बिहार सरकार का ध्यान कोचिंग संस्थानों की ओर गई है, लेकिन यह आपदा में अवसर की तलाश के रूप में प्रदेश में काम करेगा। ये बातें बिहार कांग्रेस के मीडिया विभाग के चेयरमैन राजेश राठौड़ ने कही है। उन्होंने कहा कि बिहार में कोचिंग संस्थानों में मूलभूत सुविधाओं और आवश्यक नियमावली के बगैर संचालन होना सरकार की निष्ठा और कार्यप्रणाली को बताती है कि आखिर किस तरीके से राज्य में कुकुरमुत्ते के तरह उग आए कोचिंग संस्थान नियमों को ताक पर रखकर पंजीकृत हो रहे हैं। साथ ही इनका पंजीकरण करने वाले अधिकारी और विभाग किन मापदंडों को दरकिनार कर धड़ाधड़ मान्यता बांट रहा था। राजेश राठौड़ ने कहा कि बिहार सरकार की नींद कोचिंग संस्थानों के न्यूनतम मापदंडों और नियमावली पर गई ये अच्छी बात है लेकिन जिन संस्थानों को मान्यता बगैर उचित नियम के दिया गया है तो यह स्पष्ट है कि धन की उगाही के लिए जांच में तेजी लाई गई है। सरकार यह स्पष्ट करे कि अधिकारी नाहक संस्थानों को परेशान नहीं करें तथा जिन इलाकों में संस्थानों को बंद किया जाएगा या नोटिस दी जायेगी उनमें व्याप्त कमियों की रिपोर्ट को सार्वजनिक करें ताकि इससे अधिकारी धन उगाही का तंत्र बनाकर आपदा में अवसर न बना दें। साथ ही जो कोचिंग मापदंड को पूरा कर रहे हैं उनकी लिस्ट भी जारी करनी चाहिए जिससे मानक बना रहे।

# अब 102 एम्बुलेंस सेवा का संचालन करेगी ज़िकित्जा हेल्थकेयर

● विश्व स्तरीय एम्बुलेंस सेवाएं प्रदान करना कंपनी का मिशन : जैन

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

सूबे में स्वास्थ्य व्यवस्था को सुदृढ़ एवं बेहतर करने की दिशा में कई महत्वपूर्ण कदम उठाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में एंबुलेंस सेवा से संबंधित महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। प्रदेश में 102 एम्बुलेंस सेवाएं शुरू करने के लिए ज़िकिट्जा हेल्थकेयर लिमिटेड (जेडएचएल) को मंजूरी प्राप्त हुई है। इसकी जानकारी देते हुए ज़िकित्जा हेल्थकेयर लिमिटेड के सह-संस्थापक और सीईओ नरेश जैन ने कहा है कि बिहार में यह कदम पूरे भारत में शीर्ष स्तर की आपातकालीन चिकित्सा सेवाएं प्रदान करने के लिए जेडएचएल की प्रतिबद्धता को दशार्ता है। इससे पहले जेडएचएल ने 2009 और ज़िकिट्जा ने 2008 में पटना शहर में 10 एएलएस एम्बुलेंस चलाने के अनुबंध के साथ अपना सार्वजनिक निजी भागीदारी प्रयास शुरू किया। उन्होंने बताया कि ज़िकित्जा हेल्थकेयर लिमिटेड की स्थापना 2005 में हुई थी और यह भारत के सबसे बड़े आपातकालीन चिकित्सा सेवा प्रदाताओं में से एक बन गया है। कई राज्यों में 10 हजार से अधिक एम्बुलेंस सेवा के साथ जेडएचएल ने अपनी तेज और कुशल आपातकालीन प्रतिक्रिया से अनगिनत लोगों की जान बचाई है। कंपनी का मिशन विश्व स्तरीय एम्बुलेंस सेवाएं प्रदान करना है, जिसका उपयोग हर कोई कर सकता है, चाहे उनकी वित्तीय स्थिति कुछ भी हो। पिछले कुछ वर्षों में, कंपनी ने उच्च गुणवत्ता वाली आपातकालीन चिकित्सा सेवाएं प्रदान करने के लिए विभिन्न राज्य सरकारों और निजी संस्थानों के साथ साझेदारी की है। हर किसी को उनकी वित्तीय स्थिति की परवाह किए बिना समय पर और कुशल आपातकालीन प्रतिक्रिया सेवाएं प्रदान करना है। ज़िकित्जा आपातकालीन एम्बुलेंस संचालन से परे कई प्रकार की सेवाएँ प्रदान करता है, जिसमें हेल्पलाइन केंद्र, मोबाइल चिकित्सा इकाइयाँ और कॉर्पोरेट स्वास्थ्य सेवाएँ आदि शामिल हैं।

# रालोमो कार्यालय में मनाई गई मुंशी प्रेमचंद्र की जयंती

पटना। राष्ट्रीय लोक मोर्चा बिहार प्रदेश कार्यालय में आधुनिक हिंदी साहित्य के सबसे बड़े लेखक व महान उपन्यासकार मुंशी प्रेम चन्द्र की जयंती एवं जालिया वाला बाग नरसंहार का लंदन में जाकर प्रतिशोध लेने वाले देश के अमर क्रांतिकारी शहीद सरदार उधम सिंह के बलिदान दिवस पर पार्टी नेतोओं ने कोटिशः नमन एवं भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि अर्पित करने वाले नेताओ में पार्टी के प्रभारी प्रदेश अध्यक्ष मदन चौधरी, उपाध्यक्ष चौधरी बसंत पटेल, मुख्यालय प्रभारी प्रशांत पंकज, सुभाष चंद्रवंशी, महासचिव व प्रवक्ता राम पुकार सिन्हा, महासचिव, ब्रजेन्द्र पप्पू, राहुल कुमार, ई हेमंत कुमार, अख्तर नेहाल, नितिन भारती, अनंत कुमार गुप्ता, अशोक राम, ई स्मृति कुमुद, सौरव सागर, मो खुर्शीद अहमद, बिनोद कुमार पप्पू, कार्यालय सचिव अशोक कुशवाहा, देवराज सिंह मौजूद थे। वहीं, केरल के वायनाड में भू-स्खलन की घटना से मृतकों के प्रति राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व भारत सरकार के पूर्व मंत्री उपेन्द्र कुशवाहा ने गहरी संवेदना व्यक्त की। प्राकृतिक आपदा के कारण जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है, उनसबो के प्रति श्री कुशवाहा ने संवेदनाए व्यक्त करते हुए घायलों को जल्द से जल्द स्वस्थ होने की कामना की है। उक्त आशय की जानकारी राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता राम पुकार सिन्हा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी है। वहीं, झारखण्ड के चक्रधरपुर रेल मंडल में हुए रेल हादसे में मृतकों के प्रति गहरी संवेदना एवं घायलों को उचित इलाज हेतु भारत सरकार के रेल मंत्री से बातचीत की है।

# शीतगृह मालिकों के समस्याओं का होगा त्वरित समाधान:मंगल

## कृषि भवन में शीतगृह मालिकों के साथ परिचर्चा कार्यक्रम में बोलें कृषि मंत्री



पटना। कृषि मंत्री मंगल पाण्डेय ने कहा है कि सूबे में फल, सब्जी एवं आलू के बढ़ते उत्पादन को देखते हुए इन्हे संरक्षित रखने के लिए बड़े पैमाने पर शीतगृह एवं कोल्ड चेन की आवश्यकता है। मंत्री बुधवार को कृषि भवन पटना स्थित सभागार में आयोजित शीतगृह मालिकों के साथ परिचर्चा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उक्त बातें कही। कृषि मंत्री ने कहा कि किसानों की आय बढ़ाना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कृषि वैज्ञानिकों से नये-नये अनुसंधान करने की अपील किया तथा किसानों को आलू के अच्छे बीज उपलब्ध कराने को कहा। मंत्री ने कहा कि बिहार राज्य में अब तक कुल 202 शीतगृह कार्यरत हैं, जिसकी कुल भण्डारण क्षमता लगभग 12,30,176 मीट्रिक टन है। बिहार राज्य में 12 जिले ऐसे हैं, जहाँ कोल्ड स्टोरेज की सुविधा किसानों को प्राप्त नहीं है। इसे दृष्टिगत रखते हुए राज्य के 12 जिलों यथा-मधुबनी, नवादा, औरंगाबाद, बाँका, सहरसा, जमुई, मुंगेर, जहानाबाद, लखीसराय, शेखपुरा, अरवल तथा शिवहर में नये कोल्ड स्टोरेज निर्माण कराने हेतु राज्य सरकार द्वारा तीन वर्षों के लिए योजना स्वीकृत है। इस योजनान्तर्गत नये कोल्ड स्टोरेज टाईप-1 एवं टाईप-2 की स्थापना पर 50 प्रतिशत सहायतानुदान का प्रावधान है। मंत्री ने कहा कि राज्य में कार्यरत कोल्ड स्टोरेजों में सौर ऊर्जा की संस्थापना की योजना भी स्वीकृत है, जिसके अन्तर्गत राज्य के वर्तमान में मौजूद कोल्ड स्टोरेजों में से 50 इकाई को सौर ऊर्जा के माध्यम से संचालन कराया जाएगा, ताकि विद्युत ऊर्जा पर निर्भरता कम की जा सके तथा किसानों को सस्ते दर पर भंडारण की सुविधा प्राप्त करायी जा सके, जिस पर 50 प्रतिशत अधिकतम 17.50 लाख रुपए प्रति कोल्ड स्टोरेज सहायतानुदान दिया जाएगा। श्री पाण्डेय ने बताया कि केन्द्र प्रायोजित योजना राष्ट्रीय बागवानी मिशन के तहत पुराने कोल्ड स्टोरेजों के आधुनिकीकरण, भण्डारण क्षमता का विस्तार, कोल्ड चेन के माध्यम से फल एवं सब्जियों के परिवहन हेतु रीफर भान, फलों को पकाने हेतु राईपेनिंग चैम्बर की स्थापना पर 35 प्रतिशत का अनुदान का प्रावधान है। इसके अतिरिक्त ताजे फलों एवं सब्जियों के पैकिंग हेतु ऑन फार्म पैक हाउस की स्थापना पर 50 प्रतिशत अधिकतम दो लाख रुपए अनुदान का प्रावधान है। उन्होंने कहा कि इस बैठक में राज्य के सभी कोल्ड स्टोरेजों के प्रतिनिधि आज हमारे समक्ष उपस्थित हैं। राज्य के शीतगृह उद्यमी कृषि विभाग की योजनाओं के साथ जुड़ कर भण्डारण क्षमता को विस्तारित करेंगे एवं योजनान्तर्गत लाभान्वित होंगे। साथ ही, राज्य में फलों एवं सब्जियों के उचित रख-रखाव के अभाव में होने वाले नुकसान को कम कर राज्य को सुदृढ़ करने में सहायता प्रदान करेंगे। कृषि विभाग के सचिव संजय अग्रवाल ने कहा कि इस परिचर्चा में कोल्ड स्टोरेज के मालिकों की समस्याओं पर काफी गम्भीरतापूर्वक विचार किया गया, जिसका निराकरण किया जायेगा। उन्होंने कहा कि कृषि विभाग में इसके लिए एक नोडल पदाधिकारी बनाया जायेगा, जो श्रम संसाधन विभाग, उद्योग विभाग तथा ऊर्जा विभाग से समन्वय कर कोल्ड स्टोरेज के मालिकों की समस्याओं का समाधान करने में मदद करेगा। उन्होंने विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधियों से कोल्ड स्टोरेज के मालिकों को लोन देने में सहयोग करने का अपील किया। इस परिचर्चा कार्यक्रम में निदेषक उद्यान अभिषेक कुमार, अपर सचिव शैलेन्द्र कुमार, निदेशक पीपीएम आभांषु सी जैन, मंत्री के आप्त सचिव अमिताभ सिंह, संयुक्त निदेषक उद्यान राधारमण सहित अन्य पदाधिकारीगण सहित राज्य के लगभग 75 कोल्ड स्टोरेज के मालिक, विभिन्न बैंकों/कोल्ड स्टोरेज कंपनियों के प्रतिनिधिगण मौजूद थे।


पूर्व मध्य रेल

ई-निविदा सूचना

कृते भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/सा./पूर्व मध्य रेल, समस्तीपुर के द्वारा नीचे लिखे हुए कार्य के संपादन हेतु सक्षम अनुभवी, वैध विद्युत कन्ट्रेक्टर लाईसेन्स, तकनीकी योग्यता एवं वित्तीय क्षमता धारक संवेदक से निम्न कार्य के लिए भारतीय रेल के आई.आर.ई.पी.एस. वेब पोर्टल पर ई–निविदा के रूप में खुली ई–निविदा आमन्त्रित किया जाता है।

निविदा संख्या एवं तिथि : ई.एल.–जी–एसपीजे–15–ईटी–24–25, दिनांक : 29.07.2024, 1. कार्य का नाम तथा स्थान : समस्तीपुर विद्युत विभाग में सामान्य कार्य का रखरखाव और मरम्मत दो साल के हेतु। 2. कार्य की अनुमानित लागत : : ₹1,83,67,924.56/–, 3. बयाने/निविदा सुरक्षा की राशि : ₹2,41,800/– निविदा प्रपत्र का मूल्य रु. (शून्य) 4. प्रस्ताव की वैधता (दिन) : 60 दिन, 5. निविदा बंद होने एवं खुलने की तिथि एवं समय : ई–निविदा बन्द होने की तिथि एवं समय : 20.08.2024 को 12.00 बजे, ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय : 20.08.2024 को 12.30 बजे, 6. वेबसाईट का विवरण जहाँ से निविदा एवं निविदा प्रपत्र की विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है : वेबसाईट - www.ireps.gov.in मंडल रेल प्रबंधक (वि.) कार्यालय/समस्तीपुर

नोट : उपरोक्त निविदा से संबंधित यदि कोई संशोधन/परिवर्तन किया जाता है तो उसकी सूचना समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं किया जाएगा बल्कि वेबसाइटः पर अपलोड कर दिया जाएगा।

वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/सा./
पूमरे/समस्तीपुर

पीआर/00804/एसपीजे/ईजीईएन/टी/24–25/40



बिहार सरकार

भवन निर्माण विभाग

कार्यपालक अभियंता, केन्द्रीय भवन प्रमण्डल, पटना का कार्यालय

अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना, संख्या–10 वर्ष 2024–25

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, केन्द्रीय भवन प्रमण्डल, पटना।
2. परिमाण–विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय : दिनांक 09.08..2024 को 12:00 बजे अपराह्न तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 10.08..2024 को 03:00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 10.08..2024 को 03:30 बजे अपराह्न।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : (क) अंचल कार्यालय, दक्षिण बिहार भवन अंचल, पटना। (ख) प्रमंडल कार्यालय, केन्द्रीय भवन प्रमंडल, पटना। (ग) संबंधित अवर प्रमंडल कार्यालय।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : क्रमांक (5) के वर्णित स्थान (क) एवं (ख) पर।
7. कार्य का विवरणी :–

| क्र० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख रू० में) | अग्रधन की राशि (रू० में) | परिमाण विपत्र का मू० (रू० में) (अप्रत्यर्पणीय) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | E/R to Internal Compound Wall at Old Secretariate (On the eve of 15th August 2024 and 26th January 2025), Patna for the year 2024-25. | 2.00 | 4,000=00 | 500=00 | कार्यक्रम के पूर्व |
| 2 | E/R to Wall of Garden, Grill, Tree and Other Work in Residence No.- 2 at Desh Ratan Marg (On the eve of 15th August 2024 and 26th January 2025), Patna for the year 2024-25. | 2.00 | 4,000=00 | 500=00 | कार्यक्रम के पूर्व |
| 3 | S/R to Edging, Portico and Tree Painting etc. at Raj Bhawan Patna for the year 2024-25. (on the eve of 15th August 2024) | 2.46 | 4,900=00 | 500=00 | कार्यक्रम के पूर्व |

8. विशेष सूचना के लिए सूचनापट्ट या बेबसाईट www.state.bihar.gov.in/prdbihar देखें या अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में सम्पर्क करें।

कार्यपालक अभियंता,
केन्द्रीय भवन प्रमण्डल, पटना

PR. No. 005050 (BCD) 2024-25

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।



बिहार सरकार

भवन निर्माण विभाग

कार्यपालक अभियंता, केन्द्रीय भवन प्रमंडल, पटना का कार्यालय

अल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण सूचना संख्या– 20 वर्ष 2024–25

(विशेष शर्त्त मद एवं मात्रा के लिए वेबसाईट State.bihar.gov.in/prdbihar देखें)

समुचित श्रेणी मे निबंधित संवेदको/ख्याति प्राप्त फर्मों/कम्पनियों से दिनांक 10.08.2024 के अपराह्न 12.30 बजे तक निर्देशानुसार निम्नलिखित कार्यों के लिए मुहरबंद कोटेशन अधीक्षण अभियंता, दक्षिण बिहार अंचल, पटना का कार्यालय एवं अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्राप्त किया जाएगा और उसी दिन 3.00 बजे अपराह्न मे कोटेशनदात्ताओं या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोला जायेगा।

कोटेशन का मुल्य (रुपये में) प्रत्येक कार्य क्रमांक के कोटेशन–पत्र के साथ कोटेशन मूल्य ONLINE GOVERNMENT REVENUE AND ACCOUNTING SYSTEM (O-GRAS) के माध्यम से (कार्यपालक अभियंता, केन्द्रीय भवन प्रमण्डल, पटना) के पदनाम से जमा करना अनिवार्य होगा, जो कोटेशन प्रकाशन की तिथि के बाद का होना चाहिए। कोटेशन प्रकाशन के पूर्व के निर्गत ओ–ग्रास (O-GRAS) का कम्पयूटराईज्ड प्राप्ति रसीद पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। कोटेशन मूल्य संवेदक के द्वारा कुल कोटेड राशि के अनुसार होगा, जो निम्न प्रकार है :– रू0 0 से रू0 50,000 तक– रू0 250/–, रू0 50,001 से रू0 2,50,000 तक– रू0 500/–, रू0 2,50,001 से रू0 5,00,000 तक– रू0 750/–, रू0 5,00,001 से रू0 10,00,000 तक– रू0 1,250/–, रू0 10,00,001 से रू0 15,00,000 तक– रू0 2,500/– एवं अग्रधन की राशि– 2% (कोटेड राशि का मूल्य दो प्रतिशत) कोटेशन कागजात के साथ संलग्न किया जाना अनिवार्य होगा।

कार्य का विवरणी :–

| Sl No. | Name of Work/Specifiation | Qnt. | Unit | Quoted Rate (in Number and Word) |
|---|---|---|---|---|
| 01 | Supply of Furniture and Furnishing Materials in Residence No.- 1 Polo Road (Occupied by Hon'ble Deputy C.M. Shree Vijay Kumar Sinha), Patna for the year 2024-25. | | | |
| 02 | Supply of Different Type of Materials at 2 Polo Road (Occupied by Hon'ble Minister Shree Ashok Choudhary), Patna for the year 2024-25. | | | |
| 03 | Supply of Furniture and Furnishing Materials in Residence No.- 9 Mangles Road (Occupied by Hon'ble Minister Sri Nitish Kumar Mishra), Patna for the year 2024-25. | | | |
| 04 | Supply of Furniture and Furnishing Materials in Residential Office No.- 9 Mangles Road (Occupied by Hon'ble Minister Sri Nitish Kumar Mishra), Patna for the year 2024-25. | | | |

- कार्य समाप्ति की अवधि :– 15 दिन
- सक्षम पदाधिकारी के निर्देशन में ही सामानों की आपूर्त्ति की जानी है तथा आपूर्तिकर्त्ता को आपूर्त्ति के पश्चात् ही भुगतान की प्रक्रिया की जाएगी।
- विशेष जानकारी हेतु अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में कार्यावधि में सम्पर्क करें।

विशेष सूचना के लिए सूचनापट्ट या वेबसाईट www.state.bihar.gov.in/prdbihar देखें या अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में सम्पर्क करें।

कार्यपालक अभियंता
केन्द्रीय भवन प्रमंडल, पटना

PR. No.005052 (BCD) 2024-25

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।



बिहार सरकार

भवन निर्माण विभाग

कार्यपालक अभियंता, केन्द्रीय भवन प्रमंडल, पटना का कार्यालय

अल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण सूचना संख्या– 19 वर्ष 2024–25

(विशेष शर्त्त मद एवं मात्रा के लिए वेबसाईट State.bihar.gov.in/prdbihar देखें)

समुचित श्रेणी मे निबंधित संवेदको/ख्याति प्राप्त फर्मों/कम्पनियों से दिनांक 10.08.2024 के अपराह्न 12.30 बजे तक निर्देशानुसार निम्नलिखित कार्यों के लिए मुहरबंद कोटेशन अधीक्षण अभियंता, दक्षिण बिहार अंचल, पटना का कार्यालय एवं अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्राप्त किया जाएगा और उसी दिन 3.00 बजे अपराह्न मे कोटेशनदात्ताओं या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोला जायेगा।

कोटेशन का मुल्य (रुपये में) प्रत्येक कार्य क्रमांक के कोटेशन–पत्र के साथ कोटेशन मूल्य ONLINE GOVERNMENT REVENUE AND ACCOUNTING SYSTEM (O-GRAS) के माध्यम से (कार्यपालक अभियंता, केन्द्रीय भवन प्रमण्डल, पटना) के पदनाम से जमा करना अनिवार्य होगा, जो कोटेशन प्रकाशन की तिथि के बाद का होना चाहिए। कोटेशन प्रकाशन के पूर्व के निर्गत ओ–ग्रास (O-GRAS) का कम्पयूटराईज्ड प्राप्ति रसीद पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। कोटेशन मूल्य संवेदक के द्वारा कुल कोटेड राशि के अनुसार होगा, जो निम्न प्रकार है :– रू0 0 से रू0 50,000 तक– रू0 250/–, रू0 50,001 से रू0 2,50,000 तक– रू0 500/–, रू0 2,50,001 से रू0 5,00,000 तक– रू0 750/–, रू0 5,00,001 से रू0 10,00,000 तक– रू0 1,250/–, रू0 10,00,001 से रू0 15,00,000 तक– रू0 2,500/– एवं अग्रधन की राशि– 2% (कोटेड राशि का मूल्य दो प्रतिशत) कोटेशन कागजात के साथ संलग्न किया जाना अनिवार्य होगा।

कार्य का विवरणी :–

| Sl No | Name of Work/Specifiation | Qnt. | Unit | Quoted Rate (in Number and Word) |
|---|---|---|---|---|
| 01 | Day to Day Work of R/M to W/S, S/I & S/S at Raj Bhawan Section under Central Division, B.C.D., Patna for the year 2024-25. (Inner Portion) (One Year) | | | |
| 02 | S/R to Cleaning of Two Nos Water Tankey (Big Size) near Tower Main Building at Raj Bhawan, Patna for the year 2024-25. (One Year) | | | |
| 03 | Day to Day Work (Civil) in Main Building Annexy and Campus at Raj Bhawan, Patna for the year 2024-25. (Coline, Golden Powder, Acid, Brasso, Door Closer etc.) (One Year) | | | |
| 04 | Provision of Cleaning of Old Furniture, Glass Panes, Dusting of VVIP Room & Other Miscellaneous Work at Raj Bhawan, Patna for the year 2024-25. (One Year) | | | |
| 05 | S/R to AMC Work of (CCTV) Camera at Raj Bhawan Section, Patna for the year 2024-25. (One Year) | | | |
| 06 | Extra Items Work in the Chamber of Hon'ble Governor at Raj Bhawan, Patna for the year 2024-25. | | | |

- कार्य समाप्ति की अवधि :– 12 माह
- सक्षम पदाधिकारी के निर्देशन में ही सामानों की आपूर्त्ति की जानी है तथा आपूर्तिकर्त्ता को आपूर्त्ति के पश्चात् ही भुगतान की प्रक्रिया की जाएगी।
- विशेष जानकारी हेतु अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में कार्यावधि में सम्पर्क करें।

विशेष सूचना के लिए सूचनापट्ट या वेबसाईट www.state.bihar.gov.in/prdbihar देखें या अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में सम्पर्क करें।

कार्यपालक अभियंता
केन्द्रीय भवन प्रमंडल, पटना

PR. No.005051 (BCD) 2024-25

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।

## संक्षिप्त खबरें

### एक शाम शहीदों के नाम कार्यक्रम में कलाकारों ने देश भक्ति गानों से किया सराबोर

बेनीपुर(दरभंगा)।कपूर्री सभा भवन बेनीपुर में मंगलवार की देर शाम आयोजित एक शाम शहीदों के नाम सांस्कृतिक कार्यक्रम कलाकारों ने छटा बिखेड़ा तथा देश भक्ति गीतों से महौल को सराबोर कर दिया। शहीदों के नाम कार्यक्रम के नोडल अधिकारी राजेश वर्मा के नेतृत्व में कलाकार ब्रजेश कुमार जीरो दिया मेरे भारत ने गीत से कार्यक्रम की शुरूआत की, जिससे लोगों को देश भक्ति माहौल में सराबोर कर दिया। कलाकार साधना ने तु मेरा धर्मा, तु मेरा कर्मा गीत प्रस्तुत कर लोगों को विभोर कर दिया। देश भक्ति गीत पर नृत्य प्रस्तुत कर सत्येंद्र कुमार ने लोगों का दिल जीत लिया। वहीं कलाकार अशोक कुमार, संतोष कुमार, प्रभात सुमन, रत्नेश कुमार ने अपनी-अपनी प्रस्तुति से लोगों को बांधे रखा। मंच संचालन कर रहे शशि सिंह ने विभिन्न चुटकुला व शायरी से लोगों खुब गुदगुदाया। कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर डीसीएलआर आनंद उत्सव, बीडीओ प्रवीण कुमार, सीओ अश्विनी कुमार आदि ने संयुक्त रुप से किया।

### प्रधानाध्यापिका व सहायक शिक्षक पर अपहरण की प्राथमिकी दर्ज

मनीगाछी(दरभंगा)।प्रखंड क्षेत्र के जगदीशपुर पंचायत स्थित प्राथमिक विद्यालय जगदीशपुर उत्तरी के प्रधानाध्यापिका सुनीता कुमारी एवं सहायक शिक्षक बैजू कुमार पर बुधवार को नेहरा में अपहरण की प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। घटना विद्यालय की सहायक शिक्षिका रोहिणी कुमारी की अपहरण से जुड़ी हुई है। घटना 30 जुलाई की बताई जा रही है। इस संबंध में सहायक शिक्षिका रोहिणी कुमारी के पिता मधुबनी जिला के पंडौल थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर कनुआही गाँव निवासी अशोक कुमार पांडेय ने बुधवार को नेहरा थाना में लिखित आवेदन देकर विद्यालय के प्रधानाध्यापिका एवं सहायक शिक्षक पर अपनी पुत्री की अपहरण का आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि कुछ दिनों से मेरी पुत्री विद्यालय से आने के बाद वे परेशान दिखती थी। वे प्रतिदिन स्कूटी नम्बार बीआर32एएल 5894 से विद्यालय जाती आती थी। 30 जुलाई को घर से विद्यालय गई, लेकिन देर शाम घर वापस नहीं आई। अपनी पुत्री के मोबाइल पर सम्पर्क किया तो मोबाइल भी बंद पाया गया। अंदेशा होने पर प्रधानाध्यापिका से जब सम्पर्क किया तो उनका भी मोबाइल बंद पाया गया। 31 जुलाई को जब विद्यालय पर आए तो प्रधानाध्यापिका उपस्थिति बनाकर गायब थी। सहायक शिक्षक बैजू कुमार से अपनी पुत्री एवं प्रधानाध्यापिका के बारे में पूछताछ किए तो उन्होंने मेरी पुत्री एवं प्रधानाध्यापिका के बारे में कुछ भी नहीं बताए। जब स्थानीय लोगों से प्रधानाध्यापिका के आवास का पता पूछकर उनके आवास पर गए तो घर में ताला लगी हुई थी। लोगों ने बताया कि सपरिवार सवेरे कहीं चला गया है। इस संबंध में नेहरा थाना में प्राथमिकी दर्ज करने के लिए आवेदन दिया गया है। वहीं इस संबंध में नेहरा थानाध्यक्ष राज किशोर राय ने बताया कि आवेदन मिला है। प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### अपहृत प्रॉपर्टी डीलर की हत्या, दरभंगा में मिला शव

बोचहा।गरहां थाना क्षेत्र के पटियासा से बीते दिनों अपहृत प्रॉपर्टी डीलर मुकेश कुमार पांडे का शव 24 घंटे बाद मंगलवार को दरभंगा जिला के अलीनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत बलौता के दक्षिण कमला नदी किनारे झाड़ी से बरामद किया गया है, बुधवार को मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। परिवार के लोग शव का दाह संस्कार से पहले आरोपी की गिरफ्तारी की मांग करने लगे । सीटी एसपी अवधेश दीक्षित मृतक के गांव पहुंचे और परिवार के लोगों से बात की । उन्होंने कहा कि 2 से 3 दिन में आरोपी की गिरफ्तारी कर ली जाएगी।तब जाकर लोग शांत हुए और शव का दाह संस्कार किया। सीटी एसपी अवधेश दीक्षित ने बताया कि बीते दिनों पटियासा से मधेपुरा प्रयागवाडी गांव निवासी मुकेश पांडे का अपहरण का मामला दर्ज किया गया था। मृतक का शव बरामद कर लिया गया है। शव की शिनाख्त करते हुए परिजनों से पहचान करा ली गई है। डेड बॉडी परिजनों को दे दिया गया है।, वही मुकेश पांडे की हत्या मामले में मुख्य आरोपी मुन्ना खान का पुत्र शाहनवाज एवं पटियासा से साहिल को गिरफ्तार किया गया है ।, अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दरभंगा सीतामढ़ी सहित अन्य जिला में पुलिस छापेमारी कर रही है।

# प्रेमचंद हमारे लिए सिर्फ स्मृति संदर्भ नहीं, जीवितप्रसंग हैं : डॉ सुरेन्द्र सुमन

## प्रेमचंद जयंती पर लघुकथा वाचन व संगोष्ठी का हुआ आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता



दरभंगा। हिन्दी.उर्दू के महान कथाशिल्पी मुंशी प्रेमचंद की जयंती के अवसर पर ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के हिन्दी विभाग की ओर से लघुकथा वाचन एवं संगोष्ठी का आयोजन किया गया। बुधवार को आयोजित जयंती समारोह की अध्यक्षता कर रहे विभागाध्यक्ष प्रो. उमेश कुमार ने लघुकथा पर केंद्रित व्याख्यान दिया। उन्होंने कहा कि लघुकथा के शिल्प और प्लॉट की खोज कैसे करनी चाहिए, इस पर संवाद करने के उद्देश्य से हमने इस पुनीत अवसर को चुना है। कहानी का प्लॉट सामान्य जन-जीवन से जुड़ा होता है। लेखक के जहन में वो भूख होनी चाहिए, कहानियां हमारे चारों तरफ बिखरी पड़ी हैं। यदि सृजनात्मक लेखन की दिशा में हम आगे बढ़े,तो बतौर साहित्य प्रेमी प्रेमचंद के और करीब अपने को पाएंगे। विभाग के वरिष्ठ प्राचार्य डॉ. सुरेंद्र सुमन ने कहा कि प्रेमचंद भारत की मुकम्मल आजादी के पहले मुकम्मल कथाकार हैं। उन्हें उर्दू हिन्दी की साझी विरासत एवं गंगा जमुनी तहजीब का प्रथम कथाकार होने का गौरव प्राप्त है। प्रेमचंद हमारे लिए सिर्फ स्मृति संदर्भ नहीं, जीवित प्रसंग हैं। वे अपने जमाने में जितने प्रासंगिक नहीं थे, उससे कई अधिक आज प्रासंगिक हैं। सहप्राचार्य डॉ. आनंद प्रकाश गुप्ता के संचालन में हिंदी विभाग की सहायक प्राध्यापिका डॉ. मंजरी खरे, समारोह समिति के संयोजक डॉ. लाल जी, शोधार्थी सियाराम मुखिया, रूपक कुमार, रोहित कुमार, सुभद्रा कुमारी, मलय नीरव, रूबी कुमारी तथा स्नातकोत्तर छात्र विक्रम कुमार, अमरेंद्र कुमार, अर्पणा कुमारी, पम्मी कुमारी, विजय कुमार महतो, दीपक कुमार, दर्शन सुधाकर, गुंजन कुमारी आदि ने हिस्सा लिया। चयनित लघु-कहानियों को हिंदी विभाग के सौजन्य से पुस्ताकाकार रूप में प्रकाशित किया जाएगा।धन्यवाद ज्ञापन वरीय शोधप्रज्ञ समीर कुमार ने किया।

## जिले में स्टांप डायरिया अभियान की हुई शुरूआत

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर।स्टाप डायरिया अभियान 2024 का सफल एवं प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित कराने हेतु जिला पदाधिकारी सुब्रत कुमार सेन द्वारा संबंधित विभाग के अधिकारियों के साथ मंगलवार को समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में बैठक की गई । बैठक में अधिकारियों को राज्य स्वास्थ्य समिति द्वारा प्रदत्त गाइडलाइन तथा माइक्रोप्लान के अनुरूप पूरी जवाबदेही से डायरिया के रोकथाम हेतु डोर टू डोर कैंपेनिंग कर अभियान को सफल बनाने का सख्त निर्देश दिया गया ।डीएम ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य है कि जिले में डायरिया से एक भी बच्चे की मौत ना हो। उन्होंने सभी आशा और आंगनबाड़ी सेविका को अपने पोषक क्षेत्र में 0 से 5 साल तक के बच्चों वाले घरों में भ्रमण कर डायरिया से ग्रसित बच्चों को चिन्हित करने तथा ओआरएस एवं जिंक टेबलेट का नियमानुकूल वितरण करने का निर्देश दिया। साथ ही ओआरएस बनाने की विधि तथा जिंक टेबलेट के उपयोग के बारे में बताने को कहा। सभी पीएचसी, एपीएचसी, आंगनबाड़ी केंद्र पर ओआरएस जिंक कॉर्नर स्थापित करने को कहा। सभी एएनएम जिंक और ओ आर एस के उपयोग, हाथ धोने के तरीकों एवं खुले में शौच करने से होने वाले नुकसान के बारे में घर-घर भ्रमण कर लोगों को जागरूक करेगी। सिविल सर्जन, डीपीएम, डीआइओ, यूनिसेफ पिरामल और डब्लू एचओ के पदाधिकारी भी इस कार्यक्रम का गहन पर्यवेक्षण करना सुनिश्चित करेंगे। जिला स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम के तहत कार्यशाला का आयोजन करना, प्रशिक्षण देना, पोस्टर, बैनर ,होर्डिंग लगाना, लीफलेट वितरण करना आदि शामिल है। हाथ धोने के तरीका से लेकर घर आंगन तथा गलियों की साफ-सफाई पर ध्यान देने हेतु स्कूलों, आंगनबाड़ी केन्द्रों तथा स्वास्थ्य केन्द्रों पर विभिन्न डिजाइन के आकर्षक पोस्टर लगाए जाएंगे। जीविका दीदियां घर-घर भ्रमण कर व्यापक जन जागरूकता अभियान चलाएगी तथा सरकार के इस महत्वपूर्ण अभियान को सफल बनाने में महती भूमिका का निर्वहन करेगी। आईसीडीएस केदो पर सभी सीडीपीओ अपने-अपने क्षेत्र में बच्चों को दिए जाने वाले भोजन की शुद्धता तथा पेयजल की शुद्धता तथा केंद्र की साफ सफाई की नियमित मॉनिटरिंग करेंगे। इस कार्य की जिला स्तर पर मॉनिटरिंग की जवाबदेही डीपीओ आईसीडीएस को दिया गया है। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को संवेदनशील होकर बच्चों के हित में समन्वित प्रयास करने की आवश्यकता पर बल दिया।

जिलाधिकारी ने प्रखंड स्तर पर भी समन्वय समिति की बैठक करने तथा इस अभियान की सफलता को कार्य रूप देने हेतु रूपरेखा तैयार करने का निर्देश दिया उन्होंने इस बैठक में पंचायत प्रतिनिधियों को भी शामिल करने तथा पंचायत एवं गांव में घर-घर डायरिया के बारे में लोगों को अवगत कराने तथा ओआरएस एवं जिंक टेबलेट का वितरण कराने का निर्देश दिया। बैठक में सिविल सर्जन डॉ अजय कुमार, एसीएमओ डॉ सतीश कुमार, अपर समाहर्ता आपदा श्री मनोज कुमार, यूनिसेफ एसएमसी श्री शशिकांत सिंह सहित कई अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## बाल एवं पर्यवेक्षण गृह का सत्र न्यायधीश व डीएम ने संयुक्त रूप से किया औचक निरीक्षण



प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा। उच्च न्यायालय पटना के आदेशानुसार बालगृह एवं पर्यवेक्षण गृह का औचक निरीक्षण जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार विनोद कुमार तिवारी एवं जिलाधिकारी सह उपाध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार राजीव रौशन ने संयुक्त रूप से किया। उन्होंने चाइल्ड केयर होम्स में आवासित बच्चों से बात कर रहन सहन की जानकारी लिया। साथ ही बच्चों की सुरक्षा, खान पान, शिक्षा व्यवस्था, स्वास्थ्य आदि की व्यवस्था को देखा। उनके द्वारा बच्चों को पीने का पानी, शौचालय, सोने के लिए बिस्तर जैसी सुविधाओं की पड़ताल की गई। जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने कहा कि आवासित बच्चों के साथ किसी भी प्रकार का दुर्व्यवहार नहीं हो। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव रंजन देव ने कहा कि कानून से संघर्षरत बच्चों, भूले बिसरे बच्चों आदि को जिले के बाल गृह व बाल पर्यवेक्षण गृह में रखा जाता है। प्रत्येक महीने बच्चों से संबंधित इन जगहों का निरीक्षण कर माननीय उच्च न्यायालय को रिपोर्ट किया जाना है। मौके पर जिला बाल संरक्षण इकाई की सहायक निदेशक नेहा कुमारी आदि मौजूद थे।

## मिथिला से मेरा पूर्व से ही लगाव है : मोहन यादव



● दरभंगा नगर विधायक संजय सरावगी ने मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री को किया भव्य स्वागत

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा। भारतीय जनता पार्टी द्वारा मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश मोहन यादव को दरभंगा हवाई अड्डा पर भव्य स्वागत किया गया।विदित को की मध्यप्रदेश के पूर्व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा के सांसद प्रभात झा का निधन हो गया था। उनके पैतृक आवास सीतामढ़ी जाने के कर्म में दरभंगा हवाई अड्डे पर उनका अल्प ठहराव हुआ ।जाने के क्रम में दरभंगा नगर विधायक संजय सरावगी ने मिथिला के परंपरागत पाग चादर से सम्मानित किया। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष सहनी भी उपस्थित थे।वही वापस जाने के समय सैकड़ो कार्यकर्ता हवाई अड्डे के गेट पर स्वागत कर अपने अतिथि को देखने के लिये उपस्थित थे । मुख्यमंत्री ने जाने के कर्म में कहा यह मिथिला में मेरा अल्प समय के लिए आना हुआ लेकिन हम बार बार आयेंगे इस विदेह की नगरी में यहां से मुझे पूर्व से ही लगाव और जानकारी मिलती रहती है।स्वागत करने वाले में अंकुर गुप्ता,सुजीत मल्लिक के साथ सैकड़ों कार्यकर्ता थे।

## हिंदी कथा साहित्य के युगांतर कारी रचनाकार हैं प्रेमचंद : चंद्रभूषण सिंह चंद्र

प्रात : किरण संवाददाता



मुजफ्फरपुर। मुंशी प्रेमचन्द हिन्दी कथा साहित्य में युगांतरकारी रचनाकार हैं। वर्ण व्यवस्था व सामाजिक रूप से शोषित, पीड़ितों,मजदूरों व किसानों की दयनीय दशा,उपेक्षित नारियों की वेदना उनके साहित्य का मूल स्वर है। इनके उपन्यासों में आदर्श,कर्तव्य,प्रेम, करुणा,समाज सुधार,देशभक्ति,सत्याग्रह,अहिंसा,स्त्री व्यथा,मध्यवर्गीय मनुष्य की त्रासदी,कृषक जीवन की समस्याएं, मेहनतकश जनता का संघर्ष के विविध पक्ष देखने को मिलते हैं। प्रेमचंद जयंती के मौके पर प्रेमचंद का साहित्य विषय पर आयोजित संगोष्ठी को संबोधित करते हुए नूतन साहित्यकार परिषद के अध्यक्ष चंद्रभूषण सिंह चंद्र ने उक्त बातें कही। साहित्य भवन कांटी में आयोजित संगोष्ठी को संबोधित करते हुए चंद्र ने कहा कि प्रेमचंद्र ने साहित्य को आम आदमी व जमीन से जोड़ने का कार्य किया व साहित्य के यथार्थवादी परंपरा की नींव रखी। सरल,सहज व आम बोलचाल की भाषा के कारण प्रेमचंद की रचनाएं लोगों के दिलों को छूती हैं। प्रेमचंद मात्र कलम के सिपाही नहीं बल्कि भारतीय संस्कृति के भी सिपाही थे। उनकी रचनाओं की सादगी व सौंदर्य हरेक को आकर्षित करती है। उनकी रचनाएं समाज की बुराइयों की ओर ध्यान आकृष्ट कराकर मार्गदर्शन करती हैं। वे रूढ़िवाद, संकीर्ण विचारधारा व साप्रदायिकता आदि का मुखर विरोध करते हैं। सेवानिवृत्त शिक्षक स्वराजलाल ठाकुर ने कहा कि प्रेमचंद ने आजीवन जमींदारी शोषण,किसानों के दर्द व दलित-उपेक्षितों की पीड़ा को उजागर किया। सेवानिवृत डीडीओ परशुराम सिंह ने कहा कि प्रेमचंद ने कहानी और उपन्यास के माध्यम से लोगों को साहित्य से जोड़ने का काम किया। जयंती समारोह में उपस्थित लोगों ने प्रेमचंद की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। कार्यक्रम का संचालन राकेश कुमार राय व धन्यवाद ज्ञापन पिनाकी झा ने किया। कार्यक्रम में चंद्रकिशोर चौबे, नंदकिशोर ठाकुर,रामेश्वर महतो,महेश कुमार, मनोज मिश्र आदि शामिल थे।

## गांव में हक दो वादा निभाओ अभियान के तहत कोरहिया में आम सभा आयोजित

### आयोजित सभा में सैकड़ो लोगों ने भाग लिया



प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी जयनगर हक दो वादा निभाओ अभियान के तहत कोरहिया गांव के कमला बांध पर रामू पासवान के अध्यक्षता में सभा आयोजित किया गया। सभा में सैकड़ो लोगों ने भाग लिया आयोजित सभा को संबोधित करते हुए प्रखंड सचिव भूषण सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जातिगत जनगणना की रिपोर्ट सदन में रखकर 95 लाख लोगों को गरीब बताते हुए लघु उद्यमी योजना के तरह 2 लाख रुपए सहायता राशि देने की घोषणा की थी। इसके लिए अब 72 हजार रूपए का आय प्रमाण-पत्र अनिवार्य कर दिया गया है लेकिन अंचल कार्यालय इसे बनाने को तैयार नहीं है। आय प्रमाण-पत्र बनाने, भूमिहीनों को 5 डिसमिल जमीन- आवस देने, सभी परिवारों को 200 यूनिट फ्री बिजली देने सभी प्रकार के पेंशन 4000 करने गरीबों को उजाड़ने से पहले बसाने किसानों को खाद-बिज समय पर मुहैया कराने रसोई गैस 400 रूपया करने ग्रामीण क्षेत्रों के बंद सभी उप स्वास्थ्य केंद्रों तथा हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों को नियमित चालू कराने एवं सरकारी अस्पतालों में नियमित डाक्टरों का उपस्थिति और अवैध सभी प्राइवेट नर्सिंग होम को बंद करने स्मार्ट बिजली मीटर पर रोक लगाने सहारा इंडिया में जमा राशि जमाकताओं को मुहैया कराने सहित अन्य मांगों को लेकर आगामी क्रांति दिवस के अवसर पर 9 अगस्त को प्रखंड-अंचल कार्यालय जयनगर के समक्ष प्रदर्शन करने की घोषणा किए सभा में रामू पासवान शौकत अली राजेश्वर महरा रामहृदय यादव भोगी मुखिया जगदीश पासवान राम खेलावन पासवान प्रमेश्वर पासवान अनिता देवी शहजादी खातुन गुडीया खातुन घुरनी देवी सहित दर्जनों लोगों ने भाग लिया ।

## प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम आयोजित



प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी जिले के होटल गोकुल राज में जिलाधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा की उपस्थिति में उत्तर बिहार ग्रामीण बैंक, क्षेत्रीय कार्यालय, मधुबनी के द्वारा प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजना अन्तर्गत 51 लाभुकों को ऋण स्वीकृत्यादेश का वितरण किया गया। कार्यक्रम में महाप्रबंधक, उत्तर बिहार ग्रामीण बैंक, मुख्यालय, मुजफ्फरपुर, महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र, मधुबनी, जिला अग्रणी प्रबंधक, मधुबनी, डीडीएम, नावार्ड एवं क्षेत्रीय प्रबंधक, उत्तर बिहार ग्रामीण बैंक, मधुबनी द्वारा भाग लिया गया। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी द्वारा सभी लाभुकों को ऋण स्वीकृत्यादेश वितरित किया गया। उनके द्वारा सभी लाभुकों को जिस कार्य हेतु ऋण दिया गया है वही कार्य करने का निदेश दिया गया। क्षेत्रीय प्रबंधक, उत्तर बिहार ग्रामीण बैंक, मधुबनी के द्वारा ढटत्रह्ए योजना अन्तर्गत भी इस तरह ऋण देने का आश्वासन दिया गया।

## मेगा ऋण वितरण शिविर आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। जिला समाहरणालय सभागा में उद्योग विभाग द्वारा संचालित योजनाओ के तहत आज मेगा ऋण वितरण शिविर आयोजित किया गया । शिविर में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम 1-2, प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजन एवं प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के लाभार्थियों के बीच ऋण वितरित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन ने की। इस दौरान उप विकास आयुक्त आशुतोष द्विवेदी , अभिलाषा भारती, महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र, दिनेश प्रसाद सिन्हा, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक, संजीत कुमार, आंचलिक प्रमुख, एसबीआई, सभी जिला बैंक समन्वयक, शाखा प्रबंधक परियोजना प्रबंधक, विजय शंकर प्रसाद एवं उद्योग विस्तार पदाधिकारी अमरेन्द्र कुमार, रविशंकर उपाध्याय, अनीता कुमारी, बिकास कुमार, कनीय सांख्यिकी सहायक, नरेश पासवान उपस्थित थे। उक्त ऋण शिविर के माध्यम से प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम अंतर्गत 42 लाभुकों को 319.15 लाख ऋण स्वीकृति एवं 7 लाभुकों को 73.30 लाख ऋण वितरण तथा प्रधानमंत्री सूक्ष्म खादय उन्नयन योजना अंतर्गत 21 लाभुकों को 173.23 लाख ऋण स्वीकृति एवं 04 लाभुकों को 20.68 लाख वितरित एवं प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना योजना अंतर्गत 3 लाभुकों को 3.00 लाख ऋण स्वीकृत किया गया। ऋण शिविर के माध्यम से मुजफ्फरपुर की आम जनता से यह अपील की गई कि उपरोक्त योजनाओं का लाभ लेकर स्वरोजगार एवं स्वालम्बन की दिशा में आगे बढ़े।

## नाजिरपुर पंचायत के बिभिन्न योजनाओं का बारिकी से बीडीओ ने किया जाँच

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी रहिका प्रखंड के नजीरपुर पंचायत में प्रखंड विकास पदाधिकारी निरंजन कुमार ने सरकार के दिशा निर्देश के आलोक में जिला पदाधिकारी अरविंद कुमार बर्मा के आदेशानुसार रहिका प्रखंड विकास पदाधिकारी निरंजन कुमार ने सप्ताहिक बुधवारी जाँच किया ।जहाँ रहिका प्रखण्ड अन्तर्गत नाजिरपुर पंचायत के बिभिन्न योजनाओं का बारिकी से जाँच किया ।वही जनवितरण प्रणाली दुकानदार मोहम्मद फिरोज आलम,आंगनबाड़ी केंद्र, सोलर स्ट्रीट लाइट,स्वास्थ्य केंद्र, सड़क नाला,नल जल योजना , आयुषमान कार्ड एवं शिक्षण संस्थान आदि की जाँच की गई। सरकार द्वारा चलाई जा रही कई योजनाओं को औचक निरीक्षण किए,जांच के क्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी निरंजन कुमार ने कहा कि वार्ड नंबर 6 के जन वितरण प्रणाली मोहम्मद फिरोज आलम की दुकान की जांच की गई जहां सर्वप्रथम किलो और वाट का जांच किया गया वही स्टॉक में रखे चावल एवं गेहूं की स्टॉक देखी गई जहां इस दुकान में सब कुछ सही और संतोषप्रद पाया गया ।मौके पर लाभुकों से राशन मिलने की भी पूछताछ की गई संतोषजनक बताया ।साथ ही विभाग द्वारा दी गई सभी तरह के सूचनाओं का सुचना पट प्रदर्शित किया गया था देखने में साफ सुथरा एवं आदर्श जन वितरण प्रणाली दुकान लग रही थी ।वही बीडीओ ने बताया कि मनरेगा जांच में जहां भी जो त्रुटियां मिली उसे ठीक करने का दिशा निर्देश दिया गए ।योजनाओं को सही ढंग से सही लोगों को पहुंचाने का आवश्यक निर्देश भी दिए। मौके पर मौजूद स्थानीय मुखिया फुल परी देवी, समाजसेवी भगवान पांडे,उप मुखिया अजय कुमार पांडे,वार्ड पार्षद शिव देवी,वार्ड पार्षद दिलीप राय ,दिलीप पासवान समेत कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

## स्वास्थ्य शिविर में मिली लोगों को स्वस्थ रहने की सलाह

प्रात : किरण संवाददाता

समस्तीपुर। श्री रामचंद्र सेवा ट्रस्ट एवं श्री रामचंद्र सेवा सदन के संस्थापक डॉ. मनोज कुमार सिंह के द्वारा फ्री मेडिकल कैंप समस्तीपुर जिला के बाजितपुर गांव में लगाया गया । जहां मुफ्त सलाह, मुफ्त दवा, मुफ्त जांच का व्यवस्था किया गया और हजारों मरीजों के बीच हजारों पौधा वितरण किया गया। इस मौके पर डॉक्टर मनोज ने कहा ने कहा कि स्वास्थ्य केवल शारीरिक इलाज से नहीं बल्कि समग्र जीवनशैली में बदलाव से भी संबंधित है। स्वस्थ आहार, नियमित व्यायाम, और मानसिक सुकून के साथ-साथ एक स्वच्छ और हरित वातावरण भी हमारी सेहत के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। पौधे केवल वायुमंडल को शुद्ध नहीं करते, बल्कि मानसिक शांति और स्फूर्ति भी प्रदान करते हैं। इस शिविर के माध्यम से हम न सिर्फ चिकित्सा सेवाएं प्रदान कर रहे हैं, बल्कि लोगों को एक स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए भी प्रेरित कर रहे हैं। हम चाहते हैं कि सभी लोग अपने जीवन में संतुलन बनाए रखें और एक स्वस्थ, खुशहाल जीवन जिएं। पौधे हमारे पर्यावरण को शुद्ध करने के साथ-साथ मानसिक शांति और ताजगी भी प्रदान करते हैं। इसलिए, हमने आज इस शिविर में मुफ्त पौधे वितरित किए हैं ताकि लोग अपने घरों और आसपास के वातावरण को हरा-भरा और स्वस्थ रख सकें। इस प्रकार की छोटी-छोटी पहलें भी हमारी स्वास्थ्य और खुशहाली में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। लगभग हजार मरीज का मुफ्त दबाई, मुफ्त जांच , मुफ्त सलाह का लाभ लिया। मौके पर बाजितपुर के मुखिया उपेंद्र प्रसाद सिंह, शंकर सिंह, चितरंजन सिंह, कृष्ण मुरारी, राधे , विजय सिंह,अजय, कुमार , रितेश कुमार, सैकड़ो लोगों ने डॉक्टर मनोज कुमार सिंह का स्वागत किया।

## केन्द्रीय संचार ब्यूरो, क्षेत्रीय कार्यालय, आकाशवाणी दरभंगा भवन में हुआ शिफ्ट



प्रात : किरण संवाददाता

पटना/दरभंगा भारत सरकार, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के केन्द्रीय संचार ब्यूरो (सी.बी.सी.),क्षेत्रीय कार्यालय, दरभंगा का नया कार्यालय दरभंगा स्थित आकाशवाणी, दरभंगा के प्रशासनिक भवन के द्वितीय तल पर से संचालित होना शुरू हो गया है। आकाशवाणी दरभंगा भवन में शिफ्ट हुए सीबीसी दरभंगा कार्यालय का विधिवत उद्घाटन बिहार प्रदेश के केन्द्रीय संचार ब्यूरो के उपनिदेशक सह कार्यालय प्रमुख संजय कुमार के कर कमलों द्वारा किया गया। इस मौके पर केन्द्रीय संचार ब्यूरो, प्रादेशिक कार्यालय, पटना के वरिष्ठ लेखा अधिकारी विजय शंकर शर्मा, क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी मनीष कुमार एवं केन्द्रीय संचार ब्यूरो, पटना और दरभंगा के कर्मचारीयों के अलावा स्थानीय प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के संवाददाता उपस्थित थे। उद्घाटन के बाद उप निदेशक सह कार्यालय प्रमुख संजय कुमार ने कहा कि केन्द्रीय संचार ब्यूरो भारत सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं, उपलब्धियों के बारे में आम जनता को जानकारी देने का काम करता है। उन्होंने कहा कि सरकारी योजनाओं को जन-जन पहुंचाने हेतु केन्द्रीय संचार ब्यूरो कई प्रकार के जन-जागरुकता कर्यक्रम आयोजित करता है ताकि अधिक से अधिक संख्या में आम जनता सरकारी योजनाओं के विषय में जानकारी हासिल कर सके और समुचित लाभ उठा सके। उन्होंने कहा कि आकाशवाणी भवन में कार्यालय होने से लोग कार्यालय में भी आकर सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। गौरतलब है कि दरभंगा का क्षेत्रीय कार्यालय केन्द्रीय संचार ब्यूरो पहले पुस्तक भंडार, लहेरियासराय, दरभंगा से संचालित होता था।

## संक्षिप्त खबरें

### तबीयत बिगड़ी महिला को अस्पताल में करवाया गया भर्ती

जमुई [ झाझा ] रेलवे स्टेशन के समीप तबीयत बिगड़ने से गंभीर हालत में पड़ी एक महिला को आरपीएफ की मदद से इलाज के लिए रेफरल अस्पताल लाया गया। जिसके बाद महिला का अस्पताल में इलाज हुआ और स्थिति नाजुक रहने पर डॉक्टर ने उसे बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल जमुई रेफर कर दिया। हालांकि महिला की पहचान नही हो सकी जिसके कारण सही पता नही चल पाया। दरअसल कुछ लोगों को रेलवे स्टेशन के समीप बेहोशी हालत में महिला नजर आई जिसके बाद आरपीएफ को सूचना दिया गया तो आरपीएफ ने उसे अस्पताल में भर्ती करवाया।

### बाइक की टक्कर से एक युवक की हालत गंभीर

जमुई [ झाझा ] थाना क्षेत्र के छापा गांव के पास तेज रफ्तार बाइक असंतुलित होकर एक युवक को जोरदार टक्कर मार दी ।इस दुर्घटना में युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया। वहीं स्थानीय ग्रामीणों की मदद से बाइक सवार को पकड़ लिया गया और घायल युवक को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां डॉक्टर के द्वारा इलाज किया जा रहा है ।घायल युवक की पहचान थाना क्षेत्र के के नूअन काठी छापा निवासी सौदागर यादव के रूप में की गई है। परिजन ने बताया कि युवक गांव के सड़क की ओर पैदल जा रहा था। इसी दौरान तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर आई और जोरदार टक्कर मार दी। जिससे युवक घायल हो गया।

### अलीगंज प्रखंड मुख्यालय का डीएम ने किया औचक निरीक्षण

जमुई/ईअलीगंज:-प्रखंड मुख्यालय का जिलाधिकारी राकेश कुमार ने किया औचक निरीक्षण ।वहीं जिलाधिकारी ने प्रखंड विकास पदाधिकारी अभिषेक कुमार,आपूर्ति पदाधिकारी सन्नी कुमार दिवाकर, बीपीआरओ सौरभ कुमार,मनरेगा पदाधिकारी अन्य विभाग के पदाधिकारी के साथ बैठक कर सभी विभाग का जायजा लिया। जिलाधिकारी सभी उपस्थित पदाधिकारी को सख्त निर्देश देते हुए कहा की अपनी अपनी दायित्वों का अनुपालन करें ।सही समय पर कार्यालय आएं और जो भी लोग अपनी समस्या को लेकर प्रखंड आते हैं उनकी समस्या का समाधान तुरंत करें ।टाल मटोल नहीं करे,कोई भी समस्या हो हमें सूचना दे। वहीं उपस्थित पदाधिकारी एवं मुखिया के साथ आयुष्मान कार्ड शिविर को लेकर गहन चर्चा की गई।

# लूट के 8 आरोपी पुलिस वर्दी के साथ गिरफ्तार 1 लाख नगदी सहित एक स्कॉर्पियो बरामद

## टावर लगाने, पैसा डबल करने, नकली सोना का सिक्का देने के बहाने लोगों को लेता था झांसा में

प्रात : किरण संवाददाता




जमुई/बरहट/एसएनबी। थाना क्षेत्र अंतर्गत मंगलवार 30 जुलाई को अज्ञात आरोपियों ने एक युवक के साथ हुई लूट की घटना को अंजाम दिया था। बदमाश करीब 60000 रुपए लेकर फरार हो गए थे। बरहट थाना को सूचना संध्या सात बजे सूचना प्राप्त हुआ की एक युवक से 60,000 रुपया लूट कर एक सफेद रंग की स्कॉर्पियो गाड़ी से 08 व्यक्ति लखीसराय की तरफ भाग रहे है। सूचना मिलने के उपरांत पुलिस अधीक्षक जमुई के निदेर्शानुसार एक विशेष टीम द्वारा सभी महत्वपूर्ण पॉइंट्स पर चेकिंग और नाकेबंदी लगाई गई एवं पुलिस की सक्रियता से तत्क्षण कांड में संलिप्त सभी 08 अभियुक्तों को पकड़ा गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से 1,00,000 नगद जिसमें इस घटना के पीड़ित से छीना गया 60,000 रुपया बरामद किया गया तथा एक सफेद स्कॉर्पियो भी बरामद किया गया जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर बी आर 11 एच 9657 है। सभी आरोपी पुलिस के वर्दी में लोगों को डरा धमकाकर लूटपाट करता था। पुलिस की पूछताछ में यह प्रारम्भिक जानकारी मिली है कि यह एक संगठित गिरोह है जो भोलेभाले लोगों को टावर लगाने, पैसा डबल करने, नकली सोना का सिक्का देने के बहाने पैसा लेकर बुलाते है तथा रुपये और नकली पुलिस की छापामारी दिखाकर ले लेते है या मार पीट कर छिन लेते है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान नरेश कुमार साव पिता स्व लखन साव, कजरा लखीसराय, पवन कुमार मिश्रा पिता-स्व सुनील कुमार मिश्रा, अजय कुमार मिश्रा पिता-स्व घनश्याम मिश्रा व राकेश कुमार मिश्रा पिता-स्व सुनील कुमार मिश्रा साकिन मोहद्दीपुर, काशीम बाजार मुंगेर, रंजीत कुमार पिता हरिनन्दन प्रसाद लकड़ा पाताल, धरहरा मुंगेर, धनंजय कुमार पिता-राकेश कुमार यादव, साकिन-शंकरपुर मुफस्सिल मुंगेर, नन्द कुमार पिता - स्व ओम प्रकाश साकिन दलहट्टा, कोतवाली मुंगेर, उमेश कुमार पिता-स्व जोखे यादव साकिन-लाल दरवाजा, कोतवाली मुंगेर के रूप में हुआ है। बरहट पुलिस ने आरोपी के पास से एक लाख नगद रुपया, 09 मोबाईल फोन, पुलिस वर्दी, एक सफेद स्कॉर्पियो बरामद किया। इस छापेमारी दल में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी जमुई सदर बरहट थानाध्यक्ष कुमार संजीव, परि पु अनि शुभंम कुमार, परि पु अनि, सुमन कुमारी के साथ पुलिस बल शामिल थे। क्या कहते हैं सदर सदर अनुमंडल पदाधिकारी इस संबंध में जमुई एसडीपीओ सतीश कुमार ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी में एक व्यक्ति गृहरक्षक के रूप में कार्यरत है और दूसरी व्यक्ति हाल ही में गृह रक्षक से सेवानिवृत हुए हैं। उन्होंने बताया कि इनलोगों से पूछताछ में अभी इतनी जानकारी मिली है। पुलिस की स्वतंत्र सत्यापन होना अभी बाकी है।

## जमुई पुलिस के दबीश के कारण 50 हजार का इनामी बदमाश ने किया कोर्ट में सरेंडर उड़ीसा में छीपा था बदमाश

प्रात : किरण संवाददाता



जमुई : जमुई के सोनो थाना क्षेत्र में कई संगीन कांड में फरार चल रहे कुख्यात बदमाश अजीत राम ने मंगलवार को न्यायालय में सरेंडर कर दिया। अजीत राम पर पुलिस के अनुशंसा पर गृह विभाग ने उसके ऊपर 50,000 का इनाम घोषित किया था। फिलहाल, अजीत राम उड़ीसा और पूरी में अपना ठिकाना बनाया हुआ था। वहीं जमुई एसपी शौर्य सुमन के निर्देश पर अजीत राम को पकड़ने के लिए पुलिस टीम लगातार छापेमारी कर रही थी। पुलिस के लगातार बढ़ते दबाव के कारण ही मंगलवार को उड़ीसा से सीधे जमुई न्यायालय पहुंचा और समर्पण कर दिया। अजीत राम कई सालों से पुलिस से बचने के लिए जगह बदलकर अलग-अलग शहरों में रह रहा था। अजीत राम पर कई मामले थे दर्ज : अजीत राम पर कई मामले दर्ज थे। कुछ महीने पहले भी यह जमुई के मलयपुर थाना क्षेत्र के इलाके में देखा गया था, जहां छुपकर अपने रिश्तेदार के घर रह रहा था। पुलिस के इनाम घोषित करते ही अजीत राम ने अपना ठिकाना बदल दिया और उड़ीसा के पूरी इलाके में अपना ठिकाना बनाया हुआ था।अजीत राम का नाम उस समय चर्चा में आया था, जब सोनो थाना क्षेत्र के फरका गांव स्थित उल्फत मियां के घर पंचायत के दौरान गोली चली थी। इसमें उल्फत मियां के भाई डॉक्टर समसुद्दीन को गोली लगी थी।जिससे उसकी मौत हुई थी। हीं एसडीपीओ सतीश सुमन ने बताया कि अजीत राम के विरुद्ध दंगा,गृहभेदन, हत्या, हत्या का प्रयास, आर्म्स एक्ट, लूट इत्यादि के कुल 07 मामले दर्ज हैं। जिला पुलिस को और कई मामलों में अजीत राम की तलाश थी। इधर, न्यायालय के आदेश पर मेडिकल जांच के बाद अजीत राम को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# खाताधारकों ने पोस्टमास्टर पर 05 करोड़ रुपए राशि का लगाया गबन का आरोप, जांच में जुटी पुलिस





प्रात : किरण संवाददाता

जमुई : जमुई टाउन थाना क्षेत्र के सोनपे गांव के दर्जनों ग्रामीणों द्वारा डाक घर के पोस्टमास्टर पर पांच करोड़ राशि का गबन करने का आरोप लगाया गया है। खाताधारकों का दावा है कि पोस्टमास्टर राजेंद्र यादव ने सैकड़ों खाता धारकों का पांच करोड़ से अधिक का राशि गबन किया है। वहीं सोनपे गांव के करीब दर्जनों ग्रामीणों ने मंगलवार को जमुई थाना पहुंचकर इसकी शिकायत पुलिस से की। जिनमें लाभुको में दीनबंधु सिंह के चार लाख, विश्वजीत सिंह के पांच लाख, राकेश कुमार के पांच लाख, संजय कुमार सिंह के पांच लाख, नवीन कुमार सिंह के 60 लाख, संतोष कुमार के तीन लाख से अधिक राशि गबन करने का आरोप लगाया है। लाभुकों ने पैसे निकालने की मांग की : लाभुको द्वारा बताया गया कि डाकघर में आस पास के दर्जनों ग्रामीणों का पोस्टमास्टर के द्वारा सेविंग, एमआईएस, आरडी और अन्य खातों में अपनी गाढ़ी कमाई को जमा किया था। वहीं सोमवार देर रात गांव के लोगों को पता चला कि पोस्टमास्टर घर आया हुआ है। जिसकी सूचना पर गांव के लोगों ने एकत्र हो पोस्ट मास्टर के घर पर जमा हो गए और अपने अपने पैसे की मांग करने लगे। ग्रामीणों से घिर जाने के बाद पोस्टमास्टर ने खुद इसकी सूचना डायल 112 पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंचकर पोस्टमास्टर को हिरासत में ले लिया। खाते से निकाले गए पैसे : लाभुक राजीव रंजन सिंह हमारे गांव के पोस्ट ऑफिस में यह कार्यरत हैं। इन पर विश्वास कर हम लोगों ने अपनी गाड़ी कमाई पोस्ट ऑफिस में विभिन्न योजनाओं में जमा किए थे। इनके द्वारा सारे पैसे को खाता से निकाल लिए गए, जिसे जमा ही नहीं किए थे। पोस्ट ऑफिस के सारे स्कीम के खाते इन्हीं के पास है। वहीं लाभुक संतोष कुमार का कहना है कि 2024 में मेरा खाता पूरा होने वाला था। लेकिन 2023 में ही उस खाते से सारा पैसा निकाल लिया गया। उन्होंने बताया कि मेरा डाकघर में 11 खाता था, हर खाते में 40 से 50 हजार जमा था। इनके द्वारा सारे खाते से पैसे को निकाल लिया गया है ।पुलिस ने कहा जांच के बाद होगी कार्रवाई : टाउन थानाध्यक्ष अरुण कुमार ने बताया कि सोनपे के डाकघर में ग्रामीणों के द्वारा पैसा जमा किया गया था। वहीं ग्रामीणों का आरोप है कि पैसा वहां के पोस्टमास्टर के द्वारा पैसा गबन कर लिया गया है। जिसका कोई लेखा-जोखा नहीं है ।थानाध्यक्ष ने बताया कि इसकी जानकारी पोस्ट ऑफिस के अधिकारियों को दिया गया है। उनके आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# बघलोतवा गांव के आदिवासी आज भी नदी से पानी लाकर बुझाते है अपनी प्यास

प्रात : किरण संवाददाता



जमुई/चकाई चकाई प्रखंड के बरमोरिया पंचायत के बघलोतवा गांव में माओवादियों का कुछ समय पहले जमावड़ा रहा करता था उस समय उस गांव के आदिवासी कुछ बोल नही पाते थे।आज जब पूर्ण रूप से माओवादियों के गिरफ्त से यह गांव बाहर आया तो आदिवासी स्त्री और पुरूष अपनी समस्या को लेकर चकाई प्रखण्ड मुख्यालय तक पहुंचने लगे और सभी दलों के नेताओं से मिलकर इस गांव का दुखडा समय समय पर सुनाते रहे है।आजादी के 77 वर्ष बीत जाने के बाद भी आज तक इस गांव में सरकारी योजनाओं का काम नही होने के कारण अभी भी एक किलोमीटर दूर नदी से पानी लाकर प्यास बुझा रहे है।लखिया टुडू और गणेश टुडू ने सामाजिक कार्यकर्ताओ से भी बात कर कहा की यदि हम चकाई प्रखण्ड के बघलोतवा गांव निवासी हैं तो चकाई प्रखण्ड के मानचित्र पर यह गांव चिन्हित है तो यहा पर एक भी चापाकल नही गड़वाया गया और न ही आने जाने का कोई भी रास्ता नही बनवाया गया। चकाई प्रखण्ड से लगभग चालीस किलोमीटर दूर यह गांव स्थित हैं। जहां लोगों को आने जाने का कोई भी रास्ता नही है। पगडंडियो के सहारे इस गांव के लोग आवाजाही करते है। यह गांव घनघोर जंगल और पहाड़ों से घिरा हुआ है। इस गांव से एक किलोमीटर दूर बरनार नदी है आज तक सरकारी उपेक्षा का शिकार इस गांव के लोग नारकीय जीवन जीने को मजबूर हैं। यहां ना ही बिजली पानी सड़क और अन्य सरकारी सुविधा उपलब्ध नही रहने के कारण इन लोगों का जीवन अंधकारमय हैं । भले ही सरकार और स्थानीय प्रशासन गांव के विकास के बारे में नागाडे पीटते हो लेकिन धरातल पर विकास की किरण कुछ भी दिखाई नही पडता हैं। जब अनुमंडल बनाओ समिति के संयोजक मनोज पोद्दार इस गांव में पैर रखते ही इस गांव के आदिवासी लोग चारों ओर से घेर कर इस गांव की आपबीती कहानी सुनाने लगे। श्री पोद्दार ने ग्रामीणों को करीब दो घंटे तक समझाते रहे और कहा की इस गांव के विकास के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा।ओर आपलोगो का दुखड़ा सरकार तक पहुंचाया जाएगा जिससे इस गांव का कायाकल्प हो सकेगा। यहां पर मौजूद मनेल टुडू, सामेल सोरेन, लालमोहन मुर्मू के अलावे दर्जनों जनजातीय लोग मौजूद थे।

बिहार सरकार

विद्युत कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
विद्युत कार्य प्रमंडल सं0–1
भवन निर्माण विभाग, पटना।

अति अल्पकालिन पुर्न: कोटेशन आमंत्रण सूचना सं0–08 वर्ष 2023–24

15 अगस्त, 2024 स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर इस प्रमंडल के कार्य क्षेत्र के अर्न्तगत राजभवन, पटना एवं गाँधी मैदान, पटना में पूर्व की भांति अस्थायी प्रकाश व्यवस्था एवं विद्युत सजावट का कार्य गाँधी मैदान में दिनांक–13 से 15 एवं राजभवन में दिनांक–13 से 15 अगस्त 2024 तक अस्थायी प्रकाश व्यवस्था के लिए दर उद्धरण कोटेशन अधोहस्ताक्षरी द्वारा दिनांक–08.08.2024 को अपराह्न 03:00 बजे तक आमंत्रित किया जाता है। सभी प्राप्त कोटेशन दर उद्धरण उसी तिथि को अपराह्न 03:30 बजे कोटेशनदाताओं या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी।

उक्त कार्यों के बारे में विस्तृत जानकारी, रूपरेखा एवं अन्य सूचनाएँ किसी कार्य दिवस में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय या वेवसाइट state.bihar.gov.in/prdbihar पर देखा जा सकता है।

कार्य की विवरणी निम्नलिखित है:–

| | |
|---|---|
| 1 | Emergent temporary lighting arrangement on the occasion of Independence Day 15 Aug 2024 at Gandhi Maidan Patna. From dated 13.08.2024 to 15.08.2024 (total 3 Days) |
| 2 | Emergent temporary lighting arrangement on the occasion of ' Independence Day "15 Aug 2024" on the main building, Tenis Ground Garden, Rajendra Prasad Golamber, at Rajbhawan Patna dated 13.08.2024 to 15.08.2024 (3 Days) |

विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar पर देखी जा सकती है।

PR- 05036 ( B C D ) 2024-25

विद्युत कार्यपालक अभियंता,
विद्युत कार्य प्रमंडल सं0–1, पटना।

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

# पैक्स अध्यक्ष पर चार लोगों ने किया जानलेवा हमला, रेफरल अस्पताल झाझा में हुआ इलाज

## करहरा बाजार से अपने घर जाने के दौरान पैक्स अध्यक्ष पर हुआ हमला



प्रात : किरण संवाददाता

जमुई [ झाझा ] चुनावी रंजिश को लेकर थानाक्षेत्र के करहरा पंचायत के पैक्स अध्यक्ष पर चार लोगों के द्वारा जानलेवा हमला करते हुए मारपीट कर घायल कर दिया। घायल पैक्स अध्यक्ष की पहचान राजेश कुमार यादव के रूप में हुई है। जिसे लोगों की मदद से इलाज के लिए रेफरल अस्पताल में भर्ती करवाया गया जहां चिकित्सक ने घायल पैक्स अध्यक्ष का इलाज किया। घटना को लेकर घायल पैक्स अध्यक्ष ने बताया कि प्रत्येक दिन मै करहरा बाजार से अपने घर रात्रि के 9-10 घर जाता हूं। मंगलवार की रात्रि में भी मै लगभग 9:30 के बीच करहरा बाजार से लगभग आधा किलोमीटर दूर स्थित अपने घर बाइक से जा रहा था कि तभी तीन युवक करहरा बाजार से कुछ दूरी पर रास्ता रोकते हुए गाली गलौज करने लगा और इसी बीच पीछे से लोहे के सब्बल से मेरे सिर पर जोर से प्रहार कर दिया जिससे मै बाइक लिए नीचे गिर गया तभी एक युवक ने फिर से लाठी चला दिया जिसके बाद हो हल्ला करते हुए मै करहरा बाजार पहुंचा तो वहां पर मौजूद गुडडु यादव नाम के एक युवक ने मुझे पकड़कर मेरे साथ मारपीट किया। घायल पैक्स अध्यक्ष ने बताया कि 2021 में मै चुनाव लड़ा जिसमे पंचायत के ही मुन्ना यादव मुझे हार गया। जिसके बाद वे रंजिश रखे हुए इसको लेकर न्यायलय में केस भी चल रहा है। वही घटना की जानकारी पुलिस को भी दिया गया।

# इलेक्ट्रॉनिक दुकान में आग लगने से लाखों की क्षति



प्रात : किरण संवाददाता

कुमारखंड (मधेपुरा) श्रीनगर थाना क्षेत्र के मंगरवारा वार्ड नंबर 7 स्थित मुसहरी चौक पर सोमवार की रात करीब 11:30 बजे इलेक्ट्रॉनिक्स दुकान में आग लगने स दो लाख पांच हजार रुपया की क्षति हुई है। पीड़ित दुकानदार उदय चंद यादव ने आरोप लगाते हुए बताया दो-तीन दिन पूर्व रुपया लेनदेन को लेकर गांव के ही मनोज कुमार, सुमन कुमार, सिकंदर कुमार, प्रवेश कुमार से नोक्षक हुआ था। सामाजिक पंचों ने दोनो लोगो को समझा बुझा दिया था। उन्होंने कहा उक्त लोगो ने धमकी दिया था तुम्हें दो दिन के बाद दिखा देंगे। उन्होंने मुसहरी चौक स्थित इलेक्ट्रॉनिक्स की दुकान में मेरा छोटा भाई राजा कुमार सो रहा था। वक्त सभी व्यक्ति दुकान के पीछे आग लगा दिया। जिससे 2 लाख 5 हजार रुपया का क्षति हुआ है। राजा कुमार बाल बाल बचे। स्थानीय ग्रामीणों और दमकल के सहयोग से आग को बुझाया गया। उन्होंने जाते-जाते धमकी दिया कि तुम्हारे घर में भी आग लगा देंगे। घटना को लेकर श्रीनगर थाना में लिखित आवेदन देकर उक्त व्यक्ति पर केस दर्ज करने की मांग की गई है। थानाध्यक्ष राघवेंद्र नारायण ने बताया जानकारी मिली है आवेदन दिया गया है जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
गुण नियंत्रण (बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण)
प्रमंडल, पटना

बिहार सरकार

पत्रांक :–266 कमरा नं0–G-11 ब्लॉक ए, जल संसाधन भवन, अनिसाबाद, पटना–800002
Phone No. – 0612-2250085, Email- e.e.qualitycontroldiv.no.1@gmail.com

अल्पकालीन निलामी सूचना सं0– 02/2024–25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मुख्य अभियंता, केन्द्रीय रूपांकण, शोध एवं, गुण नियंत्रण, जल संसाधन विभाग, अनिसाबाद पटनाके **पत्रांक 904 दिनांक 27.07.2024** एवं बिहार वित्त नियमावली के नियम 143(1)(ख) के आलोक में मुख्य अभियंता, केन्द्रीय रूपांकण, शोध एवं, गुण नियंत्रण, जल संसाधन विभाग, अनिसाबाद पटना के कार्यालय में वर्शों से अनुपयोगी एवं टूटे–फूटे यंत्रों/संयंत्रों/ उपस्करों का सार्वजनिक निलामी किया जाना है।

इन सामग्रियों का मूल्यांकन प्रतिवेदन के आधार पर सामूहिक निलामी "जैसे है उसी स्वरुप में" के आधार पर **दिनांक 14.08.2024 को 2.00 बजे अपराह्न** में गुण नियंत्रण (बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण) प्रमंडल, पटना के कार्यालय में की जाएगी, जिसकी विवरणी निम्न है:–

| क्र0 सं0 | अनुपयोगी यंत्रो /संयंत्रों/उपस्करो का नाम एवं सख्या | निलामी की न्यूनतम बोली (रुपये में) | सुरक्षित जमा/अग्रधन की राशि (रुपये में) | निलामी की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 01 | प्रमंडलीय सूचनापट्ट एवं परिशिष्ट 1 में संलग्न सूची के अनुसार | 12900.00 | 3250.00 | 14.08.2024 |

1. इच्छुक फर्म/आवेदक दिनांक 09.08.2024 से दिनांक 13.08.2024 तक कार्यालय अवधि में (रविवार एवं अन्य छुट्टियों को छोड़कर) सूचनापट्ट पर प्रदर्शित अनुपयोगी यंत्रो/संयंत्रों/उपस्करो की सूची देख सकते हैं।
2. निलामी में भाग लेनेवाले व्यक्ति को कॉलम संख्या 05 में अंकित सुरक्षित जमा राशि/ अग्रधन/ प्रतिभूति की राशि दिनांक 13.08.2024 के अपराह्न 3.00 बजे तक कार्यपालक अभियंता गुण नियंत्रण (बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण) प्रमंडल, पटना के कार्यालय में आवेदन पत्र के साथ जमा करना होगा। अग्रधन की राशि डिमाण्ड ड्राफ्ट **Executive Engineer, Quality Control (Flood Control and Drainage) Division, Patna, Payable at Patna** के नाम से भुगतेय हो जमा करने के पश्चात् ही निलामी में भाग लेने की अनुमति दी जाएगी। निर्धारित तिथि के बाद किसी भी स्थिति में आवेदन एवं सुरक्षित जमा राशि स्वीकार नहीं किया जायेगा।

विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

PR- 005091 ( WRD ) 2024-25

कार्यपालक अभियंता, गुण नियंत्रण
(बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण) प्रमंडल, पटना

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।

# झाझा यक्षराज स्थान मंदिर आस्था का बना केंद्र

## प्राचीन मंदिर को 60 वर्षों पूर्व रेलवे सुरक्षा बल झाझा के प्रयास से दिया गया नया रूप

प्रात : किरण संवाददाता

जमुई [ झाझा ] झाझा का यक्षराज स्थान मंदिर आस्था का केंद्र बना हुआ है। तभी तो यहां शिवरात्रि की कौन कहे, पूरे साल श्रद्धालु भक्त यहां भगवान शिव की पूजा करने आते हैं। झाझा के इस प्राचीन मंदिर को 60 वर्षों पूर्व रेलवे सुरक्षा बल झाझा के प्रयास से नया रूप दिया जा सका था। इस मंदिर के एक भवन के रूप में विकसित होने के बाद लोगों के बीच श्रद्धा के भाव और बढ़ गए। प्राकृतिक छटाओ पहाड़ियों झरने से झर झर बहते हुए जल की आवाज के साथ निरंतर गिरता बहता शुद्ध जल और इन्हीं प्राकृतिक सौंदर्य के बीच विद्यमान इस शिव मंदिर में वर्ष 1965 के पूर्व भी यहां पूजा होती रही है परंतु उसका रूप बहुत ही छोटा था। भिन्न-भिन्न प्रकार के पेड़ पौधों, यहां तक कि औषधीय पौधों एवं जड़ी बूटियों से युक्त इन पहाड़ियों की छटाऐं इस मंदिर की सुंदरता में चार चांद लगा देती है। यहां के प्रधान पुजारी बम शंकर पांडे का कहना है की ऐसी मान्यता है कि जो भी व्यक्ति सच्चे मन से यहां आकर स्नान ध्यान कर पूरी श्रद्धा से भगवान को याद कर अपनी मनोकामना पूर्ण होने हेतु विनती करते हैं भगवान उनकी मनोकामना अवश्य पूरी करते हैं। हां यह अलग बात है किन्हीं को अधिक समय लगता है तो किन्हीं को कम। पर यह भी सत्य है कि यहां से आज तक कोई श्रद्धालु याचक खाली हाथ लौटा है। पुजारी समेत झाझा के आरपीएफ इंस्पेक्टर सहित नागरिक समाज सेवी केमिस्ट एंड ड्रजिस्ट एसुएसन के अध्यक्ष सुरेश यादव , बिहार खुदरा विक्रेता संघ सह समाज सेवी रंधीर माथुरी, समाजसेवी अनील यादव , समाजसेवी मुन्ना रावत समेत कईयों का कहना है कि इस मंदिर में बना कुआं लोगों के बीच आज से नहीं दशकों से चर्चा में रहा है। औषधीय गुणों से युक्त इस कुएं के जल का पानी पीने से पेट संबंधी व्याधियों दूर होती है। यह वही मंदिर है जहां सालों भर विवाह हेतु लड़का लड़की को देखे जाने, तिलक छेंका जैसे कार्यक्त्रम चलते रहते हैं । यह झाझा का एक ऐसा मंदिर है जहां बने बैठने के स्थान पर लोग आपस में किसी विषय पर वार्ता के लिए एकजुट होकर बैठते विचार वमर्श करते हैं। ऐसी बैठक होती है और तो और कई सरकारी विभागों के सांगठनिक बैठक बैठक भी यहां आयोजित होते रहते हैं। झाझा ही नहीं देवघर चकाई सोनो गिद्धौर सिमुलतला टेल्वा यहां तक कि जमुई मुख्यालय से भी लोग इस मंदिर में शादी जैसे कार्यक्रम संपन्न कराने पूछते हैं और इस मंदिर को बाबा मंदिर की तरह महत्त्व देते हैं। रेलवे सुरक्षा बल द्वारा इसकी स्थापना एवं रखरखाव के प्रति योगदान को भुलाया नहीं जा सकता।

# बिजली की आंख मिचौली से प्रखंडवासी परेशान, लोगों के बीच विद्युत विभाग के प्रति बढ़ रहा है आक्रोश

प्रात : किरण संवाददाता

जमुई [ झाझा ] उमस भरी गर्मी में बारिश नही होने से लोगों को राहत नही मिल पा रहा है ऐसे में बिजली की आंख मिचौली से नगर से ग्रामीण क्षेत्रों में लोग परेशान है। बिजली की आंख मिचौली से दिन हो या रात लोग उमस भरी गर्मी में बेहाल हो गया है। बिजली आपूर्ति सही ढंग से नही मिलने के कारण लोग गर्मी से परेशान तो है इसके अलावे बच्चों के शिक्षा पर भी असर पड़ रहा है। जिला परिषद धर्मदेव यादव, व्यवसायी सोनू बरनवाल, रंधीर माथुरी सहित अन्य लोगों ने बताया कि बिजली की समस्या इस बार इतनी बढ़ चुकी है कि इस भीषण गर्मी में जीना मुश्किल हो रहा है। बच्चों की पढ़ाई भी पूरी तरह से नही हो पा रहा है। रात्रि में स्कूली बच्चे अच्छे ढंग से सो भी नही पा रहे है जिसके कारण बच्चों को पढ़ाई में परेशानी हो रही है। लोगों का कहना है कि जब भी विभाग से पूछा जाता है तो हर बार एक ही बात का आश्वासन मिलता है कि जल्द ही सुधार कर दिया जाएगा लेकिन बिजली की आंख मिचौली की समस्या का समाधान नही हो पा रहा है। प्रखंड क्षेत्र में इन दिनों बिजली आपूर्ति लोगों के बीच सही रूप से नही मिल पाने के कारण लोगों के बीच विद्युत विभाग के प्रति काफी रोष है और लोग विद्युत विभाग के खिलाफ बड़ा आंदोलन की रूप रेखा भी तैयार कर रहे है।

सम्पादकीय

## राहुल का नया चक्रव्यूह

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को बजट पर बोलना था, लेकिन उन्होंने महाभारत कालीन चक्रव्यूह का नया रूपक ही गढ़ दिया। हजारों साल पुराने चक्रव्यूह में अभिमन्यु को घेर कर मार दिया गया था। उसका नियंत्रण द्रोणाचार्य, कृपाचार्य, कर्ण, कृतवर्मा, अश्वत्थामा और शकुनि के हाथों में था। आज का चक्रव्यूह भी प्रधानमंत्री मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, सरसंघचालक मोहन भागवत, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल आदि छह हाथों में है। दो शेष नाम देश के बड़े उद्योगपतियों के हैं, जिनका नाम सदन में नहीं लिया जा सकता था। स्पीकर ओम बिरला ने भी नियमों का हवाला दिया, लेकिन राहुल गांधी उनका एक बार नाम ले चुके थे। फिर उन्हें ए-1, ए-2 नामकरण दिया। राहुल गांधी ने यह रूपक क्यों गढ़ा? क्या आज का चक्रव्यूह भी किसी को हताहत करने को रचा गया है? संसद में ऐसी हिंसकवादी राजनीति के कोई मायने नहीं हैं, लिहाजा स्पीकर नेता प्रतिपक्ष को बार-बार सलाह देते रहे कि एक बार और सदन के नियमों को नेता प्रतिपक्ष पढ़ लें। जाहिर है कि राहुल गांधी बार-बार नियमों का उल्लंघन करते रहे हैं। बहरहाल नए चक्रव्यूह के संदर्भ में जवाब राहुल ही देंगे, लेकिन उनकी राजनीति समझ में जरूर आती है कि 2024 के आम चुनाव की तरह वह अब भी एक नेरेटिव देश में फैलाना चाहते हैं। वह नेरेटिव भाजपा के हिंदुत्व और सवर्णवाद की काट साबित हो सकता है, ऐसी राहुल गांधी की उम्मीद है। उनकी राजनीति जातीय जनगणना की है, जबकि कांग्रेस में उनके पुरखे ऐसे जातिवाद के खिलाफ थे और ऐसी जनगणना को कभी भी लागू नहीं किया। कांग्रेस की विरासत ही कांग्रेस के विपरीत है। राहुल गांधी का फोकस पिछड़े, दलित, आदिवासी पर ज्यादा है। उन्होंने अपने 46 मिनट के भाषण का सारांश यह रखा कि गरीब, पिछड़े, दलित, युवा, किसान समेत पूरा देश भय के चक्रव्यूह में है। अग्निवीरों को भी चक्रव्यूह में फंसाया गया है। प्रधानमंत्री जिस कमल के फूल (भाजपा का चुनाव चिह्न) को लहराते रहते हैं, उसी के आकार वाला चक्रव्यूह है। यहां नेता प्रतिपक्ष ने अपनी सियासत के मुताबिक हिंदू धर्म का अपमान किया है। भाजपा ने यूं पलटवार करते हुए कहा है कि जिस फूल को ब्रह्मा जी, देवी लक्ष्मी, देवी सरस्वती ने अपना आसन बनाया, पवित्रता के प्रतीक उसी फूल को राहुल गांधी ने हिंसक करार दिया। यह धार्मिक अपमान राहुल की राजनीति के मुताबिक है। नेता प्रतिपक्ष ने बजट पर संभवतः 2.5 फीसदी ही बोला। सिर्फ शिक्षा का आवंटन ही उन्हें याद रहा। बजट की हलवा सेरेमनी में भी उन्होंने जातिवाद को घुसेड़ कर कहा कि जो 20 अधिकारी देश का बजट तैयार करते हैं, उनमें कोई भी ओबीसी, दलित या आदिवासी अफसर नहीं है, जबकि इन समुदायों की आबादी देश की 73 फीसदी है। सिर्फ 2-3 फीसदी लोग ही हलवा बनाते हैं, वे ही बांटते हैं और वे ही खा जाते हैं। देश की 73 फीसदी आबादी को हलवा नहीं मिल रहा है। राहुल का कथन देश के संसाधनों और शक्तियों की व्याख्या कर रहा है। उनका जातिवाद भी इसी आधार पर टिका है कि जो देश में बहुसंख्यक हैं, वे ही वंचित और विपन्न हैं। शायद राहुल गांधी को यह याद नहीं रहा कि बजट से जुड़ा ‘राजनीतिक हलवा’ तो बीते 70 सालों से अधिक समय से बांटा जा रहा है। इस दौरान सर्वाधिक सरकारें कांग्रेस की रही हैं। गौरतलब है कि कांग्रेस नेतृत्व की यूपीए सरकार के दौरान 2011 की जनगणना के साथ जातीय जनगणना भी कराई गई थी। उसके आंकड़े सार्वजनिक क्यों नहीं किए गए? कर्नाटक में जब सिद्धारमैया पहली बार मुख्यमंत्री बने थे, तब उन्होंने जातीय जनगणना कराई थी। आज भी वह मुख्यमंत्री हैं, लेकिन जातीय जनगणना के आंकड़े आज तक भी जारी नहीं किए गए। कांग्रेस या राहुल गांधी स्पष्ट कर सकते हैं कि उनके जातिवाद का यथार्थ क्या है?

## क्यों हो रहा रेल परिचालन फेल?

निर्मल रानी

गत 30 जुलाई को सुबह सुबह करीब पौने चार बजे एक और रेल हादसा दक्षिण पूर्व रेलवे के चक्रधरपुर डिवीजन के तहत पेश आया। झारखंड के जमशेदपुर से 80 किलोमीटर दूर सरायकेला-खरसावां ज़िले में बंबू नामक स्थान पर मुंबई-हावड़ा मेल के 18 डिब्बे पटरी से उतर गए। इस हादसे में दो रेल यात्रियों की मौत हो गयी व 20 से अधिक लोगों के घायल होने का समाचार है। पूर्व में हो रहे अन्य रेल हादसों की ही तरह इस रेल दुर्घटना की भी जांच के आदेश दे दिए गये हैं। यह भी खबर है कि इसी दुर्घटनास्थल के पास में ही एक मालगाड़ी भी पटरी से उतर गई थी। लेकिन अभी यह साफ नहीं है कि क्या इन दोनों ट्रेंस की दुर्घटनाएं एक साथ हुई थीं या आगे पीछे। बुलेट ट्रेन की दुनिया में प्रवेश करने व विश्व की आधुनिकतम रेल सेवाओं का दावा करने वाली भारतीय रेल को गत 13 दिनों के भीतर ही 7 रेल दुर्घटनाओं का सामना करना पड़ा है। निश्चित रूप से इस तरह से आए दिन हो रही रेल दुर्घटनाएँ बेहद चिंता का विषय हैं। जाहिर है इस तरह की लगातार होने वाली दुर्घटनाओं के बाद यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि क्या सरकार रेल संचालन में सुरक्षा व्यवस्था के लिये किये जाने वाले जरूरी कदम उठा भी रही है अथवा नहीं? लगातार हो रहे इतने हादसों के बाद रेल यात्रियों में भारतीय रेल व्यवस्था के प्रति असुरक्षा व अनिश्चितता का भाव पैदा होना भी स्वाभाविक है। झारखण्ड में गत मंगलवार की अलस सुबह हुये मुंबई-हावड़ा मेल के हादसे से एक ही दिन पहले 29 जुलाई को समस्तीपुर-मुजफ़्फ़रपुर रेलखंड पर दरभंगा से दिल्ली जा रही 12565 बिहार संपर्क क्रांति सुपरफास्ट ट्रेन, कपलिंग टूटने के कारण दो हिस्सों में बंट गई थी। इस रूट पर आ रही अन्य ट्रेन्स को तत्काल रोकने का आदेश दिया गया ताकि किसी बड़े हादसे को टाला जा सके। उससे पहले 21 जुलाई को दो ट्रेन हादसे हुये। पहला ट्रेन हादसा राजस्थान के अलवर में हुआ जहां यार्ड से निकली मालगाड़ी के तीन डिब्बे पलट गये। इसके कारण अलवर मथुरा ट्रैक बाधित हुआ। दूसरा हादसा 21 जुलाई को ही पश्चिम बंगाल के रानाघाट में हुआ। यहाँ भी एक मालगाड़ी पटरी से उतर गई है। इस हादसे के कारण भी इस रेल मार्ग पर ट्रेनों का आवागमन प्रभावित हुआ है। और इसके एक दिन पूर्व यानी 20 जुलाई को उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद -मुरादाबाद सेक्शन के बीच अमरोहा में कंटेनर से भरी ट्रेन के 6 डिब्बे पटरी से उतर गए। इसके कारण दिल्ली -लखनऊ रेलवे लाइन की दोनों लाइनें बंद करनी पड़ींऔर दोनों ओर का रेल यातायात प्रभावित हुआ। इसी तरह 19 जुलाई को गुजरात के वलसाड-सूरत स्टेशन के बीच एक मालगाड़ी का डिब्बा पटरी से उतर गया। डुंगरी स्टेशन के पास हुई इस घटना के कारण इस रेल मार्ग पर भी यातायात प्रभावित हुआ। इत्तेफाक से मुंबई-अहमदाबाद ट्रंक रूट पर यह दुर्घटना उस समय हुई थी जबकि केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव पश्चिमी रेलवे मुख्यालय में रेलवे सुरक्षा सहित रेल संबंधी अन्य विषयों का निरीक्षण कर रहे थे। इस दुर्घटना से भी एक दिन पूर्व अर्थात 18 जुलाई को उत्तर प्रदेश के गोंडा में एक बड़ा रेल हादसा हुआ जबकि गोरखपुर जा रही चंडीगढ़-डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस की 17 बोगियां बेपटरी हो गयीं। परिणामस्वरूप 5 बोगियां पलट गईं। इस दुर्घटना में 4 यात्री की मौत हो गई थी और दर्जनों घायल हो गए थे। मात्र जून और जुलाई 2024 में हुई केवल तीन दुर्घटना में कुल मिलाकर 17 यात्रियों की जान चली गई और 100 लोग घायल हो गए। इसके अलावा भी गत एक वर्ष के ही दौरान कई भीषण रेल दुर्घटनाएं केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के ही कार्यकाल में होती रही हैं। परन्तु इस बार राजग 3 के कार्यकाल में भी अश्विनी वैष्णव को ही रेल मंत्रालय का जिम्मा सौंपने का सीधा अर्थ है कि प्रधानमंत्री, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के पिछले कार्यकाल की उनकी कारगुजारियों से संतुष्ट थे। जबकि हकीकत यह है कि अश्विनी वैष्णव के कार्यकाल में रेल यात्रियों को सुख सुविधा मिलने के बजाये उन की परेशानियों में इजाफा ही हुआ है। आये दिन होने वाली छोटी बड़ी दुर्घटनाओं को केवल जान व माल की क्षति के आधार पर ही आंकना काफी नहीं है। बल्कि दुर्घटनास्थल पर होने वाले व्यवधान के चलते जो मार्ग परिवर्तन किये जाते हैं और उसके कारण जिन लाखों यात्रियों को परशानियों व नुकसान का सामना करना पड़ता है, भारी राजस्व की क्षति होती है, उसका तो कोई आंकड़ा ही नहीं होता। जिन देशों में भारत का डंका बजना प्रचारित किया जाता है वहाँ जब इन आये दिन होने वाली दुर्घटनाओं की खबर प्रसारित होती होगी तो भारतीय रेल व्यवस्था का कैसा डंका बजता होगा, सरकार ने कभी इस बारे में भी सोचा है? इन हादसों से रेल यात्रियों को होने वाली परेशानी के अलावा भी रेल मंत्रालय की अनेक नीतियों के चलते भी इन दिनों रेल यात्रा करना बेहद मुश्किल हो गया है। देश की अनेक ट्रेन्स में ए सी कोच की संख्या बढ़ाकर सामान्य कोच की संख्या घटा दी गयी है। कई इंटरसिटी गाड़ियों में बिना जरुरत के स्लीपर कोच लगाये गए हैं और उनमें भी सामान्य कोच की संख्या घटा दी गयी है। उदाहरणार्थ 14712 /11 नंबर की गंगानगर -ऋषिकेश -गंगानगर एक्सप्रेस ट्रेन को समाप्त कर उसकी जगह 14815 /16 बाड़मेर -ऋषिकेष एक्सप्रेस के नाम से उसी समय सारिणी के अनुसार एक ट्रेन चलाई गयी है जिसमें आधे कोच ए सी के हैं और आधे स्लीपर श्रेणी के।

# बिहार : विकास की बयार बिहार की उम्मीदों का बजट

**मोदी जी के ज्ञान मंत्र पर आधारित इस बजट में गरीब, युवा, अन्नदाता व नारीशक्ति पर विशेष रूप से ध्यान केंद्रित किया गया है। अभी तक सरकारों बजट में बिहार के विकास के लिए लगभग 60 हजार करोड़ की परियोजनाओं का प्रस्ताव है। विभिन्न योजनाओं के मद में आवंटित इस राशि से राज्य को करीब एक लाख करोड़ तक का लाभ मिलेगा। पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में इस वर्ष करीब 9500 करोड़ की बढ़ोतरी हुई है। यह बजट आर्थिक और सामाजिक रूप से पिछड़े राज्य के विकास के लिए ईंधन साबित होगा। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन ने बिहार में पटना-पूर्णिया एक्सप्रेसवे, बक्सर भागलपुर एक्सप्रेस-वे और बोधगया-राजगीर-वैशाली-दरभंगा हाईवे निर्माण की घोषणा की है। सरकार बक्सर में गंगा नदी पर दो लेन का एक और पुल बनाएगी। इन सड़क और पुल योजनाओं पर 26 हजार करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। इन योजनाओं से बिहार को बहुत फायदा होगा। बिहार एक लैंडलॉक राज्य है, इसकी सीमाएं झारखंड, पश्चिम बंगाल, ओडिशा और आंध्र प्रदेश से जुड़ी हुई हैं। बिहार के ढांचागत विकास का प्रभाव इस पूरे क्षेत्र पर सकारात्मक रूप से पड़ेगा। बिहार में काशी विश्वनाथ की तर्ज पर विष्णुपद मंदिर और महाबोधि मंदिर कॉरिडोर का भी विकास किया जाएगा। बिहार में पर्यटन के विकास की संभावनाओं को पूरा करने में ये कॉरिडोर विशेष योगदान देंगे। राज्य में पर्यटन के विकास से स्थानीय रोजगार के अवसर तो बढ़ेंगे ही, राज्य की अर्थव्यवथा में भी योगदान होगा।**





**डॉ संजय मयूख**
उप-मुख्य सचेतक, बिहार विधान परिषद् (भाजपा), राष्ट्रीय मीडिया सह-प्रमुख एवं प्रवक्ता, बिहार

उम्मीदों और आकांक्षाओं से भरा मोदी सरकार 3.0 का यह पहला बजट विकसित भारत और विकसित बिहार का आधार है, यह बजट नए बिहार की नींव रखेगा। मोदी जी के ज्ञान मंत्र पर आधारित इस बजट में गरीब, युवा, अन्नदाता व नारीशक्ति पर विशेष रूप से ध्यान केंद्रित किया गया है। अभी तक सरकारों बजट में बिहार के विकास के लिए लगभग 60 हजार करोड़ की परियोजनाओं का प्रस्ताव है। विभिन्न योजनाओं के मद में आवंटित इस राशि से राज्य को करीब एक लाख करोड़ तक का लाभ मिलेगा। पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में इस वर्ष करीब 9500 करोड़ की बढ़ोतरी हुई है। यह बजट आर्थिक और सामाजिक रूप से पिछड़े राज्य के विकास के लिए ईंधन साबित होगा।

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन ने बिहार में पटना-पूर्णिया एक्सप्रेसवे, बक्सर भागलपुर एक्सप्रेस-वे और बोधगया-राजगीर-वैशाली-दरभंगा हाईवे निर्माण की घोषणा की है। सरकार बक्सर में गंगा नदी पर दो लेन का एक और पुल बनाएगी। इन सड़क और पुल योजनाओं पर 26 हजार करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। इन योजनाओं से बिहार को बहुत फायदा होगा। बिहार एक लैंडलॉक राज्य है, इसकी सीमाएं झारखंड, पश्चिम बंगाल, ओडिशा और आंध्र प्रदेश से जुड़ी हुई हैं। बिहार के ढांचागत विकास का प्रभाव इस पूरे क्षेत्र पर सकारात्मक रूप से पड़ेगा। बिहार में काशी विश्वनाथ की तर्ज पर विष्णुपद मंदिर और महाबोधि मंदिर कॉरिडोर का भी विकास किया जाएगा। बिहार में पर्यटन के विकास की संभावनाओं को पूरा करने में ये कॉरिडोर विशेष योगदान देंगे। राज्य में पर्यटन के विकास से स्थानीय रोजगार के अवसर तो बढ़ेंगे ही, राज्य की अर्थव्यवथा में भी योगदान होगा। बिहार, भारत का प्राचीन सांस्कृतिक केंद्र रहा है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने नालंदा विश्वविद्यालय को उसके गौरवशाली स्वरूप में पुनर्जीवित करने का बीड़ा उठाया है, केन्द्र सरकार विकास भी, विरासत भी के मंत्र पर कार्य करके देश के आर्थिक विकास को सांस्कृतिक गौरव के साथ लेकर चलने का कार्य कर रही है। बिहार का एक गौरवशाली अतीत और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत है। बिहार के कर्मठ और प्रतिभाशाली लोगों ने देश के विकास में शुरूआत से ही महत्वपूर्ण योगदान दिया है। परंतु पूर्व की सरकारों में बिहार में संसाधनों, सुविधाओं और अवसरों की कमी होने के कारण बिहार लालटेन युग में था। वर्षों तक बिहार अंधकार से घिरा हुआ था। आरजेडी की सरकार ने बिहार में 15 सालों तक राज किया लेकिन वो बिहार के गरीबों के घरों में अंधेरा करके खुद के घर को रोशन करने में व्यस्त थे। लालटेन की सरकार ने बिहार को अपराध, अंधकार और अभाव के गर्त मे धकेल दिया। लालू परिवार ने बिहार के खजाने को लूटकर अपनी तिजोरी भरने और सत्ता को चमकाने के लिए बिहार के विकास, विरासत और संस्कृति को दरकिनार कर दिया। आज जब केन्द्र सरकार ने बिहार के विकास के लिए विशेष राहत पैकेज की घोषणा की है तो कांग्रेस इसका विरोध कर रही है। कांग्रेस, बिहार के लोगों का वोट तो चाहती है लेकिन बिहार के लोगों का विकास नहीं चाहती है। कांग्रेस के नेताओं को बिहारियों के स्वाभिमान, बिहार के गौरव और होनहार युवाओं की प्रतिष्ठा की कोई परवाह नहीं है, इसलिए जब बिहार के लिए बजट में विशेष परियोजना मिली तो कांग्रेस इसका विरोध कर रही है।

बीते 10 वर्षों में केन्द्र सरकार ने सबका साथ और सबका विकास के मंत्र के साथ बिहार को मुख्य धारा से जोड़ने का कार्य किया है। सरकार ने एक दशक में सड़कों, पुलों और बुनियादी ढांचे में निवेश बढ़ाया है। बिहार के 90% से अधिक गांव आज हर मौसम के लिए उपयुक्त सड़कों से जुड़े हुए हैं। केन्द्र सरकार की जन-कल्याणकारी नीतियों ने देश के गरीब, वंचित, शोषित, पीड़ित, दलित, युवा, महिला और किसानों को सशक्त बनाया है। मोदी सरकार देश की 80 करोड़ जनता को 5 किलो अनाज मुफ्त उपलब्ध करवा रही है जिसका लाभ बिहार की गरीब आबादी को सबसे अधिक मिला है। इसका परिणाम ये हुआ कि भारत के 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आ गए हैं और देश की अति गरीबी 1% से भी कम रह गई है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के माध्यम से केन्द्र सरकार 11

करोड़ 78 लाख किसानों को हर चौथे महीने 2000 रुपए आर्थिक सहायता के तौर पर दे रही है, जिसमें बिहार के 80 लाख किसान शामिल है। केन्द्र सरकार ने कृषि बाजारों में एकाधिकारवादी बिचौलिया प्रणाली को खत्म करने के लिए भी कई कृषि सुधारों को लागू किया है, जिससे किसानों की आय और उत्पादकता बढ़ाने में मदद मिली है। बिहार पहला राज्य है, जहां एनडीए सरकार ने सिंचाई, जल संसाधन सहित दर्जन भर विभागों को मिलाकर कृषि रोडमैप लागू किया। इससे राज्य की कृषि विकास दर पंजाब से ज्यादा हुई। आज बोध गया में आईआईएम, पटना में आईआईटी और बिहार में 8 मेडिकल कॉलेज बन गए हैं। राज्य के लिए रेलवे का बजट 9 गुना बढ़ा दिया गया है, लगभग 900 करोड़ की लागत से 99 स्ट्रेशन अमृत स्टेशन बनाए जा रहे हैं। केन्द्र सरकार बिहार को प्राथमिकता देकर लगभग हर क्षेत्र में विकास के नए आयाम स्थापित कर रही है। धानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी नेतृत्व में, अपनी सांस्कृतिक विरासत और वैभव के लिए दुनियाभर में विशिष्ट पहचान रखने वाला बिहार आज विकास के एक नए युग की ओर बढ़ रहा है।

# राहुल गांधी की विभाजनकारी राजनीति और बेतुकें तर्क

**वे जानते नहीं कि वे क्या कह रहे हैं। उससे क्या नफा-नुकसान हो रहा है या हो सकता है। वे तो इसलिए बोल रहे हैं कि वे बोल सकते हैं, उन्हें बोलने की आजादी है, लेकिन इसका नुकसान देश को भुगतना पड़ रहा है। नेता प्रतिपक्ष ने महाभारतकालीन चक्रव्यूह और पद्म व्यूह का सहारा लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधना चाहा है। जिस तरह से उन्होंने बजट पूर्व हलवा परम्परा में वित्तमंत्री के साथ खड़े लोगों को जाति आधारित संरचना बताया वह कहीं से भी तार्किक नहीं लगता। इस सेरेमनी में तो उस वक्त मंत्रालय के जो सीनियर अफसर होते हैं, वे ही मौजूद रहते हैं। इसमें जातिवाद कहाँ से आया? यह बात समझ से परे है। यही वजह है कि हलवा परम्परा की जब राहुल गांधी अपनी तरह से विवेचना कर रहे थे, तब वित्त मंत्री ने माथा पकड़ लिया था। राहुल गांधी ने जो तुलनाएँ की, वे निश्चित रूप से अतिरेक या अतिशयोक्ति कही जा सकती हैं। हर दिखते समर्पण की पीठ पर स्वार्थ चढ़ा हुआ है। इसी प्रकार हर अभिव्यक्ति में कहीं न कहीं स्वार्थ की राजनीति है, सत्तापक्ष को नुकसान पहुंचाने की ओछी मनोवृत्ति है। लोकसभा में आम बजट पर चर्चा करते हुए नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने अपना पुराना आरोप नए सिरे से दोहराया कि बजट बनाने वालों में कोई एससी-एसटी और ओबीसी अधिकारी नहीं होता, उससे यदि कुछ स्पष्ट है तो यही कि वह समाज को बांटने वाली विभाजनकारी राजनीति पर अड़े हैं। इस तरह की बेतुकी बातें करते हुए वे क्यों नहीं समझना चाहते कि ऐसी स्थिति और इस तरह की परम्परा कांग्रेस की तत्कालीन सरकारों के समय से ही चली आ रही है। कांग्रेस ही इसकी जिम्मेदार हैं, लेकिन वह कुछ समझने के लिए तैयार ही नहीं। राहुल गांधी एक तरह से यह कहना चाह रहे हैं**





**ललित गर्ग**
लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष की भूमिका में राहुल गांधी जिस तरह की बातें कह एवं कर रहे हैं, निश्चित ही यह उनकी राजनीतिक अपरिपक्वता को ही दर्शा रहा है, वे लगातार विभाजनकारी राजनीति को प्रोत्साहन देते हुए भूल जाते हैं कि उनके ऊपर देश को तोड़ने नहीं, जोड़ने की जिम्मेदारी है। प्रश्न है कि कब राहुल गांधी इस महत्वपूर्ण एवं जिम्मेदारी वाले पद पर रहते हुए उसके साथ न्याय करेंगे? वे जानते नहीं कि वे क्या कह रहे हैं। उससे क्या नफा-नुकसान हो रहा है या हो सकता है। वे तो इसलिए बोल रहे हैं कि वे बोल सकते हैं, उन्हें बोलने की आजादी है, लेकिन इसका नुकसान देश को भुगतना पड़ रहा है। नेता प्रतिपक्ष ने महाभारतकालीन चक्रव्यूह और पद्म व्यूह का सहारा लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधना चाहा है। जिस तरह से उन्होंने बजट पूर्व हलवा परम्परा में वित्तमंत्री के साथ खड़े लोगों को जाति आधारित संरचना बताया वह कहीं से भी तार्किक नहीं लगता। इस सेरेमनी में तो उस वक्त मंत्रालय के जो सीनियर अफसर होते हैं, वे ही मौजूद रहते हैं। इसमें जातिवाद कहाँ से आया? यह बात समझ से परे है। यही वजह है कि हलवा परम्परा की जब राहुल गांधी अपनी तरह से विवेचना कर रहे थे, तब वित्त मंत्री ने माथा पकड़ लिया था। राहुल गांधी ने जो तुलनाएँ की, वे निश्चित रूप से अतिरेक या अतिशयोक्ति कही जा सकती हैं। हर दिखते समर्पण की पीठ पर स्वार्थ चढ़ा हुआ है। इसी प्रकार हर अभिव्यक्ति में कहीं न कहीं स्वार्थ की राजनीति है, सत्तापक्ष को नुकसान पहुंचाने की ओछी मनोवृत्ति है।

लोकसभा में आम बजट पर चर्चा करते हुए नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने अपना पुराना आरोप नए सिरे से दोहराया कि बजट बनाने वालों में कोई एससी-एसटी और ओबीसी अधिकारी नहीं होता, उससे यदि कुछ स्पष्ट है तो यही कि वह समाज को बांटने वाली विभाजनकारी राजनीति पर अड़े हैं। इस तरह की बेतुकी बातें करते हुए वे क्यों नहीं समझना चाहते कि ऐसी स्थिति और इस तरह की परम्परा कांग्रेस की तत्कालीन सरकारों के समय से ही चली आ रही है। कांग्रेस ही इसकी जिम्मेदार हैं, लेकिन वह कुछ समझने के लिए तैयार ही नहीं। राहुल गांधी एक तरह से यह कहना चाह रहे हैं कि अनारक्षित वर्गों के अधिकारी आरक्षित वर्गों के हितों की उपेक्षा करते हैं। इस तरह वे देश की परम्पराओं एवं लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं के समझे बिना ऐसा कुछ कह जाते है जो देश की एकता, अखण्डता एवं लोकतांत्रिक प्रक्रिया के विपरीत होता है। राहुल के बोलने का बचकानापन तो कभी-कभी सारी हदें पार कर जाता है। एक बार तो उन्होंने यहां तक कह दिया हैं कि उच्च जाति के शिक्षक प्रश्नपत्र बनाते हैं, इसलिए आरक्षित वर्ग के छात्र फेल हो जाते हैं। आखिर यह भड़काऊ राजनीति नहीं तो और क्या है?

राहुल गांधी ने बजट पर सरकार को घेरने के लिए महाभारतकालीन घटनाओं का उल्लेख करते हुए यह भी कह डाला कि जैसे अभिमन्यु को चक्रव्यूह में घेर लिया गया था, उसी तरह देश को भी मोदी सरकार ने घेर रखा है। उन्होंने प्रधानमंत्री समेत जिन छह लोगों को इस घेराबंदी के लिए जिम्मेदार ठहराया, उसमें अंबानी-अदाणी के साथ राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, और आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत को भी शामिल कर लिया। उन्होंने दावा किया है कि भारत पर कब्जा करने वाले चक्रव्यूह के पीछे तीन ताकतें है- पहली एकाधिकार पूंजी का विचार, जिसमें दो लोगों को देश की समूची संपत्ति का मालिक बनने की अनुमति देना। दूसरा देश की संस्थाएं, एजेंसियां, सीबीआई, ईडी, आयकर विभाग हैं एवं तीसरी राजनीतिक कार्यप्रणाली है। इन तीनों ने मिलकर देश को तबाह कर दिया है। इस तरह के बयानों एवं बोलों से स्पष्ट है कि वह मनमाने और बेतुके तर्क देने में संकोच नहीं कर रहे हैं। वह अपनी ऐसी बातों से चर्चा में तो आ जाते हैं और उनके समर्थक उनकी वाह-वाही करने में भी जुट जाते हैं, लेकिन नेता प्रतिपक्ष के तौर पर वह न तो समाज को कोई सही दिशा दे पा रहे हैं और न ही सरकार को कोई सार्थक सुझाव। यह स्थिति देश के लिये नुकसानदायी है, चिन्तनीय है।

राहुल गांधी के रुख-रवैये एवं अतिश्योक्तिपूर्ण तर्कों से यही लगता है कि वह अभी भी चुनावी मुद्रा में हैं। अपनी चुनाव पूर्व की आक्रामकता से वे उपरत नहीं हो पाये हैं। वे सदन के भीतर एवं सदन के बाहर ऐसी ही तर्कहीन बातों एवं बयानों से अराजक माहौल बना रहे हैं।

आखिर वह जो कुछ मोदी सरकार से चाह रहे हैं, उसे कांग्रेस संगठन और साथ ही अपने दल द्वारा शासित राज्य सरकारों में क्यों लागू नहीं कर रहे हैं? क्या मोदी सरकार ने उन्हें ऐसा करने से रोक रखा है? उन्हें बताना चाहिए कि कर्नाटक, तेलंगाना और हिमाचल प्रदेश में बजट बनाने में आरक्षित वर्गों के कितने अधिकारियों की हिस्सेदारी होती है? वह मोदी शासन की तरह मीडिया में भी आरक्षित वर्गों के प्रतिनिधित्व का प्रश्न भी कई बार उठा चुके हैं, लेकिन यह देखने को तैयार नहीं कि आखिर उनके परिवार के प्रभुत्व वाले मीडिया संस्थान में इन वर्गों के कितने लोगों की हिस्सेदारी है?

लोकसभा की कार्रवाई कांग्रेसी एवं विपक्षी सांसदों के वाक आउट, हंगामे, अनर्गल बहस की भेंट चढ़ रही है। विपक्षी अपनी सार्थक भूमिका का निवर्हन करने की बजाय लगातार सत्तापक्ष को घेरने एवं आरोप-प्रत्यारोप की घटिया राजनीति में लगा है। जिससे सरकार को कुछ भी हासिल नहीं हुआ। देश भी इन त्रासद घटनाओं से कुछ हासिल नहीं कर पा रहा है। आखिर सरकार करे, तो क्या करे? उसने हर सत्र के शुरू होने से पहले सर्वदलीय बैठकें करके देख ली। दोनों सदनों के अध्यक्ष और उप-सभापति ने बारंबार समझा-समझाकर सहयोग की अपील कर ली। प्रधानमंत्री ने भी बार-बार सदस्यों से सदन को शांतिपूर्वक बहस के जरिये चलने-चलाने की विनम्र अपील कर डाली। बावजूद इसके एनडीए को सत्ता के आरंभ 2014 से अभी तक विपक्ष का सहयोग नहीं मिल पाया है। संसद के सत्रों की ही भांति नीति आयोग की बैठक का भी लगभग सभी विपक्षी दलों ने बहिष्कार कर दिया। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री आईं जरूर, लेकिन उन्होंने भी यह आरोप लगाकर बाहर का रास्ता नापा कि उनको बोलने नहीं दिया गया, माइक बंद कर दिया गया। हालांकि, सरकार ने इससे इनकार किया है।

क्या देश के मतदाताओं ने भारी संख्या में विपक्ष को इसीलिए भेजा है कि वे उनके हितकारी कार्यों पर संसद में बहस करने के बजाय सब कुछ हंगामे या बहिष्कार की भेंट चढ़ा दें? कब विपक्ष संसद में मतदाताओं की भावनाओं के अनुरूप उनको सौंपी गई जिम्मेदारी के प्रति गंभीर होकर अपनी दायित्वों एवं कर्तव्यों का पालन करते हुए देश-निर्माण में अपनी सार्थक भूमिका का निर्वाह करेंगे?

नीति आयोग ऐसा कोई मंच नहीं, जिसे दलगत राजनीति का अखाड़ा बनाया जाए। वैसे भी, इस बार तो नीति आयोग की बैठक का एजेंडा देश को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के उपाय और सुझावों पर केंद्रित था। आखिर इस एजेंडे पर विपक्षी दलों एवं विपक्षी दल के मुख्यमंत्री को राजनीति करने की क्यों सूझी? वे यह ठान चुके हैं कि वे किसी भी, यहां तक की राष्ट्रीय हित के विषय पर भी सरकार के साथ मिलकर चलने को तैयार नहीं। इसकी झलक संसद में तो लगातार मिल रही है, लेकिन नीति आयोग में भी वैसी ही नकारात्मक स्थितियां दुर्भाग्यपूर्ण है। विपक्षी दलों का तर्क है कि उन्होंने नीति आयोग की बैठक का बहिष्कार इसलिए किया, क्योंकि बजट में विपक्ष-शासित राज्यों की कथित तौर पर अनदेखी की गई। एक तो यह जनता को गुमराह करने वाला तर्क है, और यदि ऐसा लगता है, तो उन्होंने अपनी बात आयोग की बैठक में प्रधानमंत्री के समक्ष कहने का अवसर गंवना क्यों पसंद किया?

# कोचिंग सेंटर में हुई छात्रों की मौत का जिम्मेदार कौन?

अशोक मधुप

दिल्ली के ओल्ड राजेंद्र नगर स्थित राव आईएएस स्टडी (कोचिंग) सेन्टर के बेसमेंट में अचानक बारिश का पानी घुस जाने से चार घंटे से अधिक समय तक फंसे रहने से तीन छात्रों की मौत हो गई। घटना के समय बेसमेंट के पुस्तकालय में 30-35 छात्र थे। पानी आते देख बाकी निकल गए। तीन फंसे रह गए, उनकी मौत हो गई। कोचिंग सेंटर के स्वामी और कांड थनेटर को गिरफ्तार कर लिया गया है। इससे पहले मुकर्जी नगर दिल्ली के एक कोचिंग सेंटर में (15 जून 2023) को आग लग गई। छात्रों को कोचिंग सेंटर की खिड़की से निकलकर जान बचानी पड़ी। इस हादसे में 60 छात्र घायल भी हुए। कोचिंग सेंटर में हादसे होना, प्रतिभागियों का आत्महत्या करना आज आम है। घटना होती है। जांच के आदेश होते हैं किंतु होता कुछ नहीं। कोचिंग सेंटर चलाने वाले भारी प्रभावशाली है, दूसरे हमारी व्यवस्था पूरी तरह भ्रष्टाचार में डूबी है, पैसे के सामने इंसान की मौत की फाइले कूड़े में चली जाती हैं, फिर एक नया हादसा होता है, फिर जांच होती है, फिर फाइल कूड़े में चली जाती है। राजेंद्र नगर के कोचिंग सेंटर में मृतक छात्रों की पहचान तानिया सोनी, श्रेया यादव (दोनों की उम्र 25 वर्ष) और नवीन डेल्विन (28) के रूप में की गई है। तानिया तेलंगाना और श्रेया उत्तर प्रदेश की थीं, जबकि नवीन केरल के निवासी थे। वे सभी सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी कर रहे थे। शनिवार को कई छात्र कोचिंग सेंटर की बेसमेंट में बनी लाइब्रेरी में थे कि अचानक सैलाब सा आया और उसमें तीन छात्रों की तड़पकर मौत हो गई। बताया जाता है कि बेसमेंट की परमीशन स्टोर के लिए थी, लाइब्रेरी के लिए नही, फिर भी लाइब्रेरी चल रही थी। दिल्ली पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि पानी बेसमेंट तक कैसे पहुंचा, जिसका इस्तेमाल कोचिंग संस्थान लाइब्रेरी के तौर पर कर रहा था। प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि बेसमेंट, जो जमीन से लगभग आठ फीट नीचे है, में एक लाइब्रेरी थी, जहां शनिवार शाम को कई छात्र मौजूद थे, सूत्रों के मुताबिक, भारी बारिश के बाद कोचिंग सेंटर का गेट बंद कर दिया गया। पानी को बिल्डिंग में प्रवेश करने से रोकने के लिए कोचिंग सेंटर के प्रवेश द्वार पर एक स्टील शेड लगाया गया है। पुलिस और अग्निशमन विभाग जांच कर रहे हैं कि बेसमेंट में पानी कैसे भरा, दिल्ली की मेयर शैली ओबेरॉय ने शहर के उन सभी कोचिंग सेंटरों के खिलाफ कार्रवाई का आदेश दिया जो इमारतों के बेसमेंट में चल रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे कोचिंग सेंटर भवन निर्माण उपनियमों का उल्लंघन हैं और मानदंडों के अनुरूप नहीं हैं।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातःकिरण
पटना, गुरूवार, 01 अगस्त, 2024



## संक्षिप्त खबरें

### डॉ. वसीम व डॉ. रमेश बने विवि के सहायक परीक्षा नियंत्रक

छपरा नगर। जय प्रकाश विश्वविद्यालय में मंगलवार को दो सहायक प्रोफेसरों को सहायक परीक्षा नियंत्रक बनाया गया ।इस आशय से सम्बंधित कार्यालय आदेश निर्गत कर दिया गया है ।कुलपति के आदेश से कुलसचिव डॉ. नारायण दास द्वारा निर्गत कार्यालय आदेश में जगदम कॉलेज के जंतु विज्ञान विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ. मो.वसीम एवं राजेन्द्र कॉलेज ,छपरा के अर्थशास्त्र विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ रमेश कुमार को सहायक परीक्षा नियंत्रक बनाया गया है।

### मेहंदी प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

छपरा कार्यालय। सामाजिक संगठन लियो क्लब छपरा टाउन और छपरा टुडे डॉट कॉम के संयुक्त तत्वावधान में मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन एसडीएस पब्लिक स्कूल में आयोजित किया। एसडीएस पब्लिक स्कूल के निर्देश डॉ राकेश कुमार सिंह ने बताया कि लियो क्लब के सदस्यो के द्वारा हमेशा ही बच्चे बच्चियों के बीच प्रतियोगिता का आयोजन समय समय पर किया जाता है इससे बच्चियों में और बेहतर करने की सोच आती है। लियो मनीष कुमार ने कहा की सावन माह के पावन अवसर पर मेहंदी अपने आप में एक बहुत बड़ा महत्पूर्ण स्थान है आज बच्ची के द्वारा अनेक कलाकृतियां अपने हाथो पर मेहंदी से सजाई गई।

### पुस्तकालय का जिलाधिकारी ने किया उद्घाटन

जिलाधिकारी अमन समीर की पहल से छपरा में पूर्व से निर्मित भवन में सारण पुस्तकालय की स्थापना की गई है। यह पुस्तकालय भवन छपरा के एलआईसी भवन के सामने स्थित है। इस पुस्तकालय को सीएसआर (कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी) के तहत भारतीय स्टेट बैंक द्वारा विकसित किया गया है। इस पुस्तकालय में प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों के लिये सभी तरह की आवश्यक पुस्तकें, अखबार, मैगजीन आदि उपलब्ध रहेंगी। कोई भी छात्र/छात्रा यहाँ बैठकर अध्ययन कर सकते हैं। यहाँ पर पेयजल हेतु आरओ की सुविधा सहित शौचालय की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है। जिलाधिकारी श्री अमन समीर ने आज इस पुस्तकालय का उद्घाटन किया।

### गोपालगंज जिला पुलिस ने दो साईबर अपराधी को दबोचा

छपरा कार्यालय। गोपालगंज जिला पुलिस ने सारण में छापेमारी कर दो साईबर अपराधियो को गिरफ्तार किया है .गिरफ्तार साईबर अपराधियों की पहचान सुनील कुमार और रोहित कुमार के रूप में हुई.दोनों सारण के बनियापुर थाना क्षेत्र के पुद्दरी बाजार के रहनेवाले हैं. पुलिस ने इनके पास से साइबर फ्रॉड का 34 हजार 500 रुपये, मोबाइल, एटीएम कार्ड और चेकबुक बरामद किया है.सदर एसडीपीओ प्रांजल ने बताया कि दोनों साईबर अपराधियों पर पूर्व से आपराधिक मामले दर्ज है.

### युवा शक्ति संघर्ष मोर्चा का नंदलाल सिंह महाविद्यालय की इकाई गठित

छपरा कार्यालय। बुधवार को सामाजिक संगठन युवा शक्ति संघर्ष मोर्चा की नंदलाल सिंह महाविद्यालय की इकाई का गठन किया गया ।जिसकी अध्यक्षता राजेंद्र महाविद्यालय की अध्यक्षा सिम्मी सिंह ने किया। जिसमें कादिर हुसैन को जिला युवा अध्यक्ष मनोनीत किया गया। वहीं जिला युवा उपाध्यक्ष के रूप में जाहिद हुसैन, इम्तियाज खान उर्फ गुड्डू महासचिव के रूप में तय्यब अली युवा के संगठन प्रभारी सह प्रमुख वक्ता रवि कुमार किरण को मनोनीत किया गया। वही नंदलाल सिंह कॉलेज के कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में राजा कुमार पंडित, प्रिया कुमारी,रिमा कुमारी, नेहा कुमारी, ज्योति कुमारी, विशाल कुमार को नंदलाल सिंह कॉलेज कमेटी में रखा गया।

### सांसद ने लोक सभा में दो दर्जन से ज्यादा मुद्दों को रखा

छपरा कार्यालय ।लोकसभा में आम बजट 2024-25 पर चर्चा में भाग लेते हुए महराजगंज के भाजपा सांसद जनार्दन सिंह ह्लसीग्रीवालह्व ने कई बातों को रखा। सांसद ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एवं वित्त राज्य मंत्री को हृदय से बधाई एवं धन्यवाद देते हुए कहा कि प्रधनमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार भाजपा और एनडीए गठबंधन के मूल मन्त्र सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास को केंद्र में रखकर इस आम बजट को बनाया है ' इस बजट में सबसे बड़ी बात यह है कि केंद्र सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए दृढ संकल्पित है किह्लसभी धर्मों,जातियों,लिंगों और आयु वर्ग के भारतियों को अपने जीवन के लक्ष्यों और आकांक्षाओं को पूरा करने की दिशा में प्रयाप्त प्रगति करे'

# जयप्रकाश विश्वविद्यालय बीएड परीक्षा फॉर्म 5 अगस्त से भरा जाएगा

## बैठक में भाग लेते कुलपति, कुलसचिव,सेसेडीसी व अन्य

- बीएड महाविद्यालयों के सचिव व प्राचार्यों की बैठक सम्पन्न



प्रात : किरण, संवाददाता

छपरा कार्यालय। जयप्रकाश विश्वविद्यालय क्षेत्रान्तर्गत विभिन्न शिक्षक प्रशिक्षण (बीएड) महाविद्यालयों के सचिव/प्राचार्यों की बैठक बुधवार को कुलपति प्रो. परमेंद्र कुमार बाजपेई की अध्यक्षता में हुई। बैठक में माननीय कुलपति महोदय ने शिक्षक प्रशिक्षण की गुणवत्ता, नियमित रूप से वर्ग संचालन और पारदर्शिता के साथ महाविद्यालयों के संचालन का निर्देश दिया। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि जिन शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालयों को अबतक नैक की मान्यता प्राप्त नहीं हुई है, वे सभी महाविद्यालय नैक की मान्यता प्राप्त करने की दिशा में तेजी से जुट जाएं। बैठक में माननीय कुलपति महोदय ने जानकारी दी कि बीएड पार्ट वन के परीक्षा फॉर्म 5 अगस्त तथा बीएड पार्ट टू के परीक्षा फॉर्म 16 अगस्त से भरे जाएंगे। बैठक में कुलपति ने शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालयों की एक कमिटी गठित करने का निर्देश दिया। यह कमिटी शिक्षक प्रशिक्षण की गुणवत्ता बढ़ाने, इन महाविद्यालयों के प्रबंधन को बेहतर करने, नैक की मान्यता के लिए आवश्यक वर्कशॉप आयोजित करने सहित अन्य आवश्यक सुझाव एक सप्ताह के अंदर देगी। इस कमिटी में प्रतीक बीएड कॉलेज के मुकेश राय को अध्यक्ष तथा शुभवंती बीएड कॉलेज के सतीश कुमार राय, राजेन्द्र किशोरी बीएड कॉलेज के जयप्रकाश सिंह, रामाधार टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज, श्याम शंकर पाण्डेय, बैकुंठ टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज, अश्विनी कुमार सिंह, गोरख सिंह बीएड कॉलेज तथा अमरीश राय, मथुरा सिंह बीएड कॉलेज को सदस्य बनाया गया है। बैठक में समायोजक, महाविद्यालय विकास परिषद प्रो. वीरेंद्र कुमार, कुलसचिव प्रो. नारायण दास सहित विभिन्न शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालयों के सचिव एवं प्राचार्य उपस्थित थे।

## महाविद्यालय में मनाई मुंशी प्रेमचंद की जयंती




- शिक्षकों व विद्यार्थियों ने उन्हें किया याद

प्रात : किरण, संवाददाता

दाउदपुर। मुंशी प्रेमचंद की 144 वीं जयन्ती स्थानीय नंदलाल सिंह महाविद्यालय के सभागार में मनाई गई ।प्रेमचंद की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करने वाले प्राध्यापकों में प्रोफेसर (डॉ)कृष्ण प्रसाद श्रीवास्तव (प्राचार्य), प्रोफेसर आफताब आलम, डॉ स्वर्ग दीप शर्मा, डॉ आशीष कुमार ,डॉ शेखर कुमार डॉ चन्द्रभान राम, डॉ प्रवीण पंकज, डॉ संजय कुमार, डॉ रूबी चंद्रा, डॉ इंदु कुमारी, डॉ धनंजय कुमार सिंह, डॉ मनोज कुमार ,डॉ राकेश कुमार रंजन ,डॉ आशीष प्रताप सिंह एवं अनिल कुमार शरण, आलोक कुमार , राजकुमार , दुर्योधन कुमार एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कथा सम्राट प्रेमचंद के जयंती को याद करते हुए डॉ प्रवीण पंकज ने कहा कि मुंशी प्रेमचंद की प्रथम कहानी संग्रह सोजे वतन जिसको उन्होंने धनपत राय नाम से लिखा था। उसे ब्रिटिश हुकूमत ने प्रतिबंधित कर दिया । फिर भी कलम के सिपाही की लेखनी रुकी नहीं। हल उन्होंने नाम परिवर्तित करके प्रेमचंद नाम से लगभग 300 कहानी लिखी, जो भारतीय साहित्य और समाज को चित्रित करने का काम करती है ।प्राचार्य ने छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि अगर आप लोग भारतीय जमींदारी प्रथा ,पूंजीवादी व्यवस्था, जाति प्रथा को सही ढंग से समझना समझाना चाहते है तो निश्चित रूप से प्रेमचंद के साहित्य को पढ़िए। डॉ चंद्रभान राम ने कहा कि प्रेमचंद की शुरू की कहानियां आदर्शवादी है तो बाद की कहानियों में यथार्थवादी स्वरूप परिलक्षित होता है। समग्र रूप में उनका मूल्यांकन करें तो पाएंगे कि मुंशी प्रेमचंद आदर्शो न्मुखी यथार्थवाद के सफल प्रवर्तक माने जाते हैं ।इनकी कहानी समाज में फैली हुई को व्यवस्था को चित्रित करती है। धन्यवाद ज्ञापन डॉ चन्द्रभान राम ने किया।

## डीएम ने किया निरीक्षण




प्रात : किरण, संवाददाता

छपरा कार्यालय। जिलाधिकारी अमन समीर द्वारा बुधवार को समाज कल्याण विभाग, बिहार द्वारा सारण जिले में संचालित पर्यवेक्षण गृह सह बाल सुधार गृह का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा संबंधित पदाधिकारियों को उक्त गृह में रह रहे बच्चों की पढ़ाई तथा स्किल के विकास हेतु प्रतिदिन समाचार पत्र पढ़ने की आदत डालने, स्लॉट बांटकर विभिन्न आयु वर्ग के बच्चों को प्रतिदिन पढ़ाने तथा सभी बच्चों का अलग अलग काउंसिलिंग कर उनकी मानसिक स्थिति की जानकारी लेते हुए उन्हें अपने में सुधार लाने हेतु प्रेरित करने का निदेश दिया गया ताकि उक्त गृह से निकलकर वे पठन पाठन का कार्य कर समाज में प्रतिष्ठित हो सकें। साथ ही जो बच्चे पूर्व में उक्त गृह से निकलकर अपने में सुधार लाते हुए वर्तमान में समाज के प्रतिष्ठित जगहों यथा डॉक्टर/इंजीनियर आदि बने हैं, उनसे संपर्क कर उन्हें यथासंभव बुलाने अथवा उनका वीडियो आदि बनाकर उक्त गृह में रह रहे बच्चों को दिखाने का निदेश दिया गया ताकि वे उनसे प्रेरणा लेकर अपने में सुधार लाते हुए समाज में प्रतिष्ठा हासिल कर सकें। निरीक्षण के क्रम में बाल संरक्षण पदाधिकारी सहित स्वास्थ्य विभाग के पदाधिकारी आदि उपस्थित रहे।

## पुलिस अधीक्षक वाल्मीकिनगर थाना पहुँच निरीक्षण किया



प्रात : किरण, संवाददाता

बगहा। बगहा पुलिस जिला पुलिस अधीक्षक शुशांत कुमार ने निरीक्षण के क्रम में वाल्मीकिनगर पहुंचकर थाने का निरीक्षण किया। इस दौरान लम्बित कांडों के उद्भेदन,शरिश्ता की सफाई,पूर्व कांड के निष्पादन अगर लम्बित है तो उसे अपडेट करने का निर्देश दिया।

आवेदक द्वारा दिए गए आवेदन पर क्या कार्यवाई हुई इसे अपडेट करें ।साथ ही एसपी ने थाना परिसर की साफ सफाई का निरीक्षण किया ।निरीक्षण के दौरान बगहा पुलिस अधीक्षक ने वाल्मीकिनगर स्थित महिला स्वाभिमान बटालियन भी गए ।एसपी श्री शुशांत ने बताया कि संडे को सभी पुलिस कर्मी पूरे थाना परिसर की सफाई में सामूहिक योगदान करें। उन्होंने बीएमपी के बेहतर कार्य के लिए हवलदार को 5 सौ और जवानों को ढाई ढाई सौ रुपये देकर हौसला अफजाई की। थाना परिसर की साफ सफाई को देखकर पूर्व व वर्तमान थानाध्यक्ष की तारीफ की। शुक्रवार और रविवार के दिन साफ सफाई के लिए पुलिस कर्मियों से सामूहिक श्रमदान करने के लिए आह्वान किया।

## ओआरएस वितरण के साथ स्वच्छता का संदेश दे रहीं हैं आशा समराजी देवी

### बगहा 02 के दलित इलाकों में घर-घर हो रहा है ओआरएस का वितरण

प्रात : किरण, संवाददाता



बेतिया( घनश्याम) ।बच्चों में दस्त की रोकथाम को लेकर ह्लओआरएसह्व वितरण के साथ ही स्वच्छता का संदेश दे रहीं है पीएचसी बगहा की आशा समराजी देवी। समराजी देवी ने बताया कि बरसात के समय में डायरिया का खतरा ज्यादा बढ़ जाता है। इस मौसम में देखा जाता है की गंदे जल और भोजन ग्रहण करने की वजह से बार-बार या दिन में पांच या इससे भी अधिक बार मल त्याग करने के लिए जाना पड़ता है। इससे शरीर में पानी की कमी हो जाती है। कभी-कभी यह गंभीर हो जाता है, जिससे अस्पताल में भर्ती करने की आवश्यकता होती है। इससे बचाव हेतु लोगों को जागरूक किया जा रहा है कि अपने बच्चों के स्वास्थ्य का ख्याल रखें। बच्चों के स्वास्थ्य की रक्षा हेतु स्टॉप डायरिया प्रोग्राम चल रहा है जिसके तहत पीएचसी बगहा 02 के ग्रामीण कस्बों और दलित बस्तियों में बच्चों के माता-पिता को ह्लओआरएसह्व पाउडर का वितरण कर उन्हें डायरिया से बचाव हेतु घर का स्वच्छ जल पीने, गंदगी से बचने का संदेश दे रहीं है। - डायरिया से बचाव को सावधानी जरूरी आशा समराजी देवी ने बताया कि इस मौसम में खाने-पीने की चीजों को अच्छी तरह धोकर इस्तेमाल करना चाहिए। डायरिया होने पर पानी की कमी न हो इसके लिए ओआरएस का घोल लगातार पीते रहना चाहिए। पानी उबाल कर पीना चाहिए। शौच के बाद व भोजन के पहले साबुन से ठीक तरह से हाथ धोना चाहिए। बासी भोजन नहीं करना चाहिए। आशा कार्यकर्ता व स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा फैलाई जा रही है जागरूकता पीएचसी बगहा 02 के बीसीएम अनिल कुमार ने बताया कि आशाओं व स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा घर-घर जाकर परिवार के सदस्यों को ओआरएस के घोल बनाने एवं इसके उपयोग की विधि, इसके सेवन लाभ के साथ ही परिवार के सदस्यों को साफ–सफाई तथा हाथ धोने के तरीकों की जानकारी दी जा रही है ताकि डायरिया पर रोक लग सके। उन्होंने बताया कि पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों में 13 प्रतिशत की मौत डायरिया के कारण होती है तथा इनमें से अधिकांश मौतें ग्रीष्म और मानसून के मौसम में होती हैं। इसे देखते हुए जिले में 23 जुलाई से 22 सितंबर तक सघन दस्त नियंत्रण पखवाड़े का आयोजन किया गया है।

## आयुष्मान कार्ड निर्माण में विशेष अभियान को आगामी 07 अगस्त तक किया गया विस्तारित

प्रात : किरण, संवाददाता

छपरा कार्यालय। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना अंतर्गत लाभार्थियों के कार्ड निर्माण को लेकर विगत 18 जुलाई से 31 जुलाई तक आयोजित विशेष अभियान को आगामी 07 अगस्त तक विस्तारित किया गया है। आयुष्मान भारत के जिला कार्यक्रम समन्वयक नीरज कुमार ने बताया कि आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना अंतर्गत सारण जिले में 28 लाख 95 हजार 434 लाभुक है। जिसमें विशेष अभियान के दौरान लगभग 2007206 का 20 प्रतिशत यानी 401441 लक्ष्य रखा गया था जिसमें से 1 लाख 89 हजार 524 यानी 47.21 प्रतिशत कार्ड का निर्माण कराया गया है। इस कार्य में जनवितरण प्रणाली के दुकानदार के अलावा आशा कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी सेविका, जीविका समूह सहित कई अन्य के सहयोग से कार्ड निर्माण में तेजी आई है। क्योंकि जिलाधिकारी अमन समीर का दिशा निर्देश और सिविल सर्जन डॉ सागर दुलाल सिन्हा का मार्ग दर्शन में सारण जिला 18 जुलाई को 17 वां स्थान पर था लेकिन बाद में 5 वां स्थान पर आया हुआ है। अभियान को मिशन मोड में चलाने के लिए दिया गया आवश्यक दिशा- निदेर्शः जिलाधिकारी जिलाधिकारी अमन समीर ने बताया कि राज्य में आयुष्मान भारत- जन आरोग्य योजना का क्रियान्वयन पात्र लाभार्थियों को प्रति वर्ष प्रति परिवार 5 लाख रुपए का निःशुल्क चिकित्सीय सुविधाएं मुहैया कराया जा रहा है। आयुष्मान कार्ड निर्माण को लेकर विगत दिनों स्पष्ट रूप से कहा गया था कि तय अवधि के अंदर इस अभियान को मिशन मोड में चलाने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया है। इसके लिए सभी संबंधित पदाधिकारियों यथा- प्रखंड विकास पदाधिकारी, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी, स्वास्थ्य विभाग, आईसीडीएस, जीविका समूह सहित कई अन्य विभागों को लगाया गया है। हालांकि इसके साथ ही जिले के सभी पीडीएस दुकानों के साथ सीएससी के विलेज लेवल इंट्रप्रेनेर (वीएलई) की टैगिंग की गई है। वीएलई की कमियों को दूर करने के लिए पीडीएस दुकानों के साथ वीएलई के अलावा आवास सहायक, पंचायत रोजगार सेवक, कृषि समन्वयक के अतिरिक्त आईसीडीएस, आपूर्त्ति, स्वास्थ्य, सहकारिता आदि के स्थानीय कंप्यूटर ऑपरेटर को भी टैग किया गया है। इस संबंध में स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव द्वारा राज्य के सभी जिलों को जिलाधिकारी को पत्राचार कर आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा गया है कि कार्ड निर्माण में युद्धस्तर पर कार्रवाई अपेक्षित है ताकि एक करोड़ कार्ड निर्माण के लक्ष्य की प्राप्ति की जा सके।

## माँझी के ई किसान भवन के सभागार में किसान गोष्ठी का आयोजन

प्रात : किरण, संवाददाता

माँझी प्रखंड के ई किसान भवन के सभागार में किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस गोष्ठी में खेती, उत्पादन एवं किसानों की समस्या के संबंध में चर्चा की गई। खेतों में लगाए गए मक्का, कुर्थी, अरहर, मरुआ, बाजरा सावा आदि मोटे अनाज के फसल की स्थिति, रख रखाव एवं संभावित उपज के बारे में किसान मित्रों से जानकारी ली गई। इस क्रम में धान की खेती, सिंचाई, खाद एवं दवा के बारे में भी बताया गया ।माँझी प्रखंड विकास पदाधिकारी ।रंजीत कुमार सिंह एवं बी ए ओ चुल्हन राम ने कहा कि क्षेत्र में अब भी धान की रोपाई का काम जारी है।

## छपरा नगर भाजपा मंडल की बैठक सम्पन्न

प्रात : किरण, संवाददाता

छपरा कार्यालय ।छपरा नगर भाजपा मण्डल की विस्तृत कार्य समिति बैठक राजेश फैशन की अध्यक्षता में जन्नत पैलेश में संपन्न हुआ। बैठक की शुरूआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर सभी नेता एवं कार्यकर्ताओ द्वारा दीप प्रज्वलित कर पुष्प अर्पित कर नमन किया गया। कार्यक्रम में मण्डल अध्यक्ष राजेश फैशन द्वारा सभी कार्यकताओं को पार्टी के पट्टा देकर सम्मानित किया गया। भाजपा जिला अध्यक्ष रणजीत सिंह द्वारा पार्टी के आगामी कार्यक्रम को विस्तार से चर्चा करते हुए कहा प्रकृति को स्वच्छ बनाने के लिये माँ के नाम पेड़ लगाने का कार्यक्रम 14 अगस्त तक लगाना है, पार्टी द्वारा हर-घर तिरंगा कार्यक्रम 12 अगस्त से 15 अगस्त तक तिरंगा कार्यक्रम के माध्यम से सभी घर पर तिरंगा लगाएंगे। जिला अध्यक्ष ने पार्टी को सशक्त बनाने के लिये कार्यकर्ता को मजबूती देने को कहा। छपरा विधायक डॉ सी एन गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद जो बिहार को विकाश के लिये जो बजट दिया है जो आजादी के बाद पहली बार कोई बड़ा बजट दिया है वह मोदी सरकार ने दिया है इसके लिये मोदी सरकार को बहुत बहुत बधाई।

## नारकीय स्थिति में पहुंच गया है कोपा नगर पंचायत रोड़

प्रात : किरण, संवाददाता



कोपा । कोपा नगर पंचायत रोड की स्थितिनरकीय होने के कारण महामारी फैलने के आशंका बनी हुई है ।नगर पंचायत रोड पर ही नाले के पानी दो महीनों से जमा हुआ है ।इतने तपती धुप में भी रोड़ से पानी नही सुख पा रहा है ।नगर पंचायत कैम्पस में नव लाख के लागत से नाले का निर्माण तथा फेबर ब्लाक की सोलिंग हुआ ।लेकिन गुणवत्ता को ताख पर रखने के कारण कई जगह फेबर ब्लाक कई जगह धस गया है ।वही नाले में फूल पानी भरा हुआ है। नाले से पानी नही निकलने के कारण रोड पर दो महीनों से पानी जमा हुआ है ।लोगो को नगर पंचायत कार्यालय जाना होता है। तो टेढ़ी खीर साबित हो रही है। वही नगर पंचायत के चारो तरफ दो दर्जनों से अधिक लोगो को आने जाने में काफी परेशानी होती है ।नाले के गंदा पानी जमने के कारण आस पास के लोगो को रहना मुश्किल हो गया ।महोल्ला वाशियो ने इसकी शिकायत नगर पंचायत पदाधिकारी के पास किया लेकिन आज तक समस्या का समाधान नही हो पाया है। इस संबध में वार्ड पार्षद सुनीता देवी ने बताया कि नाला का पानी का निकासी का ब्यवस्था नही नही रहने के कारण नगर पंचायत रोड रोड पर जलजमाव हुआ है

## रुपए लेने जा रही महिला की हमलावरों ने की पिटाई

प्रात : किरण, संवाददाता

दरियापुर ।स्थानीय थाना क्षेत्र के टरवा मगरपाल में जमीन पर दिए रुपए लेने जा रहे एक ही परिवार के पांच लोगों को हमलावरों ने मारपीट कर घायल कर दिया ।जानकारी के अनुसार दिघवारा थाना क्षेत्र के सैदपुर के सुमित्रा देवी टरवामगरपाल के एक व्यक्ति को जमीन पर तीन लाख रुपए एडवांस दी थी ।लेकिन वह जमीन लिखने में आनाकानी कर रहा था ।तब उसने पैसे की मांग की। एडवांस लेने वाले व्यक्ति ने रुपए देने के लिए सुमित्रा देवी को बुलाया था ।वहीं वह अपने भाई और तीन बेटों के साथ जा रही थी ।तभी रास्ते में घेर कर हमलावरों ने सभी की जम कर पिटाई शुरू कर दी और दस हजार रुपए भी छीन लिए ।इस संबंध में पीड़िता ने थाने में एफआईआर दर्ज कराई है।

## ससुराल वालों ने बहू को मारपीट कर घर से निकाला

प्रात : किरण, संवाददाता

दरियापुर ।स्थानीय थाना क्षेत्र के मनिका चक में आपदा राहत के मिले रुपए नही देने पर ससुराल वालों ने बहु को मारपीट कर घर से निकाल दिया ।इस संबंध में पुष्पा देवी ने ससुराल वालों के खिलाफ थाने में एफआईआर दर्ज कराई है ।दर्ज एफआईआर में उसने कहा है कि उसे आपदा राहत के तहत सरकार से रुपए मिला है ।उसी रुपए की मांग उसके ससुराल वाले करने लगे ।जब वह रुपए देने से इंकार कर दी तो ससुराल वालों ने उसकी बेरहमी से पिटाई कर उसे घर से निकाल दिया ।पीड़िता ने ससुर,सास सहित तीन लोगों को नामजद किया है ।पुलिस छानबीन कर रही है।

## शराब के साथ दो कारोबारी गिरफ्तार

प्रात : किरण, संवाददाता

दरियापुर ।स्थानीय थाना क्षेत्र के मुजौना से पुलिस ने बाइक से देसी शराब ले जा रहे दो धंधेबाजों को गिरफ्तार कर लिया ।साथ ही पुलिस ने उसकी बाइक भी जप्त कर ली है ।गिरफ्तार धंधेबाज प्रमोद राय व संजीव कुमार सोनपुर थाना क्षेत्र के सबलपुर नवल टोला का रहने वाला है ।जानकारी के अनुसार पुलिस गश्त में निकली हुई थी ।तभी दोनों बाइक से शराब लेकर सप्लाई करने जा रहे थे ।पुलिस को देख भागने लगे ।तभी पुलिस ने खदेड़ कर पकड़ लिया ।उसके पास से 55 लीटर देसी शराब बरामद की है।

## रामनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक महिला ने अजीबोगरीब बच्चे को दिया जन्म

प्रात : किरण, संवाददाता



बगहा। रामनगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बुधवार को एक प्रसवा महिला ने अजीबोगरीब बच्चे को जन्म दिया है। इस बच्चे के जन्म के बाद कोई एलियन तो कोई भगवान की देन कहने लगा है। अजीबोगरीब बच्चे के जन्म की खबर देखते देखते आग की तरह पूरे नगर में फैल गई जिसके बाद हजारों लोगों की भीड़ पीएचसी में पहुंच गई। लोगो ने वस्तुस्थिति का जायजा लिया तथा फोटो वीडियो बनाकर सोशल मिडिया पर डालने लगे ।बतादें की खटौरी पंचायत के खटौरा गांव निवासी राजेश मुसहर की पत्नी 38 वर्षीय रीमा देवी ने बच्चे को जन्म दिया है। डॉक्टर चन्द्रभूषण ने बताया कि जन्मजात विकृति के लक्षण है। इसे कन्जेनाइटल डिफॉरमेटी कहते है। शरीर पर स्किन नही है ।दांत बन गया है,दोनों आंख नही है आंख की जगह खून का लाल थक्का बन उठा हुआ दिख रहा है। पीएचसी प्रभारी ने बताया की मरीज को बेहतर ईलाज के लिए बेतिया रेफर कर दिया गया है।

## जहर खाने से एक 24 वर्षीय युवक अचेत, रेफर

प्रात : किरण, संवाददाता

एकमा। आपसी विवाद को लेकर परिवार में उत्पन्न हुई कलह से आजिज होकर एक व्यक्ति ने जहर खा लिया । जहां परिजनों ने इलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराई जहां डॉक्टरों ने स्थिति को नाजुक देखते हुए सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिया अचेत व्यक्ति की पहचान थाना क्षेत्र के बढ़ेया गांव निवासी शंकर रावत का 24 वर्षीय पुत्र राजा रावत बताया जाता है ।

## संक्षिप्त खबरें

### कार्रवाई : वाहन चेकिंग में पुलिस ने काटा 35 हजार का चालान

बिक्रमगंज (बुधवार) स्थानीय थानाध्यक्ष ललन कुमार के नेतृत्व में पुलिस ने काटा 35 हजार रुपए का चालान। बुधवार को बिक्रमगंज नगर परिषद के धनगाई रोड़ में एसआई सोनी कुमारी ने महिला कांस्टेबल के साथ वाहन चेकिंग अभियान चलाते हुए वाहन नियम उल्लंघन में 23 बाइक चालकों से हेमलेट, डीएल, प्रदूषण, मोबाईल इस्तेमाल, बाइक इंश्योरेंस, ट्रिपल सवारी तहत अलग-अलग राशि अंतर्गत ऑनलाइन के द्वारा पैंतीस हजार रुपए का चालान काटा। जो जांच में पकड़ गए सभी बाइक चालकों का ऑन द स्पॉट चालान काटा गया। इस संबंध में थानाध्यक्ष ललन कुमार ने बताया कि वाहन चालकों और जनहित में यह अभियान निरंतर जारी रहेगा।

### फरार वारंटी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

शेरघाटी।पुलिस ने थाना क्षेत्र के उचिरवां गांव से एक वारंटी को किया गिरफ्तार।गिरफ्तार आरोपी के पहचान धनु मंडल के रूप में किया गया है, थानाध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि आरोपी के कोर्ट में पेसी के बाद उसे जेल भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि उसके खिलाफ कोर्ट से वारंट जारी किया गया था। जो वीते कई दिनों से फरार चल रहा था।

### इनर व्हील क्लब ने किया वृक्षारोपण, लगाए 200 पौधे

शेरघाटी।इनर व्हील क्लब के बैनर तले बुधवार को शेरघाटी शहर के बढ़ई टोला, गढ़ मोहल्ला समेत तमाम जगहों पर लगभग 200 पौधे का वृक्षारोपण किया गया। इधर जानकारी देते हुए इनर व्हील क्लब के अध्यक्ष अनीता अग्रवाल ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी वृक्षारोपण इनर व्हील क्लब के बैनर तले किया गया है। जो शहर के अलग-अलग इलाके में किए गए हैं वहीं रंजीत अग्रवाल ने बताया कि वृक्षारोपण करने से वायु प्रदूषण के अलावे कई प्रकार के बीमारियों से बचाव के लिए सहायता प्रदान करती है। उक्त दौरान नगर परिषद अध्यक्ष गीता देवी भी मुख्य तिथि के तौर पर उपस्थित होकर 200 पौधे लगाए। उक्त कार्यक्रम के दौरान ममता गुप्ता, श्वेता गुप्ता, नेहा चौधरी समेत कई लोग उपस्थित थे।

### डीएम ने उद्योग विभाग के योजनाओं का ऋण स्वीकृति वितरण कैंप का किया उद्घाटन

अरवल।समाहरणालय सभाकक्ष में जिला पदाधिकारी वर्षा सिंह की अध्यक्षता में द्वीप प्रज्वलित कर उद्योग विभाग से संबंधित योजनाओं का ऋण स्वीकृति वितरण कैंप का उद्घाटन किया गया। इस दौरान बताया गया कि प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी) में 09 आवेदको एवं प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उन्नयन योजना (पीएमएफएमई) में 05 आवेदको के ऋण की स्वीकृति प्रदान की गयी। जिला पदाधिकारी द्वारा उक्त योजनाओं के तहत प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी) में 1,96,99,000/- (एक करोड़ छियानबे लाख निनानबे हजार) एवं प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उन्नयन योजना (पीएमएफएमई) में 39,22,000/- (उन्चालिस लाख बाईस हजार), कुल 2,36,21,000/- (दो करोड़ छत्तीस लाख एक्कीस हजार) रूपया मात्र का ऋण स्वीकृति एवं वितरण किया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त, महाप्रबंधक जिला उद्योग केन्द्र, सभी बैंक के शाखा प्रबंधक के साथ अन्य उपस्थित रहे।

### आयुष्मान कार्ड बनाने खेतों तक पहुंचे कर्मी

करपी ,अरवल। जिलाधिकारी वर्षा सिंह के निर्देश पर आयुष्मान कार्ड शत प्रतिशत बनवाने के लिए पदाधिकारी कर्मी खेत, खलिहान, दुरा दालान एवम आंगनबाड़ी केंद्रों तक पहुंच आयुष्मान कार्ड बनवाने में जुटे है। मंगलवार को उत्क्रमित मध्य विद्यालय दक्षिणवारी मठिया में डाटा ऑपरेटर मुस्कान, किसान सलाहकार संजीव कुमार, स्वक्षता पर्यवेक्षक सोनू आलम अपने टीम के साथ पहुंची। जहाँ गांव के लोगो को खोज खोज कर आयुष्मान कार्ड बनवाया गया। डाटा ऑपरेटर ने बताई की जिला पदाधिकारी के निर्देश पर हमलोग शत प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने के लिए प्रयासरत है। आज 51 लोग आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए।


### इन्व्हीर क्लब ओजस्वी द्वारा सर्वाइकल कैंसर पर एक जागरूकता अभियान

गया ।बुधवार को इनर व्हील क्लब ऑफ गया ओजस्वी ने मिशन स्कूल एपी कॉलोनी मे एक सर्वाइकल कैंसर पर एक जागरूकता अभियान चलाया है। इस मौके पर डॉ सोनम कुमारी गाइनेकोलॉजिस्ट, ने स्कूल की छात्राओं को इसके बचाव, कारण, वैक्सीनेशन, नियमित जांच,के बारे मे विस्तार से बताया है। इस मौके पर स्कूली छात्राओं ने उत्सुक्त से भाग लिया और बहुत से प्रश्न भी पूछे है। जिसे डॉक्टर डॉ सोनम ने अच्छे तरीके से जवाब दिया है।इस मौके पर स्कूल प्रिंसिपल, अध्यापिका, इनर व्हील ओजस्वी से गरीमा भदानी, प्रिया डालमिया, ममता महाजन, सुरभी मौजूद थी।

# गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय में नूतन छात्र अभिनंदन एवं चरक शपथ समारोह का आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

सासाराम (रोहतास) राष्ट्रीय चिकित्सा संगठन के आकाश में कल शाम जिले के जमुहार स्थित गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय के देवमंगल ऑडिटोरियम में नारायण मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के नवगांतुक मेडिकल छात्रों के लिए नूतन छात्र अभिनंदन एवं चरक शपथ समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पी.पी. निजामुद्दीन के फिजियोलॉजी विभाग के अध्यक्ष डॉ. राजीव सिंह एवं एम्स, पटना के बर्न एवं प्लास्टिक सर्जरी के विभागाध्यक्ष डॉ. वीणा सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए, जबकि इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति सह पूर्व मंत्री गोपाल नारायण सिंह की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का उद्घाटन एन एम ओ मंत्र के साथ दीप प्रज्वलन द्वारा किया गया। इस



अवसर पर उद्बोधन करते हुए साधक ने अपने उद्बोधन से विद्यार्थियों को राष्ट्रीय भावना के साथ मानव सेवा करने की प्रेरणा दी। समूह ने कहा कि समाज से जो कुछ हमने लिया है और बल जिससे हम विद्या प्राप्त कर रहे हैं उसका उपयोग समाज के हित में करके उन्हें कुछ वापस करने की भी ज़िम्मेदारी का ज़िंदा करना चाहिए। कुलाधिपति गोपाल नारायण सिंह ने कहा कि चिकित्सक समाज का सबसे महत्वपूर्ण अंग है और सभी मित्रों को अपनी गरिमा और सामान का सामान रखना चाहिए। चिकित्सक लोगों के स्वास्थ्य को ठीक करने में अपनी-अपनी भूमिका निभाते हैं, जबकि सहयोगी लोगों के अन्य मुद्दों को ठीक करने में अपना समय देते हैं।

दोनों ही चौबीस घंटे सातों दिन काम करने के लिए जाते हैं। इस अवसर पर पितामह डा. महेंद्र कुमार सिंह ने कहा था कि नर सेवा ही नारायण सेवा है, इस पर हमेशा ध्यान देना चाहिए। कुलाधिपति गोपाल नारायण सिंह ने छात्रों को देश की सेवा करने के लिए अनुशासनात्मक शिक्षा प्रदान की और संस्थान के ब्रांड एंबेसडर के रूप में नामांकन प्राप्त किया। इस पर सचिव गोविंद नारायण सिंह, कुल सचिव डॉक्टर अभिषेक कामेंदु, उपप्रचार्य डॉ. अशोक कुमार देव, परीक्षा नियंत्रक डॉ. कुमार आलोक प्रताप अवसर भी उपस्थित रहे। के कॉल,न्यूरो सर्जरी विभाग के डॉक्टर वी ए पंडित, ई एनटी विभाग के डॉक्टर दिवाकर, सर्जरी विभाग के डॉक्टर रियाज अजय, एनेस्थिया विभाग के डॉक्टर राकेश खखार, फिजियोलॉजी विभाग के डॉक्टर अभिलाषा आदि अन्य शिक्षक उपस्थित रहे। एन एम ओ की ओर से डॉ. अजित कुमार, डॉ. अविनाश कुमार, डॉ. वैभवराजवि, डॉ. संतोष सिंह, डॉ. गौरव, डॉ. भैरव, डॉ. सुप्रिया, डॉ. राडा, डॉ. सुधांशु, डॉ. सौरभ, अदनान आदि मौजूद रहे। मंच का संचालन डॉक्टर शुभांगी, डॉक्टर सुधांशु एवं आस्था द्वारा किया गया और छात्रों को शपथ डॉक्टर मिहिर एवं डॉक्टर इंद्रेश विक्रम सिंह द्वारा किया गया। धन्यवाद ज्ञापन डॉ. एटीट्यूट द्वारा किया गया।

## उप मुख्यमंत्री विजय सिन्हा का भव्य स्वागत

प्रात : किरण संवाददाता

आरा :भोजपुर मे भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता सह उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा भाजपा ओबीसी मोर्चा के कार्यकर्ताओ ने भव्य स्वागत किया गया। आपको बताते चले कि को भाजपा भोजपुर के द्वारा विस्तृत जिला कार्यसमिति का बैठक धनुपरा स्थित रॉयल रि-सोर्ट माननीय सुरेश सिंह सभागार मे हुआ।

भारतीय जनता पार्टी के ओबीसी मोर्चा के नेतृत्व मे भोजपुर के धरती पर कार्यकताओं ने अंगवस्त्र,फूलमालाओं के साथ उनका भव्य स्वागत किया। वही पार्टी के कार्यकताओं ने विजय सिन्हा जिंदाबाद, ओबीसी मोर्चा जिन्दाबाद, जय जय श्री राम के नारों का जय घोष किया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष दुर्गा राज,



ओबीसी जिलाध्यक्ष ऋतुराज जी,आनंद गोपाल पंडित, हरेंद्र चंद्रवंशी,कृष्ण मोहन श्रीवास्तव, रवि गुप्ता, मुखिया शालिनी सिंह-,लक्की सिंह, शेखर गुप्ता,संजीत रजक, श्रवन गुप्ता,विभा रानी आदी। वही कोईलवर नगर मंडल सहित गीधा थाना क्षेत्र अंतर्गत कायमनगर बाजार पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओ ने उपमुख्यमंत्री का जोरदार स्वागत किया। उपरोक्त कार्यक्रम की जानकारी जिला सह मीडिया प्रभारी सतीश गुप्ता ने दी। वही इस कार्यक्रम में सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

# प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना ऋण वितरण शिविर कैम्प का आयोजन उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में की गई

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। उद्योग विभाग द्वारा संचालित प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम एवं प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना योजनान्तर्गत ऋण वितरण शिविर / कैम्प का आयोजन जिला पदाधिकारी, भोजपुर के निदेशानुसार जिला समाहरणालय, भोजपुर के सभागार में उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में की गई।

उप विकास आयुक्त महोदय द्वारा सभी बैंको को दोनों योजना अन्तर्गत लक्ष्य के विरूद्ध शत-प्रतिशत ऋण स्वीकृति एवं वितरित करने का निदेश दिया गया। उनके द्वारा सभी बैंको को बताया गया कि योजना केन्द्र सरकार द्वारा संचालित एक महत्वपूर्ण स्वरोजगार योजना है, जिसमें किसी प्रकार की कोताही बर्दाशत नहीं की जायोगी। उप विकास आयुक्त महोदय द्वारा बताया गया कि उद्योग विभाग द्वारा प्रतिमाह ऋण वितरण शिविर के आयोजन किए जाने से उद्यमियों में जागरूकता बढ़ रही है। राज्य एवं




जिला में औद्योगिक वातावरण का माहौल बन रहा है। उद्यमियों से अनुरोध किया गया कि ऋण राशि का उपयोग उद्योग की स्थापना में ही करे राशि का दुरूपयोग नहीं करें एवं ससमय ऋण राशि वापस करें, अन्यथा आपका केस मुकदमा के चक्कर में भी पड़ना पड़ेगा। उपस्थित बैंक पदाधिकारियों को भी सरलता से ऋण स्वीकृत एवं वितरीत करने का निर्देश दिया गया ताकि उद्यमियों को बैंको का चक्कर नहीं लगाना पड़े। उनके द्वारा बताया गया कि जिला पदाधिकारी महोदय द्वारा खराब उऊ फ्र्इ्ङ वाले बैंको के ऊड एवं रइ३ी र्ल्ली को पत्र भेजा गया है। एक माह के अंदर जमा के अनुपात में ऋण नहीं देने पर संबंधित बैंक के विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी।

उप विकास आयुक्त, भोजपुर द्वारा शिविर में उपस्थित लाभुकों के बीच योजनान्तर्गत भारतीय स्टेट बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक, इंडियन बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा यूको बैंक द्वारा कुल 22 लाभुकों को रू 132.03 लाख का ऋण स्वीकृत किया गया एवं ढटऋ्रए योजनान्तर्गत भारतीय स्टेट बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, बैंक ऑफ महाराष्ट्र, दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, यूको बैंक द्वारा कुल 15 लाभुकों को रू 102.62 लाख का ऋण स्वीकृत किया गया।

कैम्प में उप विकास आयुक्त, भोजपुर, महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र, भोजपुर, आरा, सहायक उद्योग निदेशक, उद्योग विभाग, बिहार, पटना, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक, पंजाब नेशनल बैंक, भोजपुर, सभी बैंको के पदाधिकारी/जिला समन्वयक, उद्योग विस्तार पदाधिकारी, जिला संसाधन सेवी एवं लाभुक उपस्थित थे।

## आकाशीय बिजली गिरने से दो लोगों की हुई मौत, पाँच लोग गंभीर रूप से हुए घायल

प्रात : किरण संवाददाता

रोहतास (बिहार)। रोहतास जिले के करगहर थानक्षेत्र देव खैरा गाँव मे आकाशीय बिजली की चपेट में एक ही परिवार के सात लोग आ गए। जिसमें दो लोगों की मौत हो गई जबकि अन्य पाँच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को ईलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायलों में चार महिला और एक पुरुष है वहीं शंकर राम और विवेक कुमार की मौत हो गई है। घटना के बारे में पीड़ित के परिजनों ने बताया कि यह सभी लोग छत पर खाना बना और खा रहे थे। तभी तेज गर्जन के साथ बारिश प्रारंभ हो गई और अचानक आकाशीय बिजली उनके घर पर गिर गई जिसकी चपेट में सात लोग आ गए। आनन फानन में सभी को ईलाज के लिए



करगहर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जिसमें शंकर राम और विवेक कुमार को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया है। वहीं अन्य घायल पांच लोगों का ईलाज जारी है। घायलों में एक पुरुष और चार महिला शामिल है। पुलिस मौके पर पहुंचकर मृतकों के शौक को कब्जे में लेकर पंचनामा करते हुए पोस्टमार्टम के लिए सासाराम सदर अस्पताल भेज दिया है। वही घटी इस दर्दनाक घटना के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है और पूरे गांव में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है।

## रोहतास के कशिश जलप्रपात स्थित पहाड़ी नदी में फंसे कई लोग

प्रात : किरण संवाददाता

रोहतास (बिहार)। बिहार के रोहतास जिले के अमझोर थानाक्षेत्र अंतर्गत कशिश जलप्रपात स्थित पहाड़ी नदी में अचानक पानी का बहाव तेज हो गया। जिसके कारण बाढ़ जैसी स्थिति वहां उत्पन्न हो गई। कशीश जलप्रपात में पिकनिक मनाने के लिए दूर दराज से लोग वहां गए थे। इसी दौरान पहाड़ी के ऊपरी हिस्से में तेज बारिश होने के कारण कशिश जलप्रपात ने अपना भयावह रूप ले लिया और तेज बहाव के साथ पहाड़ी नदी से पानी बहने लगा।

जिसमें दो दर्जन से अधिक लोग फस गए जिन्हें काफी मशक्कत के बाद मानव श्रृंखला बनाकर पहाड़ी नदी से बाहर रेस्क्यू किया गया। तस्वीरों में साफ देखा जा सकता है कि किस तरह से सैलानी वहां पहाड़ी नदी में फंसे हुए हैं जिन्हें मानव श्रृंखला बनाकर रेस्क्यू किया जा रहा है। हालांकि किसी के हताहत होने की जानकारी नहीं है। बताते चले की रोहतास जिले के इन पहाड़ी क्षेत्रों में कई जलप्रपात हैं जहां पिकनिक मनाने के लिए दूर दराज से लोग वहां जाते हैं। इसी तरह से बुधवार को भी कशिश जलप्रपात में पिकनिक मनाने के लिए बहुत लोग गए थे। और पहाड़ी नदी के तेज बहाव में फस गए जिन्हें सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है। गौरतलब है की पहाड़ी पर लगातार बारिश होने के कारण पहाड़ी नदियां तूफान पर हो जाती है और कुछ देर के लिए वहां बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो जाती है इसके पूर्व में भी रोहतास जिले के तिलौथू थाना अंतर्गत तुतला भवानी जलप्रपात में कई लोग फंस गए थे। जिन्हें वन विभाग की टीम द्वारा सुरक्षित रेस्क्यू किया गया था।

## विनीत विनायक एवं विरुपाक्ष विक्रम सिंह को किया गया सम्मानित

औरंगाबाद। सदर प्रखंड स्थित ग्राम जम्होर में पूर्व विधायक रघुवंश सिंह के धनआवास पर सिक्किम सरकार के एडीजी विनीत विनायक एवं नव चयनित आई ए एस विरुपाक्ष विक्रम सिंह के सम्मान समारोह आयोजन के निमित वैश्य समाज जम्होर के सदस्यों द्वारा उन्हें सम्मानित किया गया।वैश्य समाज जम्होर के अध्यक्ष अशोक कुमार गुप्ता के नेतृत्व में सभी सदस्य उनके आवास पर गए और उन्हें पुष्प गुच्छ, अंग वस्त्र एवं वैश्य समाज का प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया।सदस्यों ने संबोधन के क्रम में कहा कि यह जम्होर ग्राम के लिए गौरव की बात है कि यहां के मिट्टी में पले बढे व्यक्ति ने पुलिस सेवा में रहकर पूरे भारत में ग्राम जम्होर का नाम रोशन किया है।वहीं लोगों ने यह भी कहा कि उनके आई ए एस पुत्र भी जम्होर का नाम पूरी दुनिया में रोशन करेंगे।

## नटवार पुलिस ने नोखा-बक्सर बड़ी लाइन नहर से लापता युवक का शव किया बरामद

प्रात : किरण संवाददाता

दिनारा(रोहतास) : नटवार पुलिस ने नोखा-बक्सर बड़ी लाइन नहर से लापता युवक का शव किया बरामद । सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार नटवार थाना क्षेत्र अंतर्गत राजपुर गांव निवासी राजेंद्र राय के 30 वर्षीय पुत्र अमित राय उर्फ सोनू राय मंगलवार को अपने घर से बाइक द्वारा सुबह के करीब 9:30 बजे के आसपास नटवार बाजार के वास्ते निकले ।लेकिन मंगलवार की देर शाम तक नटवार बाजार से वे घर वापस नहीं लौटे ।जिसको लेकर उनके परिजन खोजबीन करने के वास्ते घर से निकल पड़े ।लेकिन कहीं से कोई सुराक नही मिल पाया ।अंततोगत्वा उनके परिजन मंगलवार को करीब 9 से 10 बजे रात्रि के आसपास स्थानीय थाना पर पहुंचे ।तत्पश्चात स्थानीय थाना पहुंच पुलिस के समक्ष लापता युवक के



भाई अजीत कुमार सिंह व उनके परिजनों ने घटना के बारे में अपनी आपबीती सुनाई ।उसके उपरांत स्थानीय पुलिस को लापता युवक के भाई द्वारा गुमशुदगी मामले का लिखित आवेदन दिया गया ।जिस दौरान दिए गए लिखित आवेदन के आधार पर गुमशुदगी का मामला दर्ज किया गया ।उसके उपरांत घटना की जांच पड़ताल में स्थानीय पुलिस जुट गई ।जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि लापता युवक के मोबाइल पर कॉल किया गया परंतु उनका मोबाइल स्विच ऑफ बता रहा था ।लेकिन पुलिस के द्वारा मोबाइल का टावर लोकेशन की जांच की गई तो मोबाइल का लोकेशन नोखा बता रहा था ।लापता युवक के परिजन मोबाइल लोकेशन के आधार पर खोजबीन करने के वास्ते बुधवार की सुबह नोखा पहुंचे ।परंतु उनके परिजन को निराशा हाथ लगी ।थानाध्यक्ष ने बताया कि लापता युवक के परिजन नोखा-बक्सर बड़ी लाइन होते हुए अगल-बगल एवं बड़ी लाइन नहर में खोजबीन करते हुए घर वापस आ ही रहे थे तो नोखा-बक्सर लाइन बड़ी नहर में नटवार थाना क्षेत्र के पचमोरिया के पास नहर में शव तैरते हुए दिखाई दिया ।जिसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई ।उक्त दौरान घटनास्थल के आसपास शव की खबर सुन सैकड़ों लोगों की भीड़ जुट गई ।घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस घटनास्थल पर पहुंच जायजा लेते हुए नहर से शव को बाहर निकलवाया ।उक्त दौरान घटनास्थल पर मौजूद लापता युवक के परिजनों ने शव की पहचान कर ली ।थानाध्यक्ष श्री सिंह ने बताया कि नहर से बरामद शव लापता युवक उक्त थाना क्षेत्र के राजपुर गांव निवासी राजेंद्र राय के 30 वर्षीय पुत्र अमित राय उर्फ सोनू राय के रूप में की गई ।श्री कुमार ने कहा कि मृतक के पॉकेट से मोबाइल बरामद किया गया है ।उन्होंने कहा कि इस घटना की जांच के लिए डेहरी ऑन सोन से एफएसएल की टीम को बुलाई गई थी ।सूचना मिलते ही घटनास्थल पर डेहरी ऑन सोन से टीम पहुंच जांच के लिए सैंपल ले गई है ।थानाध्यक्ष ने बताया कि मृतक के परिजन समक्ष कानूनी कार्रवाई करते हुए शव को अंत्यपरीक्षण कराने के वास्ते सदर अस्पताल सासाराम भेज दिया गया ।उन्होंने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट एवं एफएसएल टीम के द्वारा दिए गए रिपोर्ट के आधार पर ही कुछ बताया जा सकता है ।

# बबन सिंह के पोस्टमार्टम रिपोर्ट में छेड़छाड़ किए जाने पर सल्लू खान ने पूर्व राज्यपाल को कराया अवगत

प्रात : किरण संवाददाता

औरंगाबाद। बबन सिंह के पोस्टमार्टम रिपोर्ट में छेड़छाड़ किए जाने पर सल्लू खान ने पूर्व राज्यपाल निखिल कुमार को अवगत कराया गया है। इस पर पूर्व राज्यपाल ने डीएम को बुधवार को एक पत्र लिखा है। पत्र के माध्यम से बताया कि रफीगंज थाना कांड सं-266-23 में प्रशासन के स्तर से गड़बड़ी की जा रही है। बबन सिंह की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में छेड़छाड़ की गई और शिकायत के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई। स्वास्थ्य विभाग में जिन लोगों पर इसका आरोप लगा था, उनके खिलाफ जांच का आदेश जिला पदाधिकारी द्वारा दिया गया लेकिन जांच भी उसी से कार्रवाई जा रही थी जिस पर आरोप था। 11 जनवरी 2024 की जांच प्रक्रिया के क्रम में पुलिस अवर निरीक्षक शिखा कुमारी, नगर



थाना ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट में छेड़छाड़ की पुष्टि की है। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर के कार्यालय को 29 मार्च 2024 को नगर थानाध्यक्ष के द्वारा जिसका ज्ञापांक संख्या 1035/24 दिनांक 29/3/2024 से जांच रिपोर्ट भेजा गया है। मगर अब तक किसी तरह की कोई कार्रवाई नहीं की गई है। कार्रवाई नहीं होने पर आरोपित चिकित्सक के खिलाफ एक परिवाद संख्या-492/24 दायर किया गया था। मामले में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी ने अभियोजन स्वीकृति लाने का आदेश दिया था। आवेदन और अन्य कागजात जिला पदाधिकारी को दिया गया लेकिन जान बूझ कर मामले को लटकाया जा रहा है। मगध प्रमंडल के क्षेत्रीय अपर निदेशक, स्वास्थ्य सेवा, गया को आवेदन भेजा गया है। 25 जून 2024 को दोनों जगहों पर डाक प्राप्त हो चुका है जिसकी रिसीविंग मिल गई है। इसका मैसेज भी उन्हें मिला है जिससे यह पुष्टि होती है कि उन्हें डाक प्राप्त हुआ है। बावजूद भी 27.6.2024 को औरंगाबाद के डीएम को मैंने स्वयं जाकर आवेदन दिया है जिसकी रिसीविंग भी कापी के रूप में संलग्न है। कहना है कि दोनों जगहों पर अभियोजन के लिए आवेदन दिया गया है और रिसीविंग संलग्न है। इसके बाद भी अभियोजन स्वीकृति अप्राप्त है। चार जुलाई को डीएम को स्पीड पोस्ट के माध्यम से पुनः आवेदन भेजा गया जो वहां पांच जुलाई 2024 को प्राप्त है। चार जुलाई 2024 को मगध प्रमंडल के क्षेत्रीय अपन निदेशक, गया, स्वास्थ्य सेवाएं विभाग को स्पीड पोस्ट के माध्यम से आवेदन भेजा गया जो वहां पांच जुलाई को प्राप्त है। इसके बाद 6 जुलाई 2024 को डीएम के कार्यालय में अभियोजन स्वीकृति के लिए खुद आवेदन पत्र के साथ न्यायालय के आदेश की कापी दी। इन सभी की छाया प्रति संलग्न है। डीएम के द्वारा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को बचाने का प्रयास किया जा रहा है। इसमें एक दूसरे की मिलीभगत है। राकेश कुमार उर्फ पप्पू सिंह, पूर्व अध्यक्ष अरविंद कुमार सिंह, राशिद अली खान, कौशलेंद्र प्रताप कुमार सिंह, प्रो. विजय कुमार सिंह, रफीगंज प्रखंड अध्यक्ष सुजीत कुमार सिंह, मदनपुर प्रखंड अध्यक्ष संजीव कुमार सिंह, देव प्रखंड अध्यक्ष रवींद्र कुमार रवि, रवि सिंह राजपूत, मृत्युंजय कुमार, राघवेंद्र प्रताप सिंह, रवि कुमार सिंह सहित मौजूद रहे।

## औरंगाबाद के साहित्यकार पलामू में लोकार्पण समारोह के साक्षी बने

प्रात : किरण संवाददाता

औरंगाबाद। औरंगाबाद जिले के ख्याति प्राप्त साहित्यकारों ने पलामू के धरती पर जाकर वहां के मिट्टी के सोंधी महक से सजी हुई साहित्यिक सरिता को उत्सर्जित करती मुक्तक पंचामृत काव्य के लोकार्पण के साक्षी बने। औरंगाबाद जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष डॉ सिद्धेश्वर प्रसाद सिंह,समकालीन जवाबदेही पत्रिका के प्रधान संपादक डॉ सुरेंद्र प्रसाद मिश्रा,पर्यावरण साहित्य के पुरोधा डॉ रामाधार सिंह ने झारखंड के प्रसिद्ध साहित्यकार राकेश कुमार संपादित मुक्तक पंचामृत लोकार्पण के मौके पर औरंगाबाद एवं बिहार के मगध के धरती की आवाज बनकर पलामू के काव्य अमृत को उत्सर्जित किया। डाल्टनगंज के जमुने अवस्थित माता द्रौपदी नामधारी गुरु गोविंद सिंह पब्लिक स्कूल के प्रांगण में साहित्य भारती पलामू के सान्निध्य में राकेश कुमार,नीरज पाठक, रीना




प्रेम दुबे,अनुज पाठक,रमेश कुमार सिंह रचित मुक्तक पंचामृत काव्य के लोकार्पण के मुख्य अतिथि झारखंड विधानसभा के प्रथम अध्यक्ष इंदर सिंह नामधारी, भारतीय वन सेवा के पदाधिकारी कुमार मनीष अरविंद की गरिमामई उपस्थिति रही। लोकार्पण समारोह कीअध्यक्षता शिक्षाविद् प्रोफेसर सुभाष चंद्र मिश्र ने किया।जबकि संचालन की जिम्मेवारी प्रसिद्ध कवि एवं लेखक विद्या वैभव भारद्वाज द्वारा निभाई गई।इंदर सिंह नामधारी ने कहा कि साहित्य के माध्यम से सामाजिक समरसता का प्रसार होना चाहिए।कुमार मनीष अरविंद ने कहा कि पलामू की सकारात्मक रचनाधर्मिता बहुत ही संतोषदायक है।डॉ सिद्धेश्वर प्रसाद सिंह ने कहा कि पलामू का साहित्य जन जन से जुड़ी हुई है। डॉ सुरेंद्र प्रसाद मिश्र ने कहा कि काव्य प्रणयन एक साधना युक्त सारस्वत अनुष्ठान होता है।

डॉ रामाधार सिंह ने कहा कि मुक्तक पंचामृत पर्यावरण का सार तत्व है।अध्यक्षीय उद्बोधन में प्रो सुभाष चंद्र मिश्र ने कहा कि कवि अपनी रचना से समाज के दृष्टिकोण को बदल सकता है। विषय प्रवेश प्रधानाध्यापक परशुराम तिवारी ने किया।राष्ट्रीय सेवा मंच के अध्यक्ष प्रिय रंजन पाठक एवं सचिव प्रेम प्रकाश दुबे ने सभी आगत अतिथियों को सम्मानित किया।वहीं सरस्वती वंदना रामप्रवेश पंडित द्वारा किया।स्वागत भाषण उमेश कुमार पाठक द्वारा किया गया। मौके पर रामाधार सिंह,दिवाकर झा,श्रीधर प्रसाद द्विवेदी,हरिवंश प्रभात सहित अन्य उपस्थित थे। धन्यवाद ज्ञापन धनंजय पाठक ने किया।

## अपने जन्मदिन पर एक पेड़ जरूर लगाए : मनोज श्रीवास्तव

रंग कमी मनोज श्रीवास्तव ने अपने जन्मदिवस के अवसर पर अपने गांव छोटका कल्याणपुर ठाकुरबाड़ी में और साथ ही साथ लेखा नगर काली मंदिर



के बागान में पीपल, बेल, शमी, का पौधा और पेड़ लगाए उन्होंने कहा हम पाश्चात्य शैली को अपना कर केक काटने का कार्य करते हैं और अपने संस्कृति को अंधेरे में धकेल रहे हैं हम सभी को अपने जन्म दिवस के अवसर पर वृक्ष लगाना चाहिए और हमारे पर्यावरण को शुद्ध करने में मदद करना चाहिए गर्मी के दिनों में प्रचंड गर्मी को देखते हुए सभी नागरिकों का यह दायित्व बनता है कि हम एक वृक्ष लगाए अगर वह वृक्ष हम अपने जन्म दिवस पर लगाते हैं तो हम एक नेक कार्य करते हैं वृक्ष जैसे-जैसे बड़ा होगा हमारे आने वाली पीढ़ी को लाभ मिलेगा पर्यावरण खुशहाल रहेगा और बरसात के मौसम में बारिश भी सही होगी भी और चारों तरफ हरियाली का वातावरण रहेगा।

## जीबीएम कॉलेज में हिन्दी विभाग द्वारा मुंशी प्रेमचंद की 144वीं जयंती पर लघु संगोष्ठी का आयोजन

गया। गौतम बुद्ध महिला कॉलेज में उपन्यास सम्राट मुंशी प्रेमचंद की 144 वीं जयंती पर हिन्दी विभाग की ओर से एक लघु-संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ कॉलेज के प्रभारी प्रधानाचार्य डॉ सहदेब बाउरी, हिन्दी विभाग के अध्यक्ष डॉ प्यारे माँझी, डॉ सुनीता कुमारी एवं डॉ सुरबाला कृष्णा, राजनीतिशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ शगुफ्ता अंसारी, अंग्रेजी विभागाध्यक्ष डॉ. कुमारी रश्मि प्रियदर्शनी, गृहविज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. प्रियंका कुमारी एवं उपस्थित छात्राओं ने मुंशी प्रेमचंद के छायाचित्र पर माल्यार्पण तथा पुष्पार्पण करके किया है।इस कार्यक्रम के संयोजक डॉ. माँझी ने लघु-संगोष्ठी के विषय 'प्रेमचंद का साहित्य एवं वर्तमान समय' पर अपने सारगर्भित विचार रखे हैं। उन्होंने छात्राओं को प्रेमचंद की जीवनी और कृतियों से परिचित करवाया है। प्रभारी प्रधानाचार्य डॉ सहदेब बाउरी ने छात्राओं से मुंशी प्रेमचंद के बारे में अनिवार्य रूप से जानकारी रखने की बात कही क्योंकि प्रेमचंद को पढ़े बिना हिन्दी साहित्य की जानकारी बिल्कुल अधूरी है। उन्होंने हिन्दी विभाग को इस आयोजन हेतु हार्दिक शुभकामनाएं दीं है। मुंशी प्रेमचंद द्वारा लिखे गये 'गबन', 'सेवासदन', 'निर्मला', 'गोदान' 'कर्मभूमि', 'रंगभूमि', 'प्रतिज्ञा', 'वरदान' जैसे चर्चित उपन्यासों के प्रसिद्ध चरित्रों का स्मरण दिलाते हुए अंग्रेजी विभागाध्यक्ष डॉ. रश्मि प्रियदर्शनी ने एक उपन्यासकार के रूप में मुंशी प्रेमचंद की लोकप्रियता का मूल कारण उनके द्वारा चयनित महत्त्वपूर्ण सामाजिक विषयों और विषयों के अनुरूप प्रयुक्त सरल, सहज व मनोविश्लेषणात्मक भाषाशैली को ठहराया है। डॉ रश्मि ने कहा कि प्रेमचंद ने अपनी कहानियों एवं उपन्यासों में समाज के हर वर्ग की मानवीय संवेदनाओं को स्पर्श करने का प्रयत्न किया है। उन्होंने दलितों, शोषितों, पीड़ितों एवं उपेक्षितों की समस्याओं पर अपनी लेखनी चलाते हुए साहित्य द्वारा भारतीय समाज में सुधार लाने का यथासंभव प्रयत्न किया है। डॉ रश्मि के अनुसार, प्रेमचंद जयंती समारोह मनाना तभी सार्थक होगा जब छात्राएं नियमित रूप से पुस्तकालय जाकर प्रेमचंद द्वारा लिखित उपन्यासों एवं कहानियों को पढ़ें, उनमें चित्रित भारतीय समाज की समस्याओं की गंभीरता को समझकर समाज में मौजूद विसंगतियों पर अपनी भी लेखनी चलायें है। उन्होंने छात्राओं को महाविद्यालय पत्रिका 'गरिमा' के लिए भी छोटी-छोटी कविताएँ और कहानियाँ लिखने को प्रेरित किया है। डॉ शगुफ्ता अंसारी ने मुंशी प्रेमचंद द्वारा लिखी कहानी 'बड़े घर की बेटी' एवं 'ईदगाह' पर प्रकाश डाला गया है। प्रेमचंद की सभी कहानियों को रोचक तथा समाजोपयोगी ठहराते हुए कार्यक्रम में छात्राओं की सक्रिय सहभागिता की प्रशंसा की है। डॉ प्रियंका कुमारी, डॉ सुनीता कुमारी एवं डॉ. सुरबाला कृष्णा ने मुंशी प्रेमचंद के उपन्यासों एवं कहानियों को हृदयस्पर्शी एवं मार्मिक बतलाते हुए अपने विचार रखे हैं। संगोष्ठी में छात्रा मानसी कुमारी, नैना कुमारी, स्वाति कुमारी, पूजा कुमारी ने भी मुंशी प्रेमचंद की प्रतिनिधि कहानियों में से 'बड़े घर की बेटी', ईदगाह, 'ठाकुर का कुँआ', 'पूस की रात', कफन, 'दो बैलों की कथा', 'सवा सेर गेहूँ' आदि पर अपने विचार रखे हैं। इस कार्यक्रम के अंत में मुंशी प्रेमचंद द्वारा लिखित कहानी 'पंच-परमेश्वर' पर आधारित वृत्तचित्र भी दिखाया गया है।



## राजकुमार की प्लास्टिक सर्जरी की अफवाह पर इमरान की प्रतिक्रिया

बॉलीवुड अभिनेता इमरान हाशमी ने हाल ही में राजकुमार राव की प्लास्टिक सर्जरी की अफवाह पर प्रतिक्रिया दी है। राजकुमार राव ने भी लंबे समय बाद इन अटकलों को खारिज कर दिया। हाल ही में एक चैट शो में इमरान से सवाल किया गया कि स्टार्स प्लास्टिक सर्जरी क्यों करवाते हैं। इसपर अभिनेता ने उन लोगों का नाम पूछा, जिन्होंने सर्जरी करवाई है। ऐसे में होस्ट ने राजकुमार राव का नाम लिया। राजकुमार का नाम सुनते ही इमरान ने हंसते हुए कहा, हां और फिर चेहरा ढक लिया।

इमरान हाशमी ने बातचीत के दौरान कहा, यह एक सच्चाई है। मेरा मतलब है, कॉस्मेटिक बिजनेस। केवल इंडस्ट्री में ही नहीं, बल्कि यह एक ऐसी चीज है, जिसकी मार्केटिंग उन्होंने बहुत अच्छे से की है। हर कोई पोस्टर बॉय या गर्ल की तरह दिखना चाहता है। खूबसूरती की यही पहचान बन गई है, है न? आप खुद को उसी के अनुसार ढालना चाहते हैं। क्योंकि यही वो चीज है, जिसे प्यार मिलता है और आप अपने बारे में अच्छा महसूस करते हैं। कॉस्मेटिक सर्जरी की बात करें तो, अगर आप सोच रहे हैं तो मैंने कोई सर्जरी नहीं करवाई है।

### राजकुमार राव ने तस्वीर को बताया नकली



इस साल की शुरुआत में राजकुमार राव की एक तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हुई थी। इस तस्वीर में उनकी ठोड़ी लंबी दिखाई दे रही थी। इस तस्वीर पर नेटिजन्स को यह सोचने पर मजबूर कर दिया था कि क्या राजकुमार ने प्लास्टिक सर्जरी करवाई है। हालांकि, राजकुमार राव ने वायरल तस्वीर को नकली बताते हुए ये स्पष्ट किया कि उन्होंने सर्जरी नहीं करवाई है।

### राजकुमार ने नहीं करवाई सर्जरी

अभिनेता ने कहा था, अगर आपने वह तस्वीर देखी है, तो वह मेरी तरह बिल्कुल भी नहीं दिखती। यह वाकई मजेदार था, क्योंकि यह मैं नहीं हूं। मुझे लगता है कि किसी ने शरारत की है। यह छेड़छाड़ करके बनाई गई तस्वीर है। लोग प्लास्टिक सर्जरी जैसे बड़े-बड़े शब्दों का इस्तेमाल कर रहे थे। मगर मैंने कभी सर्जरी नहीं करवाई।



# वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स का हिस्सा बनने पर शारवरी ने जताई खुशी

वाईआरएफ की बहुचर्चित फिल्म अल्फा की शूटिंग आज से शुरू हो चुकी है, जिसकी जानकारी खुद फिल्म की अभिनेत्री शरवरी वाघ ने एक तस्वीर और नोट के जरिए अपने सोशल मीडिया हैंडल पर साझा करके दी है। साथ ही शरवरी ने यह बताया कि वह अल्फा को लेकर बेहद उत्साहित हैं। फिल्म मुंजा और महाराज में अपने बेहतरीन अभिनय से लोगों का दिल जीत चुकीं अभिनेत्री शरवरी वाघ अब अपनी आगामी बहुप्रतीक्षित फिल्म अल्फा को लेकर लगातार चर्चा में बनी हुई हैं। शरवरी ने फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है, जिसकी जानकारी उन्होंने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर दी साथ ही उन्होंने यह भी बताया की वह इस प्रोजेक्ट को लेकर बेहद उत्साहित हैं।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, वाईआरएफ की स्पाई यूनिवर्स अल्फा एक महिला प्रधान फिल्म होगी। इस फिल्म में शरवरी के अलावा आलिया भट्ट नजर आएंगी। आलिया भट्ट और शरवरी वाघ दोनों ही सुपर एजेंट की भूमिका में दिखाई देंगी। बता दें फिल्म अल्फा का निर्देशन शिव रवैल कर रहे हैं। इसके पहले उन्होंने सीरीज द रेलवे मेन का निर्देशन किया था, जो कि बॉक्स ऑफिस पर हिट रही थी। आदित्य चोपड़ा द्वारा निर्मित अल्फा की शूटिंग आज से शुरू हो चुकी है, जिसकी जानकारी शरवरी ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर साझा करके दी है। शरवरी ने अल्फा के सेट से निर्देशक के साथ एक तस्वीर साझा की है और इसके साथ ही शरवरी ने जाहिर किया है कि वह फिल्म को लेकर कितनी उत्साहित हैं। साथ ही शरवरी ने इस पोस्ट में फिल्म के निर्माता और निर्देशक को उन्हें कास्ट करने और उन पर भरोसा करने के लिए धन्यवाद दिया।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स फिल्म अल्फा का फिल्मांकन बड़े बजट के स्केल पर किया जाएगा। अल्फा एक एक्शन थ्रिलर है, जिसमें रोमांचक दृश्य और आकर्षक कहानी के साथ दर्शकों को एक बेहतरीन सिनेमाई अनुभव मिलेगा। शर्वरी को एक नई भूमिका में देखना उनके प्रशंसकों के लिए भी काफी बेहतरीन अनुभव होगा। बता दें शरवरी फिल्म अल्फा के लिए कड़ी फिटनेस ट्रेनिंग भी ले रही हैं। इसी बीच समंदर किनारे से उन्होंने अपनी रनिंग करते हुए कुछ तस्वीरें साझा की है। इसमें वो फिटनेस गोल्स देते हुए नजर आ रही हैं। बहरहाल, स्वतंत्रता दिवस यानी 15 अगस्त को शरवरी वाघ की फिल्म वेदा रिलीज हो रही है, जिसमें उनके साथ जॉन अब्राहम अहम भूमिका में नजर आएंगे।



## भाग्यश्री बोरसे ने पूरी की मिस्टर बच्चन के लिए डबिंग


साउथ के मास महाराजा रवि तेजा इन दिनों अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म मिस्टर बच्चन को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। दर्शक बेसब्री से फिल्म की रिलीज का इंतजार कर रहे हैं। हाल ही में निर्माताओं ने फिल्म की रिलीज की तारीख से पर्दा उठाया था, जिसे फैंस के बीच उत्साह का माहौल था। वहीं अब इस फिल्म को लेकर नई जानकारी सामने आई है। जैसे-जैसे मिस्टर बच्चन की रिलीज की तारीख नजदीक आ रही है, इस एक्शन एंटरटेनर के निर्माता ऑफलाइन और ऑनलाइन दोनों तरह से प्रचार कर रहे हैं। मास महाराजा रवि तेजा अभिनीत और हरीश शंकर द्वारा निर्देशित यह फिल्म अपने प्रचार कंटेंट के साथ काफी उत्साह पैदा कर रही है। अब फिल्म की नायिका भाग्यश्री बोरसे ने दिलचस्प अपडेट साझा किया है। फिल्म की नायिका भाग्यश्री बोरसे इस फिल्म के जरिए टॉलीवुड में डेब्यू कर रही हैं। उन्होंने ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर साझा किया कि उन्होंने मिस्टर बच्चन में अपनी भूमिका के लिए डबिंग पूरी कर ली है। पोस्ट-प्रोडक्शन के तेजी से आगे बढ़ने के साथ फिल्म जल्द ही सेंसरशिप से गुजरने वाली है। यह हिंदी फिल्म रेड की रीमेक है, जिसमें रवि तेजा में एक सरकारी कर्मचारी के रूप में नजर आएंगे, जिसमें एक सामाजिक संदेश भी है। वहीं, भाग्यश्री बोरसे इस थ्रिलर फिल्म में रवि के साथ मुख्य भूमिका निभाएंगी।



## वेदांग रैना के संग दोबारा काम करने को बेताब हैं खुशी

अभिनेता वेदांग रैना और खुशी कपूर इन दिनों सुर्खियों में बने हुए हैं। दोनों एक साथ पिछले साल द आर्चीज में नजर आए थे। दर्शकों को उनकी जोड़ी पसंद आई थी। वहीं अफवाहों का बाजार गर्म है कि खुशी और वेदांग एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं।

खुशी कपूर से जब पूछा गया कि क्या वे वेदांग के साथ दोबारा काम करना पसंद करेंगी। इस सवाल के जवाब में अभिनेत्री कहती हैं, हां, मैं उनके साथ दोबारा जरूर एक फिल्म करना पसंद करूंगी। उनके साथ काम करते हुए मैं सहज महसूस करती हूं। खुशी कपूर अपनी बात जारी रखते हुए कहती हैं, मुझे ऐसा लगता है कि जब आप किसी व्यक्ति को जानते हैं तब आप उनके साथ सहज होते हैं। इससे चीजें कम कठिन हो जाती हैं और आप उतना घबराते नहीं हैं। मुझे लगता है कि एक सहज माहौल में गलती कम होती है। खुशी कपूर शो के दौरान ऑफ-शोल्डर ब्लाउज, केप-स्टाइल स्लीव्स और मरमेड स्कर्ट में नजर आईं। वे किसी परी जैसी लग रही थीं। उन्होंने आप ने लुक को पूरा करने के लिए हेवी नकलेस पहना था। उस शो में उनके साथ वहां वेदांग भी मौजूद थे। वहीं खुशी के संग दोबारा काम करने के बारे में बाते करते हुए वेदांग ने कहा, बिल्कुल हम एक साथ काम करना चाहते हैं। मुझे लगता है कि हम एक-दूसरे को काफी समय से जानते हैं और हम एक साथ काफी सहज हैं। हम सेट पर भी काफी आराम से एक साथ काम करते हैं। मुझे उनके साथ काम करके अच्छा लगता है।



## रजनीकांत ने थलाइवर 174 के लिए निर्देशक मारी सेल्वराज से मिलाया हाथ

**रजनीकांत इस समय कई फिल्मों पर काम कर रहे हैं और उनके पास आने वाले प्रोजेक्ट्स की एक बड़ी लाइन है। सुपरस्टार अपनी आने वाली फिल्मों के लिए तमिल फिल्म इंडस्ट्री के कुछ बेहतरीन कलाकारों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। अभिनेता ने हाल ही में लोकेश कनगराज की कुली की शूटिंग शुरू की है। वहीं अब वे अपनी अन्य आगामी परियोजनाओं की घोषणा करने की योजना बना रहे हैं। रजनीकांत अब अपनी नई फिल्म की घोषणा करने के लिए तैयार हैं।**

रिपोर्ट्स के अनुसार, रजनीकांत अपनी 174वीं फिल्म के लिए फिल्म निर्माता मारी सेल्वराज के साथ हाथ मिला रहे हैं, जिसका संभावित नाम थलाइवर 174 है। सोशल मीडिया पर खबरें हैं कि रजनीकांत अपनी 174वीं फिल्म के लिए निर्देशक मारी सेल्वराज के साथ काम करेंगे, जो अपनी हिट फिल्मों परियेरम पेरुमल, कर्णन और ममन्नन के लिए जाने जाते हैं। इस बहुप्रतीक्षित परियोजना का अस्थायी शीर्षक थलाइवर 174 है।

रजनीकांत के पास अभी लोकेश कनगराज द्वारा निर्देशित कुली और उनकी 173वीं परियोजना जेलर 2 है, जो नेल्सन द्वारा निर्देशित ब्लॉकबस्टर एक्शन थ्रिलर जेलर की अगली कड़ी है। इन फिल्मों की शूटिंग पूरी करने के बाद रजनीकांत थलाइवर 174 पर काम शुरू करेंगे। रिपोर्ट्स के अनुसार, रजनीकांत और मारी सेल्वराज की इस अनाम परियोजना को बैनर 7 स्क्रीन स्टूडियो के तहत ललित कुमार द्वारा निर्मित किया जाएगा। कल्कि 2898 एडी के संगीत निर्देशक संतोष नारायणन कथित तौर पर इस बहुप्रतीक्षित परियोजना के लिए गाने और मूल स्कोर बनाने के लिए बातचीत कर रहे हैं।

रिपोर्ट्स के अनुसार, टीम इन सभी चीजों को अंतिम रूप देने में जुटी हुई है और सब तय हो जाने के बाद ही आधिकारिक तौर पर निर्माता रजनीकांत के साथ इस फिल्म की घोषणा करेंगे। साथ ही फिल्म में मुख्य नायिका का किरदार निभाने वाली अभिनेत्री और अन्य कलाकारों के साथ तकनिकी क्रू की जानकारी फिल्म को आधिकारिक तौर पर लॉन्च करने के बाद दी जाएगी।

रजनीकांत अपनी 170वीं फिल्म वेट्टैयन में नजर आएंगे, जिसका निर्देशन टीजे ज्ञानवेल कर रहे हैं। यह फिल्म एक सामाजिक-एक्शन ड्रामा है, यह फिल्म 10 अक्तूबर 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। रजनीकांत निर्देशक लोकेश कनगराज के साथ उनकी 171वीं फिल्म के लिए काम कर रहे हैं, जिसका नाम कुली है। कुली की शूटिंग पूरी करने के बाद रजनीकांत नेल्सन के जेलर 2 की शूटिंग शुरू करने वाले हैं।



## डेब्यू के लिए तैयार वरुण धवन की भतीजी अंजिनी

**बॉलीवुड अभिनेता वरुण धवन की भतीजी अंजिनी धवन फिल्म बिन्नी एंड फैमिली से बॉलीवुड में डेब्यू करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।**

पंकज कपूर अभिनीत, एकता कपूर की बालाजी मोशन पिक्चर्स द्वारा निर्मित और संजय त्रिपाठी द्वारा निर्देशित यह फिल्म एक पारिवारिक ड्रामा है। प्रशंसकों को उत्साहित करने के लिए निर्माताओं ने फिल्म पहला पोस्टर भी जारी किया है। साथ ही रिलीज डेट से भी पर्दा उठाया गया है। बिन्नी एंड फैमिली का फर्स्ट लुक पोस्टर बालाजी मोशन पिक्चर्स के इंस्टाग्राम हैंडल पर जारी किया गया। पोस्ट साझा करते हुए कैप्शन में लिखा गया, पुराने जमाने के संस्कार बनाम आजकल के आधुनिक विचार। जटिलताओं से भरी फैमिली है बिन्नी की, पर ये कहानी है हम सब की। मिलिए बिन्नी एंड फैमिली से 30 अगस्त को अपने नजदीकी सिनेमा घरों में।

# रिसॉर्ट जैसा होता है सलमान खान की फिल्मों का सेट

डेजी शाह, जिन्होंने सलमान खान के साथ फिल्म जय हो और रेस 3 जैसी फिल्मों में काम किया है। डेजी ने हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान सलमान की जमकर तारीफ की साथ ही उन्होंने बताया कि सलमान खान की फिल्म के सेट पर कलाकारों और क्रू के लिए स्पेशल खाने का इंतजाम होता है। डेजी शाह ने सलमान खान की 2014 में रिलीज हुई फिल्म जय हो से बॉलीवुड में कदम रखा था। जय हो के बाद डेजी हेट स्टोरी 3 और रेस 3 जैसी फिल्मों में नजर आ चुकी हैं। हाल ही में, डेजी ने एक इंटरव्यू के दौरान बताया कि सलमान खान की फिल्म का सेट खाने के शौकीनों के लिए किसी स्वर्ग से कम नहीं हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, एक इंटरव्यू के दौरान डेजी शाह ने बताया कि सलमान की फिल्म के सेट किसी रिसॉर्ट की तरह दिखते थे। उन्होंने बताया कि एक बड़े टेंट के अंदर तीन टेबल लगाई जाती हैं, जिनके चारों ओर 10-15 कुर्सियां होती हैं। इसके साथ ही एक बड़े से टेबल पर खाना परोसा जाता है। यह एक बुफे सिस्टम की तरह दिखता है। आगे डेजी ने कहा, मुझे याद है कि मैं फ्लैटब्रेड और वड़ा पाव खाती थी और कभी-कभी वहां लाइव पानी पुरी और डोसा काउंटर भी होते थे। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, डेजी ने आगे कहा, सलमान ने मेरी मदद करने के लिए अपने दोस्त को बुलाया और उनके दोस्त ने मुझे बुलाया। उस दौरान सलमान ने मुझे इस स्थिति से बाहर निकाला। अगर आप किसी समस्या के लिए उन्हें बुलाते हैं, तो यह तय है कि आप उस स्थिति से बाहर निकलेंगे ही। काम की बात करें तो डेजी शाह अपनी अगली अनटाइटल्ड वेब सीरीज की शूटिंग में व्यस्त हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, वह शो में एक टिपिकल हाउसवाइफ की भूमिका निभाती नजर आएंगी। वहीं सलमान खान निर्देशक एआर मुरुगादॉस की एक्शन-एंटरटेनर फिल्म सिकंदर में नजर आएंगे। इस फिल्म में सलमान के साथ रश्मिका मंदाना, प्रतीक बब्बर और सत्यराज भी मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे।



## संक्षिप्त खबरें

### डीएम ने की शिक्षा विभाग के पदाधिकारी पर कार्रवाई

अरवल।जिला पदाधिकारी वर्षा सिंह ने अरवल शिक्षा विभाग के पदाधिकारी पर बडी कार्रवाई किया गया, मिली जानकारी के अनुसार जिले के सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी के वेतन निकासी पर तत्काल रोक लगा दी गई है, जिला पदाधिकारी वर्षा सिंह के द्वारा शिक्षा विभाग के पदाधिकारी पर किए गए कार्रवाई के बाद शिक्षा विभाग में मचा हड़कप, क्यों हुई कार्रवाई ई शिक्षा कोर्स पोर्टल पर जितने बच्चे हैं उनका आधार कार्ड का एनरोलमेंट ऑनलाइन एंट्री करना है, ई शिक्षा कोर्स पोर्टल संतोषजनक नहीं पाई गई है जिसे सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी के वेतन पर रोक लगा दी गई है।

### सांस्कृतिक कार्यक्रम सह टेंट सिटी का उद्घाटन तारापुर विधायक ने किया

संग्रामपुर (मुंगेर)। प्रखंड के मध्य विद्यालय कुमरसार में जिला प्रशासन मुंगेर द्वारा आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम सह सिटी टेंट का उद्घाटन तारापुर विधायक डीएसपी ,डीसीएलआर, बीडीओ , सीओ बीपीआरओ , थानाध्यक्ष पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष,जदयू विधायक प्रतिनिधि,जदयू प्रखंड अध्यक्ष ,जदयू प्रदेश सचिव पुर्व प्रमुख द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया।तत्पश्चात भागलपुर से आयी गायिका फुल कुमारी द्वारा शिव भजन गीत हाथी ना घोड़ा ना कौनो सवारी पैदल ही आइव तोरे दुआरी हो भोले नाथ की गीत पर कांवरिया झुमने लगे।वही गायक अभय शंकर दुबे की प्रस्तुती भक्ति गीत खेले रहिए धुपय रहिए मन ही मन बिचारे रहिए जैबे बाबा धाम की गीत पर खुब तालिया बटोरी कांवरिया मंत्रमुग्ध हो उठे।जबकि गायिका अंशू कुमारी आइलबानी तौहर दुअरिया नजरिया फेरो हो बाबा की भजन को खुब सराहाया गया।

### अनुमंडल अनुश्रवण समिति की बैठक संपन्न

हवेली खड़गपुर (मुंगेर) ।अनुमंडल कार्यालय खड़गपुर से प्राप्त समाचार के अनुसार अनुमंडल कार्यालय के सभागार में अनुमंडल स्तरीय अनुश्रवण समिति की बैठक आयोजित की गई बैठक की अध्यक्षता अनुमंडल पदाधिकारी राजीव रोशन ने की बैठक में उपस्थित अनुसंधान समिति के सदस्यों ने कई अहम मुद्दों पर चर्चा की एवं सुधार लाने का आग्रह पदाधिकारी से की अनुमंडल पदाधिकारी ने इस दौरान गैस सिलेंडर विक्रेताओं से जरूरतमंदों को समय पर होम डिलीवरी गैस रिलीफ होम डिलीवरी बीपीएल लाखों को नया कनेक्शन देने एवं किसी भी प्रकार की कालाबाजारी पकड़े जाने पर कार्रवाई करने की शक्ति वहीं एफबीआई गोदाम सहायक प्रबंधक को रोस्टर के हिसाब से दिलदारों को निर्धारित समय सीमा के अंदर अंदर डोर स्टेप डिलीवरी किए जाने की का निर्देश दिया इसके अलावा किसी भी लाभुकों को कम अनाज देने पर पीडीएस विक्रेता पर कार्रवाई की जाने की बात कहीं स्वास्थ्य विभाग बिजली विभाग शिक्षा विभाग कृषि विभाग सहित कई विभाग को सरकार द्वारा निर्धारित माफ दंड के तहत जरूरतमंदों को सरकारी योजना का लाभ दिए जाने का भी निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया गया कई मुद्दों में सदस्यों ने सुधार के लिए ध्यान आकर्षित किया।

### पीड़ितों से मिले लोजपा आर के शिष्टमंडल

हाजीपुर।लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केन्द्रीय मंत्री माननीय श्री चिराग पासवान जी के निदेर्शानुसार पार्टी के वैशाली जिलाध्यक्ष संजीव कुमार सिंह के नेतृत्व में चार सदस्यीय टीम महुआ प्रखंड के सिंघाड़ा निवासी सह पार्टी के जिला उपाध्यक्ष देवेन्द्र पासवान व जिला महासचिव लखनदेव दास का बिते दिन रोड एक्सिडेंट में गंभीर रूप से घायल होने के उपरांत आज घायलजनों से मुलाकात कर कुशलक्षेम जाना। वही मौके पर पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष अशरफ अंसारी घायलजनों से दूरभाष के माध्यम से बात कर स्वास्थ्य का हाल चाल जाना एवं ईश्वर से जल्द से जल्द स्वस्थ होने कांमना की ।मौके पर जिला उपाध्यक्ष गणेश सिंह, जिला मिडिया प्रभारी गुड्डु कुमार जायसवाल, महनार प्रखंड अध्यक्ष अमरेश कुमार सिंह, महुआ प्रखंड अध्यक्ष उदय प्रकाश सिंह, राजा कुमार चौधरी, रौनक पासवान, चन्दन सिंह सहीत पार्टी के अन्य कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

### एटेंडेंस और अन्य मांगों को लेकर एएनएम ने सीएचसी में दिया धरना

कुमारखंड (मधेपुरा)। कुमारखंड सीएचसी में संविदा पर बहाल हुए दर्जनों एएनएम ने मंगलवार को हाथ में अपनी विभिन्न मांगों को लेकर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। उनलोगों ने पूर्व में ही अपनी मांगों को लेकर एक मांग पत्र सीएचसी प्रभारी डॉ वरुण कुमार को सौंपा हैं। धरना प्रदर्शन कर रही एएनएम ने कहा कि उनलोगों की मांग है। कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत काम करने वाली एएनएम (आर) को फेस एटेंडेंट बनाने का निर्देश दिया गया है। जिसमें नियमित एएनएम को शामिल नहीं किया गया है।

# पशुपालन विभाग अपने कर्तव्य के प्रति सक्रिय भूमिका नहीं निभा रही है : आयुक्त

प्रात : किरण ब्यूरो




मुंगेर (बिहार)। प्रमंडल स्तरीय सभी जिला पशुपालन एवं मत्स्य पदाधिकारियों की बैठक बुधवार को प्रमंडलीय कार्यालय सभागार में प्रमंडलीय आयुक्त संजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस बैठक में बाढ़ के मद्देनजर होने वाली तैयारियों की समीक्षा की गई। इस अवसर पर उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी देवव्रत मिश्रा, क्षेत्रीय निदेशक पशुपालन, भागलपुर, क्षेत्रीय निदेशक मत्स्य दरभंगा, उप मत्स्य निदेशक मुंगेर प्रमंडल सहित सभी जिले के पशुपालन एवं मत्स्य पदाधिकारी सहित अन्य उपस्थित थे। इस बैठक में आयुक्त द्वारा बाढ़ के दृष्टिगत पशुपालन विभाग द्वारा प्रमंडल के जिलों में किए जा रहे तैयारियों की जानकारी ली गई। उन्होंने कहा कि गंगा के बढ़ते जल स्तर से बाढ़ की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है। ऐसी स्थिति में जिलों में जो कार्य की गति है, उससे स्पष्ट है कि पशुपालन विभाग अपने कार्य के प्रति सक्रिय भूमिका नहीं निभा रही है। उन्होंने सभी पदाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि अपने कर्तव्य के प्रति सजग रहें, मेहनत करें बहाना न करें। उन्होंने बाढ़ के दौरान पशुओं के आश्रय स्थल, पशुओं की समुचित दवा, पशु चारा, पशु टीकाकरण, उनके पेयजल सहित पशु चिकित्सकों की समुचित व्यवस्था करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि प्रायः पशुपालन पदाधिकारी अपने कार्य में शिथिलता बरतते हैं, इस लिए इस तरह की कोई लापरवाही न बरतें और सभी कार्य बाढ़ पूर्व पूर्ण कर लें। पशु पालन पदाधिकारियों द्वारा बताया गया कि सभी जिलों में पशुओं की दवा पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। कुल 30 प्रकार की दवाइयां विभाग द्वारा उपलब्ध कराया गया है। साथ ही पशु चारा आदि की भी व्यवस्था को जा रही है। आयुक्त ने सभी पशुपालन पदाधिकारियों को बाढ़ के दौरान बाढ़ प्रभावित सभी जिलों में चिन्हित पशु आश्रय स्थलों का स्थलीय निरीक्षण करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी स्वयं स्थलीय निरीक्षण किए रहेंगे तो बाढ़ के दौरान सारा कार्य निर्बाध रूप से आसानी से किया जा सकेगा। इसके अलावा उन्होंने सभी आश्रय स्थल पर पशु चिकत्सकों के साथ टीकाकरण की भी व्यवस्था करने का निर्देश दिया। पेयजल के लिए आयुक्त ने कहा कि बाढ़ के दौरान सुगम मार्ग नहीं होने के कारण कई जगह टैंकर से पानी की व्यवस्था नहीं हो पाती है, ऐसे में वैसे जगहों को चिन्हित कर वहां चापानल की व्यवस्था अभी ही कर लें, ताकि उस वक्त परेशानी का सामना न करना पड़े। आयुक्त ने कहा बाढ़ प्रभावित जिलों में विशेष सतर्कता और सक्रियता की आवश्यकता है। खगड़िया और मुंगेर अत्यधिक प्रभावित क्षेत्र में आते हैं, ऐसे में इन जिलों के पदाधिकारी अभी से ही सारी तैयारियां पूरी कर लें। पॉलिथिन सीट की भी पर्याप्त व्यवस्था रखने का निर्देश दिया गया। मत्स्य विभाग की समीक्षा के क्रम में आयुक्त ने विभाग द्वारा संचालित सभी योजनाओं की जानकारी ली। बताया गया कि राज्य अंतर्गत पांच योजनाएं संचालित हैं, जिसका लाभ भी लाभुकों को दिया जा रहा है। आयुक्त ने कहा कि विभिन्न पंचायतों में जा लोगों को मत्स्य पालन के लिए जागरूक करें। जलकर का पट्टा जांच कर ही करें, किसी तरह का विवाद उत्पन्न न हो इसका ध्यान रखें। सुखाड़ के दौरान तालाबों के लिए पानी की उपलब्धता की भी व्यवस्था रखें। कुछ तालाबों को जीविका को भी उपलब्ध कराने का निर्देश देते हुए आयुक्त ने कहा कि इससे जीविका समूह की महिला भी काफी लाभान्वित होंगी और इसका लाभ उन्हें एवं सरकार को भी राजस्व के रूप में होगा। इसके लिए आयुक्त ने सभी जिलों के जिलाधिकारी को जीविका समूह को तालाब उपलब्ध कराने हेतु पत्राचार करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा ज्यादातर तालाब उत्क्रमित हैं, ऐसे तालाबों को चिन्हित कर उसे अतिक्रमण मुक्त कराने का निर्देश दिया। साथ ही कई ऐसे जलकर भी हैं जो बकायेदार हैं और उनके पास सरकार का राजस्व बाकी है। ऐसे बकायेदारों को चिन्हित करते हुए उनके खिलाफ नीलाम पत्र दायर करने का निर्देश दिया।

## शिव भक्तों के बीच सेवा और सद्भावना की मिसाल कायम कर रही है नि:शुल्क सेवा शिविर

प्रात : किरण संवाददाता

तारापुर (मुंगेर)। विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला के दसवें दिन सुलतानगंज से बैद्यनाथ धाम देवघर तक फैले कांवर लेकर यात्रा करने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ के बीच अनुमंडल क्षेत्र के 26 किलोमीटर कच्ची कावंरिया पथ में समरसता, सद्भावना, एवं सांप्रदायिक सौहार्द, की मिसाल प्रस्तुत हो रहा है। गौरतलब है कि प्रशासनिक इंतजामों से अलग हटकर अनेक स्वयंसेवी संस्थाएं एवं लोजपा राम विलास निशुल्क सेवा शिविर कांवरियों की सेवा में तन्मनता से लगे हुए हैं ।

स्वयंसेवी संस्थाएं दूरदराज से चलकर आए थके हारे कावंरियों को चाय, ठंडा पानी, नींबू शर्वत , फल, एवं आवश्यक दवा,निशुल्क उपलब्ध कराने के अलावे फिजियोथेरेपी के माध्यम से थके हारे परेशान शिव भक्तों के बीच मालिश कर उनका थकान मिटाने में दिन-रात लगे हुए है। अनुमंडल क्षेत्र में फैले कमरांय से कुमरसार भाया रामपुर नहर मोर के बीच कई स्वयंसेवी संस्थाओं पर नजर डाली जाए तो पाते हैं कि कुमरसार में लगाए गए सत्य साईं बाबा सेवा शिविर , बोलबम डाक सेवा समिति रांची लोजपा आर बोलबम सेवा समिति जैसी संस्थाएं अपने अपने ढंग से कांवरियों की सेवा कर रही है। इस संबंध में लोजपा आर बोल-बम कांवरिया सेवा शिविर के संचालक मिथिलेश कुमार सिंह ने बुधवार को बताया कि यह शिविर लगभग 25 वर्षो से कांवरियों की सेवा में लगी हुई है । वहीं मनोरमा ट्रस्ट भागलपुर बोल-बम सेवा शिविर के संचालक जितेंद्र कुशवाहा ने बताया कि पिछले 17 वर्षो से मनोरमा ट्रस्ट से जुड़े लोगों द्वारा डाकबम एवं कांवर बम-बम औ के बीच निशुल्क सेवा शिविर लगाकर शिव भक्तों के बीच सेवा दी जाती है। सावन शुरू होने के दिनों से ही हर रोज र क्षेत्र के चर्चित शिवालयों में रत्नेश्वर नाथ महादेव रणगांव, उल्टा नाथ महादेव , मनोकामना मंदिर संगत तारापुर, विरनोधानाथ महादेव ने माधोडीह, मौन महादेव चांदपुरा , एवं शिव पार्वती शिवालय बेलबिहमा पर श्रद्धालुओं द्वारा जलाभिषेक के साथ-साथ पूजा अर्चना को लेकर सुबह से दोपहर तक शिवालयों पर भारी भीड़ लग रही है ।

## किसानों के हक की लड़ाई को लेकर अखिल भारतीय मानव अधिकार विचार मंच पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष ने डीएम को सौपा ज्ञापन

प्रात : किरण ब्यूरो



मुंगेर (बिहार)। अखिल भारतीय मानवाधिकार विचार मंच पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष सह मुंगेर प्रमंडल प्रभारी अभिमन्यु कुमार सिंह ने किसानों को सरकारी प्राकृतिक आपदा योजना से लाभ दिलाने के संबंध में एक ज्ञापन जिला पदाधिकारी लखीसराय को सौप है अपने ज्ञापन में उन्होंने कहा है कि लखीसराय जिला के बड़हिया प्रखंड में किसान काफी मात्रा में मकई का खेती कर फसल को उपजाते हैं जो की मुख्यतः यहां के सभी किसान मकई के फसल उपजाते हैं और बेचते भी हैं यहां के किसानों का जीवन यापन इसी फसल पर निर्भर करता है उन्होंने कहा है कि यहां के किसान अपने खेतों में दो दो बार बार मकई का बीज को अपने खेतों में बोआई करते है। लेकिन बारिश के अभाव में एक बार भी सही तरीके से मकई का फसल उपज नहीं पता है। यहां के अधिकांशतः खेती करनेवाले किसान जमीन को लीज पर लेकर खेती करते हैं और फसल को उपजाते हैं इसके लिए उन्हें महाजन से कर्ज लेना भी लेना पड़ता है और महंगे मकई का खेती करना पड़ता है। इससे इन किसानों के घरेलू स्थिति ठीक नहीं हो पता है। उन्होंने कहा कि यहां के किसान एक और कर्ज में डूबा हुआ है तो दूसरी ओर उनके द्वारा लगाए गए मकई बीच का खेती में सही तरीके से उपज नहीं होने से इन किसानों को कर्ज का दोहरी मार झेलना पड़ता है इस वजह से किसान त्राहिमाम कि स्थिति में रहता है। उन्होंने किसानों की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ बनाने के लिए सभी किसानों व पटाटाधारियों किसानों को सरकार की ओर से सूखाग्रस्त आपदा राहत योजना का लाभ देने की आवश्यकता है जिससे कि इन किसानों के परिवार में खुशहाली और खुशी जीवन यापन कर सकेगा। इस संबंध में बिहार प्रदेश उपाध्यक्ष ने अपने ज्ञापन की प्रति प्रधानमंत्री भारत सरकार मुख्यमंत्री बिहार सरकार कृषि मंत्री भारत सरकार कृषिमंत्री बिहार सरकार और मुंगेर के वर्तमान सांसद राजीव रंजन सिंह को दे कर अभिलंब किसानों की माली हालत को सुधारने की मांग की है।

## मुंगेर जिले में लगभग 400 कोचिंग सेंटर बिना निबंधन हो रहा हैं संचालित

प्रात : किरण ब्यूरो




हवेली खड़गपुर (मुंगेर)। जिले के शैक्षणिक कोचिंग सेंटर संस्थान खड़गपुर ही नहीं वल्कि मुंगेर जिले के सभी प्रखंडों और अनुमंडल क्षेत्र में लगभग 400 से अधिक कोचिंग संस्थान संचालित हैं इनमें से कई प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाले तथा कई प्लस टू की पढ़ाई करने वाले कोचिंग हैं सबसे अधिक कोचिंग मुंगेर सदर जमालपुर तारापुर खड़गपुर असरगंज धरहरा बरियारपुर में संचालित है परंतु इनमें से एक भी कोचिंग निबंधित नहीं है। जबकि बिहार सरकार द्वारा निजी कोचिंग शिक्षण संस्थान का संचालन के लिए नियम एवं शर्तें के साथ 28 अप्रैल 2010 को अधिसूचना जारी कर गजट का प्रकाशन कर चुकी है।

जिसमें कोचिंग संस्था को निबंध कराना अनिवार्य किया गया है कोचिंग संस्थान में समुचित पुस्तकालय एवं अन्य सुविधाओं का घोर अभाव पार्किंग भी नहीं है शैक्षणिक संस्थान में वर्ग में एक छात्र पर काम से कम एक वर्ग मीटर जगह जरूरी है लेकिन इन संस्थानों में इन सुविधाओं का घोर अभाव देखा जा रहा है बताया जाता है कि जिसमें कोचिंग संस्थानों का निबंध अनिवार्य किया गया है डीएम की अध्यक्षता में गठित समिति को निबंध के लिए दिए गए के रूप में जांच कर 30 दिनों के अंदर निबंधन प्रमाण पत्र प्रदान करने का प्रावधान है प्रावधान का उल्लंघन कर कोचिंग चलाने वालों से 25000 से 100000 जुमार्ना का प्रावधान है परंतु अब तक जिले में एक भी कोचिंग संस्थान का निबंध नहीं हो पाया है जिला शिक्षा पदाधिकारी के द्वारा सर्व शिक्षा अभियान के डीपीओ स्थापना को जिम्मेदारी दी गई परंतु डीपीओ स्थापना शैलेंद्र कुमार बताते हैं कि नियम तो सरकार ने बना दिया परंतु इस पर अमल के लिए किसी तरह का प्रशासनिक प्रयास नहीं हुआ है जिले में एक भी कोचिंग सेंटर फिलहाल निबंधित नहीं है।

अधिनियम के प्रावधानों का उल्लंघन कर कोचिंग सेंटर चलाने वालों का प्रथम अपराध के लिए 25000 का द्वितीय अपराध के लिए एक लाख जुमार्ना का प्रावधान है द्वितीय अपराध के बाद गठित समिति द्वारा आरोप प्रमाणित होने की स्थिति में निबंधन रद्द करने की अनुशंसा किए जाने का प्रावधान है परंतु जिले में अभी किसी कोचिंग संस्थान का निबंध नहीं हो पाया है जिला शिक्षा पदाधिकारी असगर अली ने बताया कि जिले में संचालित कोचिंग की जांच कर निबंध हेतु संचालकों से बातचीत की जिम्मेदारी डीपीओ स्थापना सर्व शिक्षा अभियान को दी गई है शीघ्र ही कोचिंग संस्थानों की जांच कराई जाएगी नियमावली के अनुसार के अनुसार कोचिंग का निबंध के लिए आवेदन के साथ विहित पाठ्यक्रम की फीस शैक्षणिक पाठ्यक्रम का फीस प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी का फीस नामांकन फीस का निर्धारण कर पढ़ने वाले शिक्षकों की शैक्षणिक योग्यता के साथ आवेदन करना है निबंध निबंध शुल्क 5000 निश्चित है 3 साल के बाद निबंध का रिव्यू करना है नियमावली में स्पष्ट निर्देश है कि कोई भी शैक्षणिक कोचिंग संस्थान बिना निबंध करके संचालित नहीं हो सकते हैं लेकिन प्रशासनिक लापरवाही के कारण मुंगेर जिले में एक भी कोचिंग सेंटर निबंधित नहीं है और नियमावली का भी पालन नहीं किया जा रहा है।

## निवर्तमान व नए नगर थानाध्यक्षों का सम्मान समारोह आयोजित

प्रात : किरण ब्यूरो




हाजीपुर। नगर थाना,हाजीपुर के निवर्तमान थाना अध्यक्ष श्री राजेश शरण एवं नव पदस्थापित थाना अध्यक्ष श्री सुनील कुमार का स्वागत समारोह का आयोजन कुशवाहा आश्रम,हाजीपुर वैशाली चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री,स्वामी विवेकानंद शोध संस्थान,निर्माण रंग मंच,वैशाली जिला बॉल बैडमिंटन एवं कबड्डी संघ,वैशाली जिला कुशवाहा संघ एवं अन्य संस्थाओं द्वारा किया गया।

समारोह की अध्यक्षता वैशाली चैम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष अनिल चंद्र कुशवाहा ने किया। उन्होंने आगत अतिथियों का अभिनंदन और स्वागत करते हुए कहां की पूर्व थाना अध्यक्ष श्री राजेश शरण जी ने काफी अल्प समय में अपने कार्यशैली से समाज में अपनी पहचान बनाई हैं,जो आने वाले पदाधिकारियों के लिए अनुकरणीय होगा। इन्होंने नगर थाना मे पहली बार नगर शांति समिति का गठन कर एक अच्छी शुरूआत किया है। स्वामी विवेकानंद शोध संस्थान के डॉ अजित कुमार ने स्वागत भाषण मे कहा कि पूर्व थाना अध्यक्ष ने नगर थाना मे आम जनता के साथ समय समय पर बैठक कर जनता प्रशासन के बीच आपसी समरसता कायम किया हैं। जिससे प्रशासन के प्रति लोगों मे विश्वास और सहयोग की भावना बढ़ी हैं। समाजसेवी और पूर्व वार्ड पार्षद श्री सुभाष कुमार निराला ने कहा कि पदस्थापित थाना अध्यक्ष श्री सुनील कुमार काफी अनुभवी पदाधिकारी हैं। पूर्व की भाँति नगर थाना के पदाधिकारी और आम लोगों के बीच समरसता कायम रखेगे। विभिन्न सामाजिक, सांस्कृतिक खेलकूद संस्थाओं द्वारा निवर्तमान थाना अध्यक्ष एवं नव पदस्थापित थाना अध्यक्ष को अंग वस्त्र,पुष्प और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। निवर्तमान थाना अध्यक्ष श्री राजेश शरण ने उपस्थित लोगों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहां की थोड़े समय में हमने प्रयास किया कि व्यवस्था मे परिवर्तन करू। आप के सहयोग से सफलता भी मिली हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस पदाधिकारी को जनता द्वारा सम्मानित किया जाना। इस बात को परिलक्षित करता हैं कि समाज में मेरे द्वारा किए कार्य को सराहा गया है। इस अवसर पर पदस्थापित थाना अध्यक्ष श्री सुनील कुमार ने कहा कि श्री राजेश शरण जी ने जो लकीर खींचा हैं, !उसे और मजबूती के साथ आगे ले जाने का प्रयास करेगें। सम्मान समारोह को कमल प्रसाद सिंह, रामानंद गुप्ता ,राम एकवाल सिंह,देवेन्द्र यादव भारती,इंजी जवाहरलाल सिंह,राजेन्द्र कुमार वनफुल,सोनू कुमार आर्य,संजय दादा,गौतम कुमार ,रवि रंजन,अजय कुमार सिंह,अमित कुमार,चंदन कुशवाहा,विट्ठल नाथ सूर्या,यशवंत राज,विनोद कुमार धोनी,अरुण कुमार सिंह,बैद्यनाथ कुमार आजाद,कुंदन कुमार,खुशबु कुमारी,प्रियंका कुमारी,स्वीटी गुप्ता,अंशु कुमारी,नेहा ठाकुर,सुंदरम सहित अन्य गणमान्य लोगों ने संबोधित किया।

## अमर शहीद उधम सिंह का 84 वीं शहादत दिवस एवं मुंशी प्रेमचंद का 144 वीं जयंती मनाया गया

प्रात : किरण ब्यूरो




खगड़िया। सामाजिक संगठन फरकिया मिशन के बैनर तले शहीद क्रांतिकारी ऊधम सिंह का 84 वीं शहादत दिवस एवं मुंशी प्रेमचंद का 144 वीं जयंती श्री युवक प्रखंड पुस्तकालय अलौली के सभागार में मनाया गया।

कार्यक्रम में सर्वप्रथम शहीदों के तैल चित्र पर माल्यार्पण पुष्पांजलि समर्पित किया गया तथा शहीद उधम सिंह एवं मुंशी प्रेमचंद अमर रहे, शहीदों तेरे अरमानों को मंजिल तक पहुंचाएंगें, नारों को बुलंद किया गया। तथा कोटि-कोटि नमन याद किया गया। वहीं केरल के वायनाड में भूस्खलन में 123 मृतकों एवं हाथरस के सत्संग समारोह में भगदड़ में सैकड़ों मृतकों के प्रति 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में सामाजिक संगठन फरकिया मिशन देश बचाओ अभियान के संस्थापक अध्यक्ष किरण देव यादव ने कहा कि उधम सिंह सच्चे अर्थो में अमर शहीद क्रांतिकारी साहसी देशभक्त थे तथा प्रेमचंद साहित्यिक जगत के शिल्पकार कलमकार देशभक्त थे जिन्होंने अपनी लेखनी के माध्यम से आम जनों को जागरूक करने का महान कार्य किया। कार्यक्रम में अभियान के सचिव लालमणि सदा, मानवाधिकार संगठन के ब्रजनंदन महतों, ललन शाह, गुलाब महतों, तितली भारती, उमेश हरि दर्शन गायक, मोहन कुमार, जवाहर यादव, आदि ने कहां की क्रांतिकारी एवं महान पुरुषों का जयंती शहादत दिवस मना कर उनके जीवनी व्यक्तित्व कृतित्व से प्रेरणा मिलती है जिससे सामाजिक कार्य करने में ऊर्जा प्राप्त होता है।

## जिला प्रशासन का आपका पंचायत, आपका प्रशासन कार्यक्रम 6 अगस्त से 19 अक्टूबर तक

प्रात : किरण ब्यूरो

हाजीपुर। जिला प्रशासन द्वारा हर एक क्षेत्र में मिशन मोड में कार्य किया जा रहा है। इसी कड़ी में जिला पदाधिकारी श्री यशपाल मीणा के पहल पर "आपका पंचायत आपका प्रशासन " कार्यक्रम 6 अगस्त से शुरू हो रहा है। यह कार्यक्रम 6 अगस्त से शुरू होकर 19 अक्टूबर तक वैशाली जिला के सभी पंचायत में आयोजित होगा इसमें जनता की शिकायतों को सुना जाएगा और उसका निवारण किया जाएगा। यह कार्यक्रम किसी सार्वजनिक स्थल यथा पंचायत भवन, पंचायत सरकार भवन, सामुदायिक भवन आदि में रखा जाएगा, जहां जनमानस आसानी से पहुंचकर अपनी शिकायत रख सके। इस कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी,अंचलाधिकारी, थाना अध्यक्ष, प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी तथा अन्य प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी भाग लेंगे।

इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना, नल जल योजना, गली -नाली योजना, स्वच्छता, मनरेगा, पंचायत सरकार भवन, मुख्यमंत्री सोलर स्ट्रीट लाइट योजना, आयुष्मान भारत, अभियान बसेरा, जन शिकायत निवारण के तहत भूमि विवाद, भू हस्तांतरण ,जमाबंदी विभिन्न योजनाओं हेतु भूमि उपलब्ध कराने के लंबित मामले, लंबित दाखिल खारिज के मामले, आधार सीडिंग ,परिमार्जन की माफी, अतिक्रमण, लगान वसूली, पीडीएस डीलर, पीएम विश्वकर्मा योजना, आंगनबाड़ी केंद्र आदि से संबंधित आम जनों की शिकायत प्राप्त कर पंजीकृत करते हुए निष्पादन किया जाएगा।

## शिक्षा सप्ताह अंतर्गत खेलकूद कार्यक्रम का आयोजन

प्रात : किरण ब्यूरो



हाजीपुर। गोरौल प्रखंड स्थित आरपीसीजे उच्च माध्यमिक विद्यालय बेलवरघाट में शिक्षा सप्ताह अंतर्गत खेलकूद कार्यक्रम का आयोजन किया गया । प्रत्येक विद्यालय में शिक्षा सप्ताह अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। शिक्षा विभाग के दिशा निर्देश के आलोक में आज खेल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के खेल प्रभारी उमेश कुमार प्रसाद सिंह के नेतृत्व में छात्र-छात्राओं ने कबड्डी ,फुटबॉल, बैडमिंटन, लूडो, कैरम बोर्ड एवं दौड़ प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक श्री अरविंद कुमार शरण ने कहा कि शिक्षा सप्ताह के अंतर्गत आयोजित होने वाले कार्यक्रम से बच्चों का शारीरिक, मानसिक एवं बौद्धिक विकास होता है। इसलिए इस सप्ताह के अंतर्गत विभिन्न प्रकार के आयोजित कार्यक्रम में सभी छात्र-छात्राओं को बढ़-चढकर हिस्सा लेने की जरूरत है। बाल अधिकार अधिनियम के अंतर्गत आज बच्चों को यौन अपराध से सुरक्षा के लिए वीडियो दिखाया गया। आज के समय में बाल यौन अपराध की संख्या बढ़ती जा रही है। बच्चों में जागरूकता आए और यौन अपराध के प्रति सजगता बढ़े, इसके लिए यह वीडियो दिखाया गया। इस अवसर पर सीमा कुमारी,कुमार चंदन ,नीतू कुमारी, राकेश कुमार ,उमेश कुमार, रामबाबू राम, सुरभि कुमारी, जय कृष्णा पाठक ,राहुल कुमार चौधरी ,अजीत कुमार ,मोहम्मद जमालुद्दीन, ऋतुराज ,सुषमा कुमारी, पूजा रानी एवं पंकज कुमार उपस्थित रहे।

## विभागाध्यक्ष डॉ विजय को दी गई विदाई, डॉ अमित बने विभागाध्यक्ष

प्रात : किरण ब्यूरो



भागलपुर। विश्वविद्यालय गांधी विचार विभाग में प्रो. (डॉ.) डॉक्टर विजय कुमार, गांधी विचार विभाग के अध्यक्ष के सेवानिवृत्ति पर विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन विभाग के सत्याग्रह कक्ष में सम्पन्न हुआ। इसकी अध्यक्षता विभाग के वरीय शिक्षक डॉ. अमित रंजन सिंह ने की। वहीं मंच संचालन डॉ. उमेश प्रसाद नीरज ने की। कार्यक्रम का आरंभ गांधी प्रतिमा पर पुष्पांजलि के साथ हुआ। सत्याग्रह कक्ष में विभागीय प्रार्थना "रघुपति राघव राजा राम ...." के साथ विधिवत समारोह की शुरूआत की गई। समारोह में वि. वि. शिक्षक संघ के पूर्व अध्यक्ष सह टी.एन.बी. इतिहास विभाग के प्रोफेसर दयानंद राय, प्रॉक्टर अर्चना साह, सोशल साइंस की डीन प्रोफेसर भावना झा, दर्शनशास्त्र विभाग के अध्यक्ष डॉ. (प्रो) एस. डी. झा , दर्शनशास्त्र विभाग के ही प्रो. नीलिमा, प्रो. पूर्णेदु शेखर, टी.एन.बी. कॉलेज शिक्षक संघ के अध्यक्ष एवं सीनेट सदस्य प्रो. मुश्फिक आलम, टी.एन.बी. कॉलेज राजनीति विज्ञान विभाग के अध्यक्ष प्रो. मनोज कुमार वि.वि. अर्थशास्त्र विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर अनिल तिवारी, सीनेट सदस्य एवं रसायनशास्त्र विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ निशांत कुमार, रसायनशास्त्र विभाग के ही डॉ. बद्री झा, राजनीति विज्ञान विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर जगदीश प्रसाद साह सहित भागलपुर के जाने-माने समाजकर्मी उदय, लखनलाल पाठक, जनप्रिय सामाजिक संगठन के गौतम मल्लाह, गांधी शांति प्रतिष्ठान केंद्र के वासुदेव भाई, समाज कर्मी अनुल होदा, भारतझतिब्बत मैत्री संघ के उमा घोष, समाजकर्मी नवज्योति जी के अलावा शोधार्थी रोशन कुमार सिंह, दुष्यंत कुमार, अभिनंदन कुमार, शिल्पी कुमारी, मुकेश कुमार पासवान, सनोज कुमार, मांडवी कुमारी, रीना कुमारी, नरेंद्र नवनीत (खफ्फ), मनोज कुमार, शैल कुमारी, अंशु प्रिया, गौरव कुमार मिश्रा सहित विभाग के तीनों सत्र के छात्र और बड़ी संख्या में पूर्ववर्ती छात्र-छात्राएं भी मौजूद थे। विभाग की ओर से सभी शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने बुके, अंगवस्त्र, एवं अन्य सामग्री देकर सम्मानित किया। बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं द्वारा भी प्रो. (डॉ.) विजय कुमार को अंग वस्त्र व बुके देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर मंच संचालक प्रो. उमेश प्रसाद नीरज ने आगत अतिथियों का स्वागत किया और विषय प्रवेश कराते हुए प्रो. (डॉ.) विजय कुमार के विभाग में 22 वर्षो के योगदान और पांच वर्षो तक स्नातकोत्तर दर्शनशास्त्र विभाग में योगदान के क्रम में किए गए शिक्षण कार्य से संबंधित उपलब्धियों को सामने रखा।

## विशेषज्ञा चिकित्सकों की पढ़ाई सदर अस्पतालों में शुरू : मंगल



पटना। स्वास्थ्य भवन के सभागार में राज्य स्तरीय डिप्लोमेट नेशनल बोर्ड प्रशिक्षण कार्यशाला का उद्घाटन स्वास्थ्य मंत्री मंगल पाण्डेय ने किया। स्वास्थ्य मंत्री श्री मंगल पाण्डेय ने कहा कि बिहार राज्य में पोस्ट ग्रेजुएट मेडिकल एजुकेशन के उत्थान की दिशा में किये जा रहे प्रयासों में डीएनबी कार्यक्रम का एक महत्वपूर्ण स्थान है। इस कार्यक्रम के माध्यम से हम विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी को दूर कर पाने में सफल होंगे। राज्य के तीन जिला अस्पताल पूर्वी चम्पारण, सीतामढ़ी और समस्तीपुर और दो अति विशिष्ट चिकित्सा संस्थान लोक नायक जय प्रकाश नारायण हड्डी रोग अस्पताल पटना एवं मानसिक आरोग्यशाला, कोइलवर को नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन की मान्यता प्राप्त हो चुकी है और दस अन्य जिला अस्पताल औरंगाबाद, गोपालगंज, नालंदा, भोजपुर, मुंगेर, सारण, वैशाली, लखीसराय, रोहतास और बेगूसराय के मूल्यांकन नेशनल बोर्ड द्वारा कर लिए गए है। शीघ्र ही इन संस्थानों में शिक्षण कार्य प्रारंभ हो जाएगा। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग और बिहार राज्य सरकार अपने स्तर पर हर संभव प्रयास करेगी ताकि इस कार्यक्रम को और गुणवत्ता प्रदान की जा सके। उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भी यही सोच है कि हम जिला अस्पतालों में ज्यादा से ज्यादा विशेषज्ञ चिकित्सक तैयार कर सकें। पिछले सत्र में देश के राज्यों द्वारा किये गए सारे डीएनबी आवेदनों में 30 प्रतिशत आवेदन केवल बिहार राज्य से किये गए, जो अपने आप में बिहार राज्य के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार राज्य ने भी पिछले दो वर्षो में डीएनबी कि दिशा में योगदान करते हुए देश में अपना अग्रणी स्थान बना लिया है। वर्तमान में 35 जिला अस्पतालों और तीन सुपर स्पेशलिस्ट अस्पतालों को इस परियोजना में शामिल किया गया है।

# अंजुम ने 13 वर्ष की उम्र में थामी थी राइफल

## अब ओलंपिक में पदक पर नजरें



**पेरिस (एजेंसी)।** पेरिस ओलंपिक में शूटर अंजुम मोदगिल (30) 50 मीटर महिला 3 पोजिशन राइफल में एक अगस्त से खेलेंगी। यह अंजुम का दूसरा ओलिंपिक हैं। वह सिफत कौर सामरा के साथ अपना निशाना साधेंगी और फाइनल में जगह पक्की कर पदक जीतना चाहेंगी। अंजुम ने 2007 में पहली बार शूटिंग रेंज देखी थी और उस समय वह 13 वर्ष की थी। अंजुम ने मां उसे अपने साथ साथ पहली बार शूटिंग रेंज लेकर गई जिसके बाद उन्होंने फिर गन को नहीं छोड़ा और इसी में अपना करियर बनाने की ठानी।

### 50 मीटर राइफल 3-पोजिशन

इसमें शूटर को तीन पोजिशंस- घुटने टेक कर, लेटकर और खड़े होकर निशाना लगाना होता है। तीनों का स्कोर टोटल करने के बाद लीडर का फैसला होता है।

**अंजुम मौदगिल**

**जन्म** – 5 जनवरी 1994

**जन्म स्थान** – चंडीगढ़

**शिक्षा**- डीएवी कॉलेज, सेक्रेड हार्ट सीनियर सेकेंडरी स्कूल

**पुरस्कार** – शूटिंग के लिए अर्जुन पुरस्कार

### प्रारंभिक जीवन

अंजुम ने चंडीगढ़ के सेक्रेड हार्ट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में पढ़ाई के दौरान शूटिंग शुरू की। उन्होंने चंडीगढ़ के डीएवी कॉलेज से मानविकी में स्नातक और स्नातकोत्तर की पढ़ाई पूरी की। वह खेल मनोविज्ञान में स्नातकोत्तर हैं। इसी के साथ ही वह शौकिया तौर पर पेंटिंग भी करती हैं। खुद यूनिवर्सिटी लेवल शूटर रहीं शुभ कहती हैं 2007 में पहली बार वह रेंज पर गई और पिस्टल से शूटिंग की। मगर अंजुम को स्कूल में राइफल शूटर एनसीसी ने बनाया है। 2008 में उसने अपने स्कूल में ओपन साइट वेपन से निशाना साधा।

### करियर

चांगवोन में आईएसएसएफ विश्व चैंपियनशिप में अंजुम मौदगिल ने महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में रजत पदक जीता। 24 वर्षीय निशानेबाज ने आठ महिलाओं के फाइनल में कुल 248.4 अंक हासिल कर प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में भारतीय सीनियर टीम का पदक खाता खोला।

उन्होंने 2016 विश्व कप, म्यूनिख में 9वां स्थान प्राप्त किया और विश्व विश्वविद्यालय चैंपियनशिप में रजत पदक जीता। उन्होंने दक्षिण एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीता।

2017 में 10 मीटर एयर राइफल सरदार सज्जन सिंह सेठी मेमोरियल मास्टर्स में रजत पदक जीता। उन्होंने मैक्सिको में 2018 आईएसएसएफ विश्व कप में महिलाओं की 50 मीटर राइफल 3 पोजिशन (3पी) स्पर्धा में रजत पदक जीता। राष्ट्रमंडल खेलों में उन्होंने 455.7 अंक प्राप्त करते हुए रजत पदक हासिल किया, नीलिंग में 151.9 और प्रोन में 157.1 अंक प्राप्त किए। क्वालिफिकेशन राउंड में उन्होंने सीडब्ल्यूजी क्वालीफाइंग रिकॉर्ड को महत्वपूर्ण अंतर से तोड़ दिया। मौदगिल ने 589 (नीलिंग में 196, प्रोन में 199 और स्टैंडिंग में 194) स्कोर किया। एक मई 2019 को अंजुम ने महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल आईएसएसएफ रैंकिंग में दुनिया का दूसरा स्थान हासिल किया।वह महिलाओं की 50 मीटर 3पी में भारत की नंबर 1 थीं।

# लक्ष्य सेन ने दुनिया के तीसरे नंबर के खिलाड़ी को हराया, नॉकआउट के लिए किया क्वालीफाई


**पेरिस (एजेंसी)।** भारत के लक्ष्य सेन ने बुधवार 31 जुलाई को यहां अंतिम ग्रुप मैच में इंडोनेशिया के विश्व नंबर 3 जोनाथन क्रिस्टी पर सीधे गेम में शानदार जीत के साथ ओलंपिक पुरुष एकल बैडमिंटन प्रतियोगिता के प्री-क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। लक्ष्य 8 साल बाद ओलंपिक नॉकआउट के लिए क्वालीफाई करने वाले पहले भारतीय बन गए हैं।



2021 विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता, अल्मोड़ा के 22 वर्षीय खिलाड़ी ने शानदार परिपक्वता और सामरिक कौशल का प्रदर्शन करते हुए मौजूदा ऑल इंग्लैंड और एशियाई चैंपियन क्रिस्टी को हराया, जो एकतरफा मुकाबला निकला। शुरूआत में 2-8 से पिछड़ने के बाद भारतीय शटलर ने शानदार वापसी करते हुए दोनों गेम 21-18 और 21-12 से जीत लिए। सेन का प्री-क्वार्टर फाइनल में हमवतन एचएस प्रणय से सामना होने की संभावना है। प्रणय का सामना दिन में बाद में वियतनाम के ले डुक फाट से होगा।

सेन ने रविवार को ग्रुप एल के शुरुआती मैच में टोक्यो ओलंपिक के सेमीफाइनलिस्ट केविन कॉर्डन को हराया था, जिसे उनके ग्वाटेमाला के प्रतिद्वंद्वी द्वारा बाएं कोहनी की चोट के कारण बाहर होने के बाद हटा दिया गया। 2022 राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक विजेता सेन ने इसके बाद बेल्जियम के जूलियन कैरागी को हराया।

# श्रीजा अकुला ने सिंगापुर की जियान जेंग को हराया, प्री-क्वार्टर फाइनल में पहुंचीं



**पेरिस (एजेंसी)।** भारतीय टेबल टेनिस खिलाड़ी श्रीजा अकुला ने बुधवार को यहां महिला एकल के राउंड ऑफ 32 के मैच में सिंगापुर की जियान जेंग पर कड़े मुकाबले में 4-2 से जीत के बाद ओलंपिक खेलों के प्री-क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। श्रीजा ने यह मैच 9-11 12-10 11-4 11-5 12-10 12-10 से जीतकर हमवतन मनिका बत्रा के साथ प्री-क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई, जो भारतीय टेबल टेनिस के इतिहास में एक अभूतपूर्व उपलब्धि है। पहला गेम हारने के बाद श्रीजा ने जोरदार वापसी करते हुए 51 मिनट तक चले मुकाबले में विजेता बनीं। बत्रा ने सोमवार को प्री-क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई थी।

# शूटिंग में एक और पदक की उम्मीद जगी

### स्वप्निल कुसाले ने फाइनल के लिए किया क्वालीफाई

**पेरिस (एजेंसी)।** शूटिंग में एक और पदक की उम्मीद लगाई जा सकती है क्योंकि 31 जुलाई बुधवार को भारत के स्वप्निल कुसाले ने पेरिस ओलंपिक में पुरूषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशंस के फाइनल के लिए क्वालीफाई कर लिया है। हालांकि ऐश्वर्य प्रताप सिंह चूके इस स्पर्दा के फाइनल में जगह बनाने से चूक गए जिनसे उम्मीदें लगाई जा रही थी। कुसाले क्वालीफाइंग दौर में 590 का स्कोर करके सातवें स्थान पर रहे। वहीं ऐश्वर्य प्रताप 589 का स्कोर करके 11वें स्थान पर रहे। शीर्ष आठ निशानेबाज ही फाइनल के लिये क्वालीफाई करते हैं। चीन के लियू युकून 594 स्कोर करके शीर्ष पर रहे जो ओलंपिक क्वालीफिकेशन का रिकॉर्ड है। पेरिस ओलंपिक में भारत को मनु भाकर ने 10 मीटर एयर पिस्टल में कांस्य और सरबजोत सिंह के साथ 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में भी कांस्य दिलाया है।



# मुक्केबाज प्रीति पवार ओलंपिक से बाहर




**पेरिस (एजेंसी)।** भारतीय मुक्केबाजों का पेरिस ओलंपिक खेलों में निराशाजनक प्रदर्शन जारी रहा तथा अनुभवी अमित पंघाल और जैस्मीन लम्बोरिया के बाद प्रीति पवार भी प्री क्वार्टर फाइनल में हार कर बाहर हो गई।

प्रीति ने महिलाओं के 54 किग्रा प्री क्वार्टर फाइनल मुकाबले में कोलंबिया की पैन अमेरिकन खेलों की चैंपियन और विश्व रजत पदक विजेता येनी मार्सेला एरियास को कड़ी चुनौती दी लेकिन इसके बावजूद उन्हें 2-3 के विभाजित फैसले से हार का सामना करना पड़ा।

इससे पहले पंघाल पुरुष 51 किग्रा वर्ग में और पदार्पण करने वाली महिला मुक्केबाज जैस्मीन 57 किग्रा वर्ग में हारकर बाहर हो गये थे। पंघाल का पेरिस ओलंपिक अभियान राउंड 16 में अफ्रीकी खेलों के चैंपियन और तीसरे वरीय जाम्बिया के पैट्रिक चिन्येम्बा से 1-4 से हारकर समाप्त हुआ जबकि जैस्मीन फिलीपींस की तोक्यो ओलंपिक की रजत पदक विजेता और पूर्व विश्व चैंपियन नेस्टी पेटेसियो से 0-5 से हारकर बाहर हो गईं।

# बलराज पंवार रोइंग मुकाबले में फाइनल डी में पहुंचे



**पेरिस (एजेंसी)।** भारतीय रोवर बलराज पंवार ने बुधवार को पेरिस ओलंपिक 2024 में पुरुष एकल स्कल्स सेमीफाइनल सी/डी में 7ः04.97 का समय लेकर छठा स्थान हासिल करते हुए फाइनल डी में पहुंच गए। आज यहां हुए मुकाबले में भारत के एकमात्र रोवर पंवार शानदार प्रदर्शन करते हुए अगले दौर फाइनल डी में प्रवेश किया। अब 25 वर्षीय सेना के जवान पंवार शनिवार को दोपहर दो बजे पदक के लिए स्पर्धा करेंगे।


### बलराज का रोइंग करियर

पंवार ने 21 अप्रैल 2024 को दक्षिण कोरिया के चुंगजू में एशिया-ओशिनिया ओलंपिक क्वालीफिकेशन रोइंग प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीता और 2024 पेरिस ओलंपिक के लिए रोइंग में भारत का पहला ओलंपिक कोटा बुक किया। वह 2 किमी की दौड़ में पहले 1600 मीटर तक आगे चल रहे थे, लेकिन आखिरी 500 मीटर में समय गंवा दिया। लेकिन उनकी शुरुआती बढ़त ने उन्हें ओलंपिक के लिए क्वालिफाई करने में मदद की। इससे पहले, वह फाइनल के लिए क्वालीफाई करने के बाद 2022 एशियाई खेलों में कांस्य पदक से चूक गए थे। दूसरे रिजर्व के रूप में, वह एशियाई खेलों में अंतिम मिनट के प्रतिभागी थे। उन्होंने जुलाई 2023 में एशियाई खेलों से पहले स्विट्जरलैंड में विश्व चैम्पियनशिप में भी भाग लिया था। सेना में, उन्हें 6 फुट की ऊंचाई और अपने पहले प्रयास में बटालियन रेगाटा जीतने के कारण नौकायन के लिए चुना गया था।इससे पहले, उन्होंने 2022 राष्ट्रीय खेलों और 2023 राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में भाग लिया था।

# सिंधु का विजयी क्रम जारी, प्री-क्वाटर फाइनल में बनाई जगह

**पेरिस (एजेंसी)।** शीर्ष भारतीय शटलर पीवी सिंधु ने बुधवार को यहां एस्टोनिया की क्रिस्टिन कुबा को सीधे गेम में हराकर ओलंपिक खेलों की महिला एकल प्रतियोगिता के प्री-क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता ने यहां अपने दूसरे और आखिरी ग्रुप एम मैच में 21-5 21-10 से जीत हासिल की। ??प्री-क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह पक्की कर चुकी पीवी सिंधु ने 16वें राउंड में चीन की हे बिंगजियाओ से भिड़ेंगी।




सिंधु ने अपने पहले मैच में मालदीव की फथीम अब्दुल रज्जाक को 21-9 21-6 से हराया था, ग्रुप में शीर्ष पर रहीं। 16 समूहों में से प्रत्येक का विजेता 16 राउंड के लिए क्वालीफाई करता है। भारतीय खिलाड़ी ने इससे पहले 2016 रियो खेलों में रजत पदक और टोक्यो संस्करण में कांस्य पदक जीता था।

# पिता की इच्छा सर्वोपरि, 55 साल की उम्र में दसवें ओलंपिक में भाग ले रही जॉर्जियाई निशानेबाज

**शेटराउ (फ्रांस) (एजेंसी)।** जॉर्जिया की निशानेबाज नीनो सालुकवद्जे ने नौ ओलंपिक में तीन पदक जीतने के बाद खेल को अलविदा कहने का मन बना दिया था लेकिन अपने दिवंगत पिता की आखिरी इच्छा पूरी करने के लिए वह यहां लगातार दसवें ओलंपिक खेलों में भाग ले रही है जो महिला वर्ग में रिकॉर्ड है। यह 55 वर्षीय खिलाड़ी उद्घाटन समारोह में जॉर्जिया की ध्वजवाहक थीं। वह लगातार दसवें ओलंपिक खेलों में भाग लेने वाली पहली महिला और घुड़सवार इयान मिलर के बाद दूसरी खिलाड़ी है।

**संन्यास का मन बना चुकी सालुकवद्जे को पिता के शब्द याद आए** – सालुकवद्जे ने 1988 में सियोल ओलंपिक खेलों में सोवियत संघ का प्रतिनिधित्व करते हुए महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल और 10 मीटर एयर पिस्टल में एक स्वर्ण और रजत पदक जीते थे। इसके 20 साल बाद उन्होंने बीजिंग ओलंपिक 2008 में कांस्य पदक जीता था। सालुकवद्जे पिछले ओलंपिक खेलों के बाद संन्यास लेने का मन बना चुकी थी लेकिन अपने पिता वख्तंग सालुकवाद्ज़े के शब्द याद आए, जो उन्हें उनकी अंतिम इच्छा की तरह लग रहे थे। इसके बाद ही उन्होंने पेरिस ओलंपिक में भाग लेने का फैसला किया।



**जूनियर विश्व रिकॉर्ड आज भी सालुकवद्जे के नाम** – शुक्रवार को 25 मीटर पिस्टल क्वालीफिकेशन में प्रतिस्पर्धा करने वाली इस अनुभवी खिलाड़ी ने कहा, 'उन्होंने मुझसे कभी कुछ नहीं मांगा, इसलिए मुझे लगता है कि शायद यह उनकी अंतिम इच्छा थी। यह हैरान करने वाली बात है कि 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा का जूनियर विश्व रिकॉर्ड आज भी सालुकवद्जे के नाम पर दर्ज है। इसकी बराबरी केवल भारत की मनु भाकर ने की है, जो 10 मीटर एयर पिस्टल और 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धाओं में कांस्य पदक जीतकर यहां अच्छा प्रदर्शन कर रही हैं।

**दाहिनी आंख की समस्याओं से जूझ रही** – अपनी दाहिनी आंख की समस्याओं से जूझ रही इस अनुभवी खिलाड़ी ने कहा, 'तोक्यो ओलंपिक के बाद मुझे लगा कि अब मेरा सफर समाप्त हो चुका है। लेकिन इस बीच मेरे पिता का निधन हो गया। वह मेरे कोच भी थे। उन्होंने मुझसे कहा था कि अगर तुम आगे नहीं खेलती हो तो शायद तुम रोओगी।% सालुकवद्जे ने कहा, 'केवल तीन साल की ही तो बात है। मैंने सोचा कि ठीक है मैं प्रयास करूंगी। वह बहुत अच्छे कोच थे क्योंकि हमारा खेल बहुत मनोवैज्ञानिक है। उन्होंने कहा, 'जब मुझे बताया गया कि मेरे पास जॉर्जिया का प्रतिनिधित्व करने के लिए कोटा स्थान है, तो मैंने तैयारी शुरू कर दीं। इससे पहले कनाडा के एक पुरुष घुड़सवार ने लगातार 10 ओलंपिक खेलों में भाग लिया था और अब उनकी बराबरी एक महिला ने की है जो अच्छा है। उन्हें 2016 में रियो ओलंपिक में अपने बेटे और पिस्टल निशानेबाज त्सोत्ने माचावरियानी के साथ जॉर्जिया का प्रतिनिधित्व करने का भी मौका मिला।

# टीम इंडिया ने सुपर ओवर में श्रीलंका को धोया, सीरीज की क्लीन स्विप

**पल्लेकेले(एजेंसी)।** टीम इंडिया ने पल्लेकेले के मैदान पर श्रीलंका के खिलाफ रोमांचक तीसरे टी20 मुकाबले को सुपर ओवर में जीत लिया। इसी के साथ भारत ने 3 टी20 मैचों की सीरीज 3-0 से जीत ली।




इससे पहले खेलते हुए भारतीय टीम धीमी पिच पर डगमगा गई थी। जायसवाल 10, सैमसन 0, रिंकू 1 तो सूर्यकुमार 8 रन पर ही पवेलियन लौट गए। लेकिन रियान पराग और वाशिंगटन सुंदर ने स्कोर बनाकर स्कोर 137 तक पहुंचाया। जवाब में श्रीलंका की शुरूआत जोरदार रही। लेकिन 16वें ओवर के बाद उन्होंने लगातार विकेट गंवाए। लेकिन आखिरी ओवर में श्रीलंका मैच टाई करवाने में सफल रहा। इसके बाद सुपरओवर का रास्ता खुल गया।

## संक्षिप्त समाचार

### राजस्थान सरकार ने गांधी वाटिका न्यास,जयपुर अधिनियम को निरस्त किया

**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान की भाजपा सरकार ने गांधी दर्शन संग्रहालय के संचालन के लिए पिछली कांग्रेस सरकार द्वारा बनाए गए गांधी वाटिका न्यास, जयपुर अधिनियम, 2023 को मंगलवार को निरस्त कर दिया। इस आशय का एक विधेयक - गांधी वाटिका न्यास, जयपुर (निरसन) विधेयक, 2024 - 15 जुलाई को राजस्थान विधानसभा में पेश किया गया था, जिसे आज सदन में चर्चा के बाद ध्वनि मत से पारित कर दिया गया। विधेयक पर बहस का जवाब देते हुए खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने कहा कि गांधी संग्रहालय के बेहतर संचालन और महात्मा गांधी के विचारों के व्यापक और प्रभावी प्रचार-प्रसार के लिए गांधी वाटिका न्यास जयपुर (निरसन) विधेयक पेश किया गया है। गोदारा मंगलवार को विधानसभा में गांधी वाटिका न्यास, जयपुर (निरसन) विधेयक-2024 पर हुई चर्चा के बाद जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि गत सरकार ने गांधी संग्रहालय के संचालन के लिए तीन अक्टूबर, 2023 को गांधी वाटिका न्यास की स्थापना की। गोदारा ने कहा कि पिछले विधेयक को इसलिए निरस्त किया गया है, क्योंकि इसमें संग्रहालय के उपाध्यक्ष को व्यापक शक्तियों दी गई थी। उन्होंने कहा, ÷इसमें न्यास के उपाध्यक्ष को असीमित शक्तियां दी गई थी। अधिनियम में प्रावधान था कि अध्यक्ष भी किसी को हटाएगा तो उपाध्यक्ष के परामर्श से हटा पाएगा। साथ ही, किसी अयोग्यता से ग्रसित होने के बावजूद भी उपाध्यक्ष को हटाने का कोई प्रावधान नहीं किया गया।÷ उन्होंने कहा कि जयपुर विकास प्राधिकरण (जेडीए) ने 85 करोड़ की लागत से इस संग्रहालय का निर्माण करवाया और वर्तमान में जेडीए ही इसका रखरखाव कर रहा है।


### सड़क हादसे में कांवड़िये की मौत के बाद प्रदर्शन

**गुरूग्राम, एजेंसी।** एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि हादसे के बाद आरोपी ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। उन्होंने बताया कि ट्रक चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और उसकी तलाश जारी है। हरियाणा के गुरुग्राम में बुधवार तड़के तेज रफ्तार से आ रही एक ट्रक ने कांवड़ियों की मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। पुलिस ने इस हादसे में 17 वर्षीय एक कांवड़िये की मौत होने और उसके दो साथियों के गंभीर रूप से घायल होने की जानकारी है। उन्होंने बताया कि हादसे के बाद कांवड़ियों ने आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर दिल्ली-जयपुर राजमार्ग को अवरुद्ध कर दिया। पुलिस के मुताबिक, यह घटना तड़के करीब 2.50 बजे हुई, जब हेमंत नाम का कांवड़िया राजस्थान के कोटपुतली जा रहा था। दुर्घटना के तुरंत बाद कांवड़ियों ने विरोध-प्रदर्शन किया और राजमार्ग के दोनों ओर जाम लगा दिया। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों से बात की, जिसके बाद सड़क खोली गई। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि हादसे के बाद आरोपी ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। उन्होंने बताया कि ट्रक चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और उसकी तलाश जारी है।

### नर्सरी के छात्र ने तीसरी कक्षा के बच्चे को मार दी गोली, बैग में पिस्टल लेकर पहुंचा था स्कूल

**सुपौल, एजेंसी।** बिहार के सुपौल जिले में त्रिवेणीगंज के लालपट्टी स्थित सेंट जॉन बोर्डिंग स्कूल में आज एक चौंकाने वाली घटना घटी। नर्सरी क्लास में पढ़ रहे 5 साल के बच्चा अपने बैग में हथियार लेकर स्कूल पहुंचा था। प्राथना से पहले नर्सरी के छात्र ने तीसरी क्लास के 10 वर्षीय स्टूडेंट आसिफ पर गोली चला दी। गोली आसिफ के बाएं हाथ में लगी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। आसिफ को तुरंत अनुमंडलीय अस्पताल त्रिवेणीगंज में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। स्कूल प्रशासन से भी यह पूछताछ की जा रही है कि आखिरकार इतनी बड़ी लापरवाही कैसे हुई। घटना से आक्रोशित परिजनों ने लालपट्टी गांव स्थित एनएच 327 को करीब आधे घंटे तक जामकर विरोध प्रदर्शन किया। इसके साथ ही उन्होंने पुलिस से जल्द से जल्द अभियुक्त की गिरफ्तारी करने की मांग की।

# कोचिंग सेंटर मामले पर हाई कोर्ट सख्त, एमसीडी को लगाई फटकार, दिल्ली पुलिस पर भी उठाया सवाल




**नई दिल्ली, एजेंसी।**
दिल्ली उच्च न्यायालय ने राउस आईएएस अकादमी के बेसमेंट में तीन यूपीएससी छात्रों की मौत पर बुधवार को एमसीडी, दिल्ली विकास प्राधिकरण, शहर सरकार, दिल्ली पुलिस और जांच अधिकारी को फटकार लगाई। हाई कोर्ट ने जांच के तरीके की आलोचना की। अदालत ने कहा कि यह आपराधिक लापरवाही का मामला है और वह यह सुनिश्चित करेगी कि मामले में जवाबदेही तय हो। हाई कोर्ट ने जांच अधिकारी, डीसीपी और एमसीडी कमिश्नर को अगली सुनवाई में व्यक्तिगत रूप से कोर्ट में पेश होने का निर्देश दिया।

कोर्ट ने कहा कि हम समझते हैं कि सभी हितधारक जिम्मेदार हैं। हम सभी शहर का हिस्सा हैं। यहां तक कि हम नाली खोल रहे हैं, नाली बंद कर रहे हैं। लेकिन अंतर यह है कि आप शहर का निर्माण कर रहे हैं। यह एक ऐसी रणनीति है जहां किसी भी व्यक्ति को जिम्मेदार नहीं ठहराया जाता है। हमे यह पता लगाना होगा कि एक प्राधिकारी का अधिकार क्षेत्र कहां समाप्त होता है और दूसरे की जिम्मेदारी कहां शुरू होती है।

न्यायालय ने यह भी सुझाव दिया कि यदि जांच अधिकारी गहन जांच नहीं करता है, तो मामले को एक केंद्रीय एजेंसी को स्थानांतरित किया जा सकता है। न्यायालय ने अधिकारियों के बीच जिम्मेदारियों के स्पष्ट चित्रण की आवश्यकता और स्थानीय जांच अपर्याप्त होने पर उच्च-स्तरीय हस्तक्षेप की संभावना पर प्रकाश डाला। दिल्ली उच्च न्यायालय का निर्देश है कि बदलाव सुनिश्चित करने के लिए एमसीडी के वरिष्ठ अधिकारियों को प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करना चाहिए। अदालत ने आदेश दिया कि की गई कार्रवाई का विवरण देने वाला एक हलफनामा कल तक प्रस्तुत किया जाए। इसमें यह भी कहा गया कि सभी प्रासंगिक फाइलें अदालत के समक्ष पेश की जाएंगी और एमसीडी निदेशक को उपस्थित होना होगा। साथ ही मामले में दिल्ली पुलिस को प्रतिवादी के तौर पर जोड़ा जाना चाहिए.।

दिल्ली उच्च न्यायालय ने किसी केंद्रीय एजेंसी को कोचिंग सेंटर में अभ्यर्थियों की मौत के मामले की जांच करने का निर्देश देने के संकेत दिए। दिल्ली उच्च न्यायालय ने प्राधिकारियों को फटकार लगाई, कहा - आप बहुमंजिला इमारतों को मंजूरी दे रहे हैं, लेकिन ढंग के नाले नहीं हैं। उच्च न्यायालय ने प्राधिकारियों पर तंज करते हुए कहा कि उन्हें बुनियादी ढांचे का निर्माण करने की जरूरत है, लेकिन वे दिवालिया हो गए हैं और वेतन भी नहीं दे पा रहे हैं। कोचिंग सेंटर में अभ्यर्थियों की मौत पर दिल्ली उच्च न्यायालय ने कहा अजीब जांच चल रही है, पुलिस पास से गुजरने वाले कार चालक के खिलाफ कार्रवाई कर रही है, लेकिन एमसीडी अधिकारियों के खिलाफ नहीं।

आप बहुमंजिला इमारतों की अनुमति दे रहे हैं, लेकिन उचित नाली नहीं है। एसीजे ने अपने ऑब्जर्वेशन में कहा कि यदि आपके पास वेतन देने के लिए पैसे नहीं हैं, तो आप बुनियादी ढांचे का उन्नयन कैसे करेंगे आप मुफ्त संस्कृति चाहते हैं। आप कोई पैसा इकट्ठा नहीं कर रहे हैं, इसलिए आप कोई पैसा खर्च नहीं कर रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि हम एमसीडी से परियोजनाओं को पूरा करने के लिए कहते हैं। वे कहते हैं कि 5 करोड़ रुपये से ऊपर की कोई भी परियोजना स्थायी समिति द्वारा अनुमोदित की जाएगी। लेकिन कोई समिति नहीं है। कल, उन्होंने कहा कि एक योजना को कैबिनेट में जाना है। इसकी अगली तारीख क्या है आपको इस मुफ्त संस्कृति पर निर्णय लेना है। इस शहर में 3.3 करोड़ लोगों की आबादी है जबकि यह 6-7 लाख लोगों के लिए योजना बनाई गई थी। आप बुनियादी ढांचे को उन्नत किए बिना इतने लोगों को समायोजित करने की योजना कैसे बनाते हैं

पीठ एक जनहित याचिका पर सुनवाई कर रही थी जिसमें जांच के लिए एक उच्च स्तरीय समिति के गठन की मांग की गई थी।

### पहले विकास दिव्यकीर्ति के दृष्टि आईएएस पर लगी सील, अब खान सर के कोचिंग सेंटर पर लटका मिला ताला

**पटना, एजेंसी।**
दिल्ली के कोचिंग संस्थान में हादसे के बाद पटना के डीएम डॉ. चंद्रशेखर सिंह के निर्देश पर कोचिंग संस्थानों में सुरक्षा व्यवस्था, निबंधन समेत छह बिंदुओं पर जांच की जा रही है। पहले दिन 30 कोचिंग संस्थानों का निरीक्षण किया गया।

इसी क्रम में सदर एसडीओ श्रीकांत कुंडलिक खांडेकर के नेतृत्व में टीम ने खान सर के खान जीएस रिसर्च सेंटर की जांच भी की गई। जांच में कुछ कमियां पाई गई।

निरीक्षण के बाद उन्होंने अपनी कोचिंग में बुधवार को छुट्टी दे दी। उन्होंने सदर एसडीओ को सारे कागजात दुरुस्त करने का आश्वासन दिया।

एसडीओ ने बताया कि इनके कोचिंग में जगह के अनुपात में छात्रों की संख्या ज्यादा है। फायर एनओसी, निबंधन समेत अन्य बिंदुओं पर उन्हें कागजात दिखाने को कहा गया है। आज वे कार्यालय आएंगे।

एसडीओ ने बताया कि अभी किसी भी कोचिंग संस्थान पर कार्रवाई नहीं की जा रही है। सभी को व्यवस्थागत सुधार का मौका दिया जा रहा है। इसके बाद डीएम के स्तर से अगला फैसला होगा।

बता दें कि कोचिंग संस्थानों में बिहार कोचिंग एक्ट के प्रविधानों को लागू करने के मुद्दे पर डीएम आज कोचिंग संस्थानों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक भी कर रहे हैं।

बता दें कि दिल्ली के ओल्ड राजेंद्र नगर में बेसमेंट में चल रहे सेल्फ स्टडी सेंटर में डूबने से दो छात्रा व एक छात्र की मौत की घटना के बाद नगर निगम ने मुखर्जी नगर में बड़ी कार्रवाई की। नगर निगम ने राजधानी दिल्ली की फेमस आईएएस कोचिंग एकेडमी में शामिल दृष्टि आईएएस (मेसर्ज दृष्टि-द विजन) के नेहरू विहार स्थित बड़े सेंटर को सील कर दिया। इस कोचिंग सेंटर के मालिक विकास दिव्यकीर्ति हैं। इस कार्रवाई के बाद पटना में भी कोचिंग सेंटरों का निरीक्षण जारी है।

## अनुराग ठाकुर ने जाति पूछकर क्या गुनाह किया सदन में तीखी बहस के बाद आई गिरिराज की प्रतिक्रिया



**पटना, एजेंसी।**
अनुराग ठाकुर के बयान पर राहुल गांधी को अपमानित करने का विपक्ष के आरोप पर केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह का बयान सामने आया है। उन्होंने कहा कि अनुराग ठाकुर ने जाति पूछ के कौन सा गुनाह किया क्या अपमान है अनुराग ठाकुर ने सही तो पूछा है।

गिरिराज सिंह ने अनुराग ठाकुर के बयान का समर्थन करते हुआ आगे कहा कि कोई मुझसे जाति पूछे, धर्म पूछ तो क्या दिक्कत है, लेकिन मैं ही पूछता हूं, राहुल जी आप बताएंगे आपकी जाति क्या है आपका धर्म क्या है वो नहीं बताएंगे।

बीजेपी नेता अनुराग ठाकुर के बयान पर केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा, अनुराग ठाकुर ने पूछ के क्या गुनाह कर दिया सही तो पूछा। अगर कोई मुझसे जाति पूछे तो मुझे कोई दिक्कत नहीं। मैं पूछता हूं कि राहुल गांधी, आपकी जाति क्या है लेकिन वह अपनी जाति नहीं बताएंगे।

राहुल गांधी पर निशाना साधके हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इनका उद्देश्य हिंदुओं को गाली देना और सनातन को तोड़ना है। मां और बेटे (राहुल गांधी और सोनिया गांधी) का उद्देश्य भारत के सनातन को खंडित करना है।

दरअसल, लोकसभा में मंगलवार को अनुराग ठाकुर और राहुल गांधी के बीच जोरदार बहस हुई। सदन में जाति जनगणना पर चल रही बहस निजी टिप्पणियों तक पहुंच गई।

इस बीच अनुराग ठाकुर ने बिना किसी का नाम लिए कहा कि बहस के दौरान कहा कि जिनकी जाति का कुछ पता नहीं, वह भी जाति जनगणना की मांग कर रहे हैं। इसके बाद सदन में विपक्ष ने खूब हंगामा किया।

# कांग्रेस विधायक आरएस बाली और सीएम के करीबी ठिकानों पर मारी रेड

### फर्जी आयुष्मान कार्ड मामले में ईडी का बड़ा एक्शन




**शिमला, एजेंसी।**
बाली नगरोटा से कांग्रेस विधायक और हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष और हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष भी हैं। अधिकारियों ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के करीबी सहयोगी, श्री बालाजी अस्पताल, कांगड़ा के डॉ. राजेश शर्मा के परिसरों पर भी तलाशी ली जा रही है। मामले में ईडी की मनी लॉन्ड्रिंग जांच हिमाचल प्रदेश राज्य सतर्कता और भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसवी और एसीबी), ऊना द्वारा दर्ज की गई पहली सूचना रिपोर्ट (एफआईआर) से सामने आई है।

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने फर्जी आयुष्मान भारत एबी-पीएमजेएवाई आईडी कार्ड बनाने और उल्लंघन से संबंधित एक मामले में बुधवार को कांग्रेस विधायक आरएस बाली सहित दिल्ली, चंडीगढ़, पंजाब और हिमाचल प्रदेश में 19 स्थानों पर तलाशी ली। मामले से अवगत अधिकारियों ने कहा कि यह योजना बांके बिहारी अस्पताल, फोर्टिस अस्पताल और अन्य सहित कई अस्पतालों के खिलाफ है। अधिकारियों ने कहा कि कई मौकों पर फर्जी कार्डों का उपयोग करके मेडिकल बिल तैयार किए गए हैं, जिससे सरकारी खजाने और जनता को नुकसान हुआ है।

बाली नगरोटा से कांग्रेस विधायक और हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष और हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष भी हैं। अधिकारियों ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के करीबी सहयोगी, श्री बालाजी अस्पताल, कांगड़ा के डॉ. राजेश शर्मा के परिसरों पर भी तलाशी ली जा रही है। मामले में ईडी की मनी लॉन्ड्रिंग जांच हिमाचल प्रदेश राज्य सतर्कता और भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसवी और एसीबी), ऊना द्वारा दर्ज की गई पहली सूचना रिपोर्ट (एफआईआर) से सामने आई है।

एक अधिकारी ने कहा कि मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) की जांच से पता चला कि बांके बिहारी अस्पताल के अलावा, फोर्टिस अस्पताल, श्री बालाजी अस्पताल, सूद नर्सिंग होम और श्री हरिहर अस्पताल आदि ने एबी-पीएमजेएवाई योजना का अवैध लाभ उठाया। उन्होंने कहा कि जांच के दौरान, 373 फर्जी आयुष्मान कार्डों की पहचान की गई, जिसमें उक्त आयुष्मान कार्ड लाभार्थियों को दिए गए उपचार के नाम पर सरकार से प्रतिपूर्ति के लिए लगभग 40,68,150 रुपये का दावा किया गया था।

## ब्रिटिश-पाकिस्तानी उपदेशक को उम्रकैद की सजा, आतंकी संगठन को चलाने का था आरोप

**लंदन एजेंसी।** ब्रिटिश-पाकिस्तानी उपदेशक अंजेम चौधरी को आतंकवादी संगठन को निर्देशित करने के लिए आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। बता दें कि 57 साल के अंजेम चौधरी को पिछले हफ्ते अल-मुहाजिरौन (एएलएम) को निर्देशित करने के लिए दोषी ठहराया गया था। एएलएम पर एक दशक पहले प्रतिबंध लगा दिया गया था। न्यायाधीश मार्क वॉल ने ब्रिटिश-पाकिस्तानी उपदेशक के लिए आजीवन कारावास की सजा का एलान किया,जिसकी न्यूनतम अवधि 28 साल होगी। इसके मुताबिक, उन्हें 28 साल से पहले पैरोल तक नहीं मिल पाएगी। जज ने चौधरी से लंदन के वूलविच क्राउन कोर्ट में कहा कि एएलएम जैसे संगठन ऑनलाइन बैठकों के माध्यम से हिंसा को सामान्य बनाते हैं। जज ने संगठन को लेकर आगे कहा, उनका मकसद उन लोगों को कार्य करने के लिए साहस देना है, जो उनके सदस्य हैं। वे उन लोगों के बीच दरार पैदा करते हैं, जो आपस में एकता बनाकर रहते हैं और जो शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व में एक साथ रह सकते थे और रहेंगे। अभियोजक टॉम लिटिल के अनुसार, जब संगठन के लीडर को 2014 में लेबनान की जेल में डाल दिया गया, उसके बाद अंजेम चौधरी इस संगठन का केयरटेकर अमीर बन गया। ब्रिटेन, संयुक्त राज्य अमेरिका और कनाडा की पुलिस ने एक संयुक्त जांच के बाद सबूत इकट्ठा किया। सबूत के मुताबिक, चौधरी न्यूयॉर्क में स्थित अनुयायियों के साथ ऑनलाइन भाषणों के माध्यम से न्यूयॉर्क में एएलएम चला रहे थे और निर्देशित कर रहे थे। अभियोजकों ने कहा कि समूह ने कई नामों के तहत काम किया है, इस समूह ने न्यूयॉर्क स्थित इस्लामिक थिंकर्स सोसाइटी समेत कई नामों के साथ काम किया।

## कौन होगा अगला राष्ट्रपति? प्रसिद्ध ज्योतिषी ऐमी ट्रिप ने की भविष्वाणी



**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव 2024 को लेकर एक प्रसिद्ध ज्योतिषी ऐमी ट्रिप ने भविष्यवाणी की थी कि मौजूदा राष्ट्रपति जो बाइडेन अपने चुनावी अभियान को छोड़ देंगे, अब उन्होंने अगले अमेरिकी राष्ट्रपति के बारे में भी भविष्यवाणी की है। 40 वर्षीय ऐमी ट्रिप ने बताया कि डोनाल्ड ट्रंप बाइडेन के बाद अमेरिका के राष्ट्रपति बन सकते हैं, जैसा कि न्यू यॉर्क पोस्ट की रिपोर्ट में कहा गया है। ट्रिप को इंटरनेट की सबसे विवादित ज्योतिषी के रूप में जाना जाता है और उन्होंने कहा कि ट्रंप का सूर्य उनके करियर के ऊंचाई पर है, जो एक रियल एस्टेट मोगुल के लिए उपयुक्त है। ट्रिप के अनुसार, जो बाइडेन का राष्ट्रपति पद छोड़ने का भविष्यवाणी की गई तिथि 21 जुलाई थी, और उन्होंने यह भी भविष्यवाणी की कि ट्रंप चुनाव जीतेंगे। ट्रिप ने जुलाई 11 को अपने आधिकारिक एक्स (पूर्व में ट्विटर) हैंडल पर लिखा था कि यदि बाइडेन को पद छोड़ना पड़ा, तो यह मकर राशि के पूर्ण चंद्रमा पर होगा, क्योंकि मकर राशि सरकार और बुजुर्गों को नियंत्रित करती है।


पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप, जिन्हें इस महीने एक असफल हत्या के प्रयास का शिकार होना पड़ा था, के बारे में ट्रिप ने कहा कि उनके लिए और भी पागल घटनाएँ हो सकती हैं। वाइस प्रेसिडेंट कमला हैरिस ने हाल ही में एक फंडरेज़र के दौरान रिपब्लिकन राष्ट्रपति उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप की आलोचना की और कहा कि वे अमेरिकी स्वतंत्रता को वापस लेना चाहते हैं। हैरिस ने पिट्सफील्ड, मैसाचुसेट्स में 1.4 मिलियन यूएस डालर से अधिक जुटाने की उम्मीद जताई, जो बाइडेन के दौड़ से बाहर होने के बाद निर्धारित लक्ष्य से .1 मिलियन अधिक है। डोनाल्ड ट्रंप ने हाल ही में कहा कि वे बाहरी रैलियों को जारी रखेंगे, भले ही यूएस सीक्रेट सर्विस ने हत्या के प्रयास के बाद ऐसा करने की सलाह दी थी।

# कमला हैरिस का ट्रंप को बड़ा चैलेंज, क्या होगा रिपब्लिकन का जवाब

**वाशिंगटन, एजेंसी।** बाइडेन के सहयोगियों को उम्मीद थी कि राष्टपति अपनी उम्र को लेकर बनी हुई चिंता को दूर करने के लिए प्रभावशाली प्रदर्शन कर दिखाएंगे। इसके लिए डिबेट में कई बदलाव भी करवाए गए। उनका यह सपना टूट गया। बाइडेन अपने फैसलों का बचाव करते दिखे। ट्रम्प प्रवासियों जैसे 30 अहम मुद्दों पर पूरे जोश से झूठ बोल गए।

डेमोक्रेटिक पार्टी की कमला हैरिस ने एक्स पर एक पोस्ट किया है। डोनाल्ड ट्रंप को चुनौती दी गई है। कमला हैरिस ने कहा कि मुझे उम्मीद है कि बहस पर पुनर्विचार किया जाएगा। डोनाल्ड ट्रंप के पास कहने के लिए कुछ नहीं है। आपको बता दें कि अमेरिका में जब भी राष्टपति चुनाव होते हैं तो उसके पहले अलग अलग पार्टियों के उम्मीदवारों के बीच में डिबेट होती है। डोनाल्ड ट्रंप और जो बाइडेन के बीच में जुलाई के महीने में डिबेट हो चुकी है। जिसमें जो बाइडेन ट्रंप के मुकाबले कमतर नजर आए थे। बाइडेन के सहयोगियों को उम्मीद थी कि राष्टपति अपनी उम्र को लेकर बनी हुई चिंता को दूर करने के लिए प्रभावशाली प्रदर्शन कर दिखाएंगे। इसके लिए डिबेट में कई बदलाव भी करवाए गए। उनका यह सपना टूट गया। बाइडेन अपने फैसलों का बचाव करते दिखे। ट्रम्प प्रवासियों जैसे 30 अहम मुद्दों पर पूरे जोश से झूठ बोल गए।

अमेरिकी उपराष्टपति कमला हैरिस ने राष्टपति पद की दौड़ में अपने कदम आगे बढ़ा दिए हैं। उन्होंने सार्वजनिक रूप से रिपब्लिकन प्रतिद्वंद्वी और पूर्व राष्टपति डोनाल्ड ट्रम्प और उनके चल रहे साथी जेडी वेंस को डिबेट के स्टेज पर उनसे मिलने और उनकी चिंताओं को सीधे संबोधित करने की चुनौती दी है। उन्होंने रिपब्लिकन द्वारा अवरुद्ध किए गए सीमा सुरक्षा बिल को फिर से पेश करने का भी वादा किया




और कीमतों में बढ़ोतरी और लागत कम करने के लिए प्रतिबद्धता जताई। जॉर्जिया में एक कार्यक्रम के दौरान हैरिस ने इस दौरान कहा कि तो, वह (ट्रम्प) बहस नहीं करेंगे। लेकिन ऐसा लगता है कि उनके और उनके साथी (जेडी वेंस) के पास मेरे बारे में कहने के लिए बहुत कुछ है। और वैसे, क्या आपको उनकी कुछ बातें बस नहीं लगतीं बिल्कुल अजीब ठीक है, डोनाल्ड, मुझे उम्मीद है कि आप बहस के मंच पर मुझसे मिलने पर पुनर्विचार करेंगे। क्योंकि, जैसा कि कहा जाता है, %अगर आपके पास कहने के लिए कुछ है, तो इसे मेरे चेहरे पर कहें। हैरिस ने आधिकारिक तौर पर 5 नवंबर के चुनावों के लिए अपनी उम्मीदवारी की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि उनके मैदान में आने के बाद रेस की गति बदल गई है। उन्होंने यह भी कहा कि ट्रम्प ने सितंबर में उस बहस से खुद को अलग कर लिया था जिसके लिए वह पहले सहमत हुए थे जब बिडेन दौड़ में थे। अभियान के अनुसार, एक प्रमुख युद्धक्षेत्र राज्य अटलांटा में उनकी रैली में लगभग 10,000 लोग शामिल हुए।कहा जाता है।

### इमरान खान की पत्नी बुशरा बीबी सेना मुख्यालय पर हमले समेत 11 मामलों में संदिग्ध

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** रावलपिंडी जिला पुलिस ने मंगलवार को इस्लामाबाद उच्च न्यायालय को बताया कि जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पत्नी बुशरा बीबी को पिछले साल नौ मई को सेना मुख्यालय पर हुए हमले सहित 11 मामलों में संदिग्ध के रूप में नामित किया गया है। उच्च न्यायालय में रावलपिंडी पुलिस द्वारा पेश की गयी एक रिपोर्ट में 49 वर्षीय बुशरा के खिलाफ दर्ज मामलों का विवरण दिया गया है, वह और उनके पति खान रावलपिंडी की अदियाला जेल में बंद हैं। न्यायालय ने अधिकारियों को उनके (बुशरा) खिलाफ दर्ज मामलों के बारे में विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराने का आदेश दिया था।

सुनवाई के दौरान राष्टीय जवाबदेही ब्यूरो (एनएबी) के अभियोजक ने भी अदालत के आदेशानुसार जवाब प्रस्तुत किया। इसमें खुलासा किया गया कि उनके खिलाफ एनएबी में चार मामले दर्ज किए गए हैं।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129